डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹ 80200 10 ग्राम
₹ 100000 01 किलो
सेंसेक्स 77,311.80 -548.39
डॉलर 87.477 -0.158

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

माघ शुक्ल पक्ष 14, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), मंगलवार, 11 फरवरी 2025, वर्ष-31, अंक-118, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 जसप्रीत बुमराह एनसीए में गेंदबाजी...

## एक नजर

### मुकेश सोनी गोलीकांड का उद्भेदन, एक गिरफ्तार

**चतरा।** शहर के बाजार टाड़ निवासी मुकेश सोनी को गोली मारने की घटना का उद्भेदन करते हुए घटना में शामिल मुख्य आरोपी प्रिंस यादव उर्फ प्रिंस कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय ने समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। उन्होंने बताया कि एसडीपीओ संदीप कुमार के नेतृत्व में गठित एसआईटी टीम में शामिल विपिन कुमार सदर थाना प्रभारी ने प्रिंस यादव 21 वर्ष, पिता अमेरिका यादव, वर्तमान पता पंचवा मोहल्ला थाना सदर और स्थाई पता कोलकोले थाना लावालौंग, जिला चतरा को गिरफ्तार किया है। 14 जनवरी की रात सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बाजार टाड़ निवासी मुकेश सोनी को उनके घर के पास मोटरसाइकिल पर सवार हथियारबंद अपराधियों ने गोली मार दी थी। इसके बाद उन्हें गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बाद में उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया था। घायल मुकेश की मां माला रानी देवी के लिखित आवेदन पर सदर थाना में चार नामजद व दो अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एसडीपीओ सदर के नेतृत्व **शेष पेज 11 पर**

### पत्नी की हत्या के आरोपी पूर्व एसडीओ भेजे गए जेल

हजारीबाग। हजारीबाग के तत्कालीन एसडीओ अशोक कुमार को सोमवार को जेल भेज दिया गया। उनपर अपनी पत्नी की हत्या का आरोप है। ज्ञात हो कि पूर्व एसडीओ अशोक कुमार को रविवार की देर शाम लोहसिंघना पुलिस ने रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया था। सोमवार को पुलिस ने उन्हें कोर्ट में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। अशोक कुमार की गिरफ्तारी को लेकर कोर्ट ने वारंट जारी किया था। ज्ञात हे कि 26 दिसंबर 2024 की सुबह झील परिसर स्थित एसडीओ अशोक कुमार के सरकारी आवास में उसकी पत्नी अनिता कुमारी गंभीर रूप से आग से झुलस गई थीं। इलाज के लिए उन्हें तत्काल हजारीबाग के आरोग्य अस्पताल ले जाया गया।

# पलामू जिले में मैट्रिक और इंटर परीक्षा के लिए सख्त तैयारी, कदाचार पर होगी कड़ी कार्रवाई

- आज से 3 मार्च तक होगी परीक्षा, 67,262 परीक्षार्थी होंगे शामिल
- परीक्षा केंद्रों में मोबाइल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण रहेंगे प्रतिबंधित
- प्रशासन ने उड़नदस्ता, गश्ती दंडाधिकारी और नियंत्रण कक्ष किए तैनात
- कदाचार पर झारखंड परीक्षा संचालन अधिनियम 2001 के तहत होगी कड़ी कार्रवाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची द्वारा आयोजित मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा 11 फरवरी से 3 मार्च 2025 तक चलेगी। इस परीक्षा में पलामू जिले के 67,262 परीक्षार्थी शामिल होंगे, जिनमें 34,665 छात्र मैट्रिक और 32,597 इंटरमीडिएट परीक्षा देंगे। परीक्षा के लिए जिले में कुल 76 केंद्र मैट्रिक और 40 केंद्र इंटरमीडिएट के लिए निर्धारित किए गए हैं। उपायुक्त शशि रंजन के निदेर्शानुसार, परीक्षा को कदाचार मुक्त और निष्पक्ष बनाने के लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। उड़नदस्ता दल, गश्ती दंडाधिकारी, स्टैटिक दंडाधिकारी और पुलिस बल को तैनात किया गया है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला स्तर पर दो नियंत्रण कक्ष भी बनाए गए हैं। पहला नियंत्रण कक्ष अपर समाहर्ता कार्यालय में स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नंबर 06562-228008 है, और दूसरा जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में कार्यरत रहेगा। परीक्षा केंद्रों में मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने और समझने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय मिलेगा। उपायुक्त ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की **शेष पेज 11 पर**

# पलामू संसदीय क्षेत्र को रेलवे सुविधाओं की सौगात

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नई दिल्ली में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर पलामू संसदीय क्षेत्र में यात्री सुविधाओं के विस्तार एवं रेलवे योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में रेल मंत्री ने कई महत्वपूर्ण मांगों पर सकारात्मक रुख दिखाया। सांसद विष्णु दयाल राम ने जानकारी देते हुए बताया कि रेल मंत्री ने त्रिवेणी लिंक एक्सप्रेस को पुनः प्रारंभ करने या उसके स्थान पर लखनऊ तक जाने वाली एक नई ट्रेन संचालित करने के प्रस्ताव पर सहमति जताई। साथ ही रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 18635/18636) में यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए 1 एसी चेयर कार एवं



3 सामान्य कोच की संख्या बढ़ाने का आश्वासन दिया। इसके अलावा, पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पलामू जिले के डाली, कजरात नावाडीह, लहरबंजारी और गढ़वा जिले के कुम्भी मेराल में लो हाइट सबवे के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई। इस बैठक की जानकारी पलामू सांसद के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।

# अंबिकापुर से आरा जा रही बस हरिहरगंज में पलटी, 24 घायल

- बस में सवार यात्रियों ने बताया कि वाहन पहले से अनियंत्रित था
- स्थानीय लोगों ने घायलों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया
- छह यात्रियों को रेफर किया गया
- पुलिस ने मामले की जांच शुरू की, चालक फरार



**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर से यात्रियों को लेकर बिहार के आरा जा रही एक यात्री बस सोमवार सुबह हरिहरगंज में पलट जाने से लगभग 24 यात्री घायल हो गए। एक दर्जन की हालत गंभीर बताई जा रही है। इनमें से छह यात्रियों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। हरिहरगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सभी का प्रारंभिक इलाज किया गया। दुर्घटना में किसी का पैर टूट गया है तो किसी के सिर में गंभीर चोट लगी है। घायल ज्यादातर यात्री बिहार के रहने वाले हैं। घटनास्थल पर चीख पुकार मची रही। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई है। चालक मौके से फरार बताया जाता है। बस स्लीपर थी। जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे 139 पंडवा मोड़-औरंगाबाद मुख्य पथ पर सोमवार सुबह अंबिकापुर से शिवम बस यात्रियों को लेकर बिहार के आरा जा रही थी। बस में लगभग 60 यात्री सवार थे। यात्रियों के अनुसार बस कई किलोमीटर पहले से अनियंत्रित होकर चल रही थी। कभी दांए कभी बाएं हो रही थी। ऐसा लग रहा था कि चालक नींद में गाड़ी चला रहा है। जैसे ही बस हरिहरगंज के सुल्तानी गांव में शिवालिया कंस्ट्रक्शन कंपनी के कैंप के सामने पहुंची। अचानक बस डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई। बस के दो तल्ला रहने के कारण नीचे ऊपर यात्री सवार थे। कुछ यात्री स्लीपर में सो रहे थे। बस के पलटते ही यात्रियों में चीख पुकार **शेष पेज 11 पर**

### सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के चार लोग घायल

**बसिया (गुमला)।** बसिया थाना क्षेत्र के बनागुटू गांव के समीप रविवार रात देर रात करीब अज्ञात बोलेरो ने यात्रियों से भरे ऑटो को टक्कर मारने से ऑटो सवार एक ही परिवार के कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में घुनसेरा निवासी आरती कुमारी (11), कामेश्वर सिंह (40), करण सिंह (31), सिधमा निवासी सुमित सिंह (25) शामिल हैं। सभी लोग सिधमा से घुनसेरा गांव की ओर जा रहे थे। इस दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद आरती कुमारी,कामेश्वर सिंह, सुमित सिंह को बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला रेफर कर दिया गया है।

# चरही में सड़क हादसा, रांची की तीन महिला श्रद्धालुओं की मौत

- महाकुंभ स्नान कर लौट रही थीं रांची
- पांच महिलाएं और चालक घायल





**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** प्रयागराज महाकुंभ मेले से स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं का बोलेरो वाहन हजारीबाग के चरही के बिरसा मैदान के पास सोमवार की सुबह दुर्घनाग्रस्त हो गई। इसमें तीन महिलाओं की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं, चालक और पांच महिलाएं घायल हो गई हैं। मृत महिलाएं रांची की निवासी थीं।

घटना की जानकारी मिलते ही चरही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसबीएमसीएच) हजारीबाग भेज दिया। वहीं, घायलों को भी एसबीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, आशा देवी, संजू देवी, सोनी देवी की मौत हो गई है। तीनों रांची निवासी है। घायलों में रंजू देवी, उमा देवी, बुंडू, पुनीता देवी, अंशिता देवी मांडर रांची और ज्योति देवी रांची की बताई गई हैं।

## आज कल

### तीसरी आंख





प्रधानमंत्री मोदी ने विद्यार्थियों को दिया आत्मविश्वास का मंत्र, कहा-

# स्वयं को दें चुनौती और तय करें अपना लक्ष्य

**परीक्षा पे चर्चा**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली की प्रतिष्ठित सुंदर नर्सरी में सोमवार को 'परीक्षा पे चर्चा' (पीपीसी) के 8वें संस्करण के दौरान देशभर के विद्यार्थियों से बात की। उन्होंने व्यक्तित्व में सुधार और खामियों को दूर करने में चुनौती को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी खुद को चुनौती दें और अपना एक लक्ष्य निर्धारित करें। लक्ष्य को प्राप्त करने से आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि परीक्षाएं ही सब कुछ नहीं हैं। उन्होंने ज्ञान और परीक्षा को दो अलग-अलग चीज बताया। उन्होंने कहा कि किसी को भी परीक्षा को अंतिम लक्ष्य नहीं समझना चाहिए। उन्होंने लोगों से **शेष पेज 11 पर**

झारखंड को मिले 28 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव

# उद्योग लगाने के लिए दें बेहतर माहौल : तिवारी

- मुख्य सचिव ने कहा- 'सिंगल विंडो सिस्टम को ज्यादा कारगर और पारदर्शी बनाएं'
- 17 हजार से ज्यादा लोगों को मिलेगा रोजगार



**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** कोलकाता में पिछले सप्ताह संपन्न इंवेस्टर्स मीट में झारखंड को मिले 28 हजार 306 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव को लेकर मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सोमवार को उद्योग निदेशालय के साथ हाई पावर कमिटी की बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि उद्योग निदेशालय राज्य में उद्योग लगाने के लिए उद्यमियों को बेहतर माहौल दे। मुख्य सचिव तिवारी ने कहा, सिंगल विंडों सिस्टम को ज्यादा कारगर और पारदर्शी बना कर हम झारखंड में जहां नए उद्योगों को आकर्षित कर सकते हैं, वहीं पहले से चल रहे उद्योगों को नई उर्जा दे सकते हैं। उन्होंने उद्योग निदेशालय को अपनी क्षमता में वृद्धि करने और कमियों को दूर करने पर बल देते हुए राज्य के संसाधन **शेष पेज 11 पर**

### सीएम हेमंत सोरेन का प्रयास लाया रंग



झारखंड में निवेश को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का प्रयास रंग लाने लगा है। पिछले सप्ताह कोलकाता में संपन्न इंवेस्टर्स मीट में मुख्यमंत्री और उद्योगपतियों के साथ बैठक के बाद झारखंड को 28,306 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले। निवेशक झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उत्पादन इकाई लगाने के लिए इच्छुक हैं। इनमें से कुछ के प्रस्ताव स्वीकृत भी किए जा चुके हैं।

## इंडिया

# सपनों के देश की डरावनी यादें और झारखंड



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

अमेरिका और कनाडा में बसे पंजाब के अलावा अन्य राज्यों के लोगों की समृद्धि की कहानियां भारत में परिकथाओं की तरह सुनाई जाती हैं जैसी कहानियां देश के पिछड़े राज्यों सहित पड़ोसी बांग्लादेश तक से जोखिम उठाकर पलायन करने को मजबूर करती हैं। झारखंड आनेवाले बहुत हैं तो झारखंड से मौसमी और स्थायी पलायन करने वालों की संख्या लाखों में है । अमृतसर में उतरे अमेरिकी सैन्य विमान ने 104 भारतीय प्रवासियों को कथित रूप से चेन से बांधकर वापस भेजने के कारण बहुत चर्चा हुई। पर क्यों अपना राज्य या देश छोड़कर युवा भारतीयों द्वारा अपनी जान, हाथ-पैर और बैंक-बैलेंस को जोखिम में डालकर 'सुनहरे सपने' को साकार करने जाते हैं और क्या इसके लिए सरकारें जिम्मेदार नहीं हैं ? इनमें से कई तो अमेरिका पहुंच ही नहीं सके और बीच में ही अपनी जान गंवा बैठे जैसे देश के अंदर लाखों का शोषण होता है लाखों झारखंडी आदिवासी बालाओं का पता नहीं वे कहां गईं। चर्चित मामले में पहली बार है कि ज्यादातर निर्वासित लोग भारत के समृद्ध राज्यों से हैं। गुजरात (33), हरियाणा (34) और पंजाब के तीस लोग हैं, कुछ लोग उत्तर प्रदेश एवं महाराष्ट्र के भी हैं। 48 निर्वासित भारतीय 25 वर्ष से कम उम्र के हैं। इनमें 25 महिलाएं एवं 12 नाबालिग भी हैं, जिनमें एक चार वर्ष का बच्चा भी है। भारत सरकार ने कहा है कि वह अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे सभी भारतीय नागरिकों की पहचान करने और उनके विवरण की पुष्टि करने के बाद उन्हें वापस भेजने के लिए ट्रंप प्रशासन के साथ सहयोग करने की योजना बना रही है। अमेरिका में करीब 7,25,000 भारतीय बिना दस्तावेज के हैं? और जिन लोगों को पहले चरण में वापस भेजा गया है, वह एक छोटी संख्या है। इनकी कहानियों में एक बात समान है-इनके सिर्फ सपने ही नहीं टूटे हैं, बल्कि ये भारी कर्ज में भी डूब गए हैं। इन निर्वासितों में से कई ने अमेरिका में अवैध प्रवेश के लिए लाखों रुपए खर्च किए, इस उम्मीद में कि अंततः उन्हें कानूनी दर्जा मिल जाएगा। कई अन्य वैध दस्तावेज पर अमेरिका में प्रवेश तो कर गए, लेकिन वीजा अवधि खत्म होने के बाद भी वहीं टिके रहे। निर्वासित भारतीयों के परिवारों ने कर्ज लिया, अपनी जमीनें एवं घर बेचे और अपमान झेलने के अलावा अब वे इस बात को लेकर चिंतित हैं कि इतनी बड़ी रकम कैसे चुकाई जाए। परिवारों ने अपने युवाओं को



ह्यडंकी रूटह्व से विदेश भेजने के लिए एजेंटों को 40 से 60 लाख रुपए तक दिए थे, कई मामलों में तो यह रकम एक करोड़ या इससे ऊपर भी है। लेकिन यह कदम उल्टा पड़ गया। पंजाब के कपूरथला जिले के बहबल गांव का युवा गुरप्रीत सिंह मात्र छह महीने पहले अमेरिका गया था। उसके परिजनों का कहना है, 'हमने अपना घर खो दिया, रिश्तेदारों, दोस्तों और अन्य लोगों से 45 लाख रुपए ऋण लिया। अब हम तभी बच सकते हैं, जब सरकार हमारी मदद करे। अन्यथा सब खत्म हो जाएगा।' 'उत्तरी गुजरात के मेहसाणा, गांधीनगर, पाटन और बनासकांठा जिलों के विभिन्न गांवों के कुल 33 लोगों को निर्वासित किया गया है।' मेहसाणा जिले में खेरवा, जोरारनंग और मेउ गांवों को तो 'डोलारियो विस्तार' (डॉलर क्षेत्र) के रूप में जाना जाता है, क्योंकि इन गांवों से बड़ी संख्या में लोग वर्षों से विदेश में बस गए हैं। निर्वासित लोगों के परिवार सदमे में हैं और यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि उनके बच्चों के डॉलर के सपने कैसे टूट गए। अवसाद में डूबे ये भारतीय, जिनके सपने धूमिल हो गए हैं, क्या लालच के प्रतीक हैं या ये युवा केवल अन्य लाखों लोगों की तरह बेहतर अवसर की तलाश में विदेश गए थे? विदेशी धरती पर कानून के उल्लंघन के कारण इनके साथ हुई घटनाएं दिल दहला देने वाली हैं।कहा जा रहा है कि बेरोजगारी और कम वेतन के कारण समृद्ध राज्यों के युवा भी देश छोड़कर अमीर देशों में जाने को मजबूर हैं। लेकिन करोड़ों रुपए खर्च कर अमेरिका पहुंचने के सपने देखने वाले इतने भी कम सामर्थ्यवान नहीं रहे होंगे। दरअसल, बहुत से लोग सोचते हैं कि अगर वे किसी तरह वहां पहुंच गए, तो वे अंततः वहां के नागरिक बन जाएंगे। यह बहुत ज्यादा अज्ञानता और भोलापन दर्शाता है। बढ़ती गलाकाट प्रतिस्पर्धा की दुनिया में हर देश सिर्फ अपने बारे में सोच रहा है, और अमीर देश बैरिकेड्स लगाकर संरक्षणवादी बन रहे हैं। भारत को इस समस्या की जड़ को खत्म करने के बारे में कदम उठाना चाहिए। कानूनी दस्तावेजों के बिना दूसरे देशों में जीवन हमेशा जोखिम भरा होता है। अगर जीवन है, तो उम्मीद भी है। उम्मीद है कि ये युवा समाज में फिर से शामिल हो जाएंगे और उन्हें ऐसा काम मिल जाएगा, जिससे वे जीवनयापन करने में सक्षम हों। उम्मीद है कि वे हासिल करने लायक सपनों और तबाही लाने वाले झूठे सपनों के बीच अंतर करना सीख जाएंगे और झूठे सपनों के सौदागरों से सावधान रहेंगे।

नागरिक सुरक्षा की दिशा में हेमंत सरकार की महत्वपूर्ण पहल

# रांची में लगाए गए 50 इमरजेंसी कॉल बॉक्स

- आपात स्थिति में बटन दबाते ही दिलाई जाएगी त्वरित मदद
- राजधानी के महत्वपूर्ण चौराहों पर लगा पीले रंग का बॉक्स





**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** हेमंत सोरेन सरकार ने नागरिक सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन ने राजधानीवासियों की सुरक्षा को लेकर कई इंतजाम किए हैं। जहां कमांड कंट्रोल एंड कम्युनिकेशन सेंटर की मदद से पूरे शहर में स्वचालित यातायात प्रबंधन किया जा रहा है, वहीं अपराध नियंत्रण और उसके खुलासे में भी कमांड सेंटर से मदद ली जा रही है।

अब आपात स्थिति में सहायता के लिए भी व्यवस्था की गई है। अगर कोई व्यक्ति किसी आपात स्थिति में फंस जाए, जैसे कि सड़क से गुजरने के दौरान उसके साथ या किसी अन्य व्यक्ति के साथ कोई दुर्घटना हो जाए, तो वह अब सीधे सरकार की एजेंसियों से जुड़ सकता है। इसके लिए रांची शहर के महत्वपूर्ण 50 चौक-चौराहों पर पीले रंग का इमरजेंसी कॉल बॉक्स लगाया गया है। इस बॉक्स में लगे 'लाल बटन' के दबाते ही कमांड कंट्रोल सेंटर से **शेष पेज 11 पर**

## एक नजर

### शिक्षक का पांच सौ रुपये वसूलने का वीडियो वायरल

**उंटारी रोड।** प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय डेवडर के शिक्षक रामप्रवेश सिंह द्वारा साइकिल दिलवाने के नाम पर पांच-पांच सौ रुपये की वसूली का मामला प्रकाश में आया है। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। युवा समाज सेवी सह झामुमो नेता अजय कुमार गुप्ता ने एक्स के माध्यम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अवगत कराने पर सीएम ने तत्काल संज्ञान लेते हुए पलामू डीसी को जांच कर कार्रवाई का आदेश दिया है। उपायुक्त के आदेश पर प्रखंड के बीडीओ ने पूरे मामले की जांच की है। इधर अपने उपर लगे अरोप पर शिक्षक रामप्रवेश सिंह ने कहा कि किसी साजिश के तहत मुझे फंसाया जा रहा है। उनके उपर लगे आरोप बेबुनियाद है।

### मैट्रिक परीक्षा में शामिल होंगे 4 स्कूलों के 477 परीक्षार्थी

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित स्थानीय पीएमश्री अपग्रेडेड प्लस टू उच्च विद्यालय में स्थापित मैट्रिक के परीक्षा केंद्र में 4 विभिन्न स्कूलों 477 परीक्षार्थी शामिल होंगे। केंद्राधीक्षक सह प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि इस केंद्र में उत्तर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय के 158, कैलाश सिंह उच्च विद्यालय के 177, अपग्रेडेड हाईस्कूल रानीदेवा और सोनबरसा के क्रमशः 40 व 102 परीक्षार्थी शामिल होंगे। वहीं, गृह विद्यालय के परीक्षार्थियों के बीच एडमिट कार्ड का वितरण किया जा चुका है। इसकी जवाबदेही शारीरिक शिक्षक प्रियहित सोनी को दी गई है। जिन परीक्षार्थियों को अबतक एडमिट कार्ड नहीं उपलब्ध हो सका है, वे उनसे संपर्क स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा आरंभ होने की तिथि 11 फरवरी से तय है, मगर विषयवार शेड्यूल से मैट्रिक परीक्षा 17 फरवरी से शुरू होगी। इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गई है।

### ग्राम सभा 13 को

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय पंचायत में सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत आगामी 13 फरवरी गुरुवार को ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। ग्राम सभा मुखिया कमला देवी की अध्यक्षता में पूर्वाह्न 11 बजे से पंचायत सचिवालय (सामुदायिक भवन, सिंचाई कॉलोनी) में आयोजित की जाएगी। पंचायत सचिव अविनाश कुमार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए आमजन और पंचायत प्रतिनिधियों से ग्राम सभा में भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

# शटल ट्रेन परिचालन रद्द होने से 25 स्टेशनों के यात्रियों को पांच घंटे तक दूसरे ट्रेन का करना पड़ा इंतजार

## ट्रेन स्थगित करने से पूर्व यात्रियों को नहीं मिली सूचना

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू रेल मंडल के बीडी सेक्शन पर दैनिक बरवाडीह से डेहरी ऑन सोन तक नियमित चलने वाली शटल पैसेंजर ट्रेन नं. 53349/53350 सोमवार को अचानक रद्द कर दी गई। इससे बरवाडीह से डेहरी ऑन सोन तक कुल 25 स्टेशनों के हजारों यात्रियों को चार से पांच घंटा तक मेमू ट्रेन आने का इंतजार करना पड़ा। इससे यात्रियों समेत उनके साथ बच्चों को समय पर उपयुक्त खाना पीना भी मुश्किल हो गया है। भाजपा कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि डीडीयू रेल मंडल का बीडी रेल सेक्शन पूर्व से ही यात्रियों असुविधाओं का घोर दंश अब तक झेलता रहा है। इस रेल



मार्ग पर जिला मुख्यालय मेदिनीनगर तक व्यावसायिक, कोर्ट कच हरी व अन्य कार्यों को लेकर जाने और पुनः वहां कामकाज निपटा कर घर आने के लिए यह ट्रेन लाइफलाइन के रुप में जानी जाती है। उन्होंने कहा कि पहले से ही यातायात की व्यापक कमी के बावजूद इस ट्रेन को महाकुंभ में भेजना और आम यात्रियों की सुगम और सुलभ यात्रा पर रेल प्रशासन का ग्रहण लगाना कहीं से भी उपयुक्त नहीं है। इससे विभिन्न स्टेशनों पर खड़े यात्रियों के बीच रेल प्रशासन की नीति की आलोचना भी होती रही है। सामाजिक युवा कार्यकर्ता अंकू सिंह राणा, अरुण कुमार मेहता, उपप्रमुख पप्पू कुमार पासवान, किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेमतोष सिंह, मुखिया संतोष कुमार सिंह, जितेन्द्र सिंह, कमल कुमार पासवान, सुदर्शन राम, पंचायत समिति सदस्य गुप्तेश्वर पांडेय, समाजसेवी सज्जू खान, राजू खान, अशरफ हसन आदि ने शटल ट्रेन रद्द करने की निंदा कर कहा कि इस ट्रेन का नियमित परिचालन अविलंब शुरू की जाये। उन्होंने कहा कि इस ट्रेन को रद्द करने से पहले सार्वजनिक सूचना भी नहीं दी गई। जिससे घर से निकल कर विभिन्न स्टेशनों के प्लेटफॉर्म पर व्यर्थ यात्रियों को फंसना पड़ गया।

### जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं जपला सीमेंट फैक्ट्री के गुण नियंत्रक

**मोहम्मदगंज।** जपला सीमेंट फैक्ट्री में गुण नियंत्रक के पद पर कार्य कर चुके भजनियां गांव निवासी बुजुर्ग नथुनी मेहता (85) बीमार हालत की वजह से जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं। रिटायरमेंट के 9 महीने पहले ही फैक्ट्री के बंद हो जाने के कारण उन्हें इतने महीनों का वेतन भी नहीं मिल सका था। न ही जीपीएफ। पेंशन मिलना तो दूर की बात है। ऐसी स्थिति में बेरोजगारी का दंश झेलते हुए वृद्धावस्था में पहुंचने के बाद बीमारी की हालत में उनका समय कैसे गुजर रहा है, सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। हालांकि उनकी सेवा में बड़े पुत्र चंद्रशेखर मेहता की ओर से कोई कमी नहीं की जाती है। मगर आर्थिक तंगी की वजह से बढ़िया अस्पताल में इलाज कराने में सक्षम नहीं हैं। चुस्त दुरुस्त रहने के दौरान उन्होंने न जाने कितने असाध्य रोगियों का बीएचयू में इलाज कराया होगा। समाज सेवा और राजनीतिक के क्षेत्र में भी सक्रिय रूप से काम किया।

# कुआं में मिला महिला का शव




**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के सोंस गांव में एक नव विवाहिता का शव कुएं में मिला है। शव सोंस गांव निवासी सोनू प्रजापति की 22 वर्षीय पत्नी संध्या देवी की है। शव का पंचनामा करते हुए पुलिस उसे पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया। घटना को लेकर मृतक के मायके वालों ने दहेज मामला में ससुराल वालों पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। मृतका की मां का कहना है कि ससुराल वाले बार-बार पैसे के मांग करते थे। गाड़ी नहीं देने का बराबर उलाहना देते थे। सास बोलती थी कि तिलक में गाड़ी देने के लिए बोला गया था पर नहीं दिया। दुर्गा पूजा के समय 20 हजार रुपए भी दिए थे। बावजूद वे लोग संध्या को मार दिए। संध्या के ससुर अरविंद प्रजापति का कहना है कि बिजली नहीं रहने के कारण बहु कुआं से पानी भरने गई थी। पैर फिसलने के कारण कुआं में गिर गई। थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# छत्तरपुर में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

## तीन निजी स्वास्थ्य संस्थानों पर छापेमारी, शो-कॉज नोटिस जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** छत्तरपुर अनुमंडल क्षेत्र में निर्धारित मानकों के विरुद्ध संचालित तीन निजी स्वास्थ्य संस्थानों पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। उपायुक्त-सह-पीसी एंड पीएनडीटी के अध्यक्ष शशि रंजन के निर्देश पर, अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार के नेतृत्व में सरईडीह रोड स्थित वर्मा हॉस्पिटल, मॉ ललिता हॉस्पिटल, और खुशी अल्ट्रासाउंड सेंटर में छापेमारी की गई। वर्मा हॉस्पिटल के जांच में पाया गया कि अस्पताल का निबंधन वैधता समाप्त हो चुकी है। बीडीएस डॉ. सुनील वर्मा (दंत चिकित्सक) द्वारा मरीजों के ऑपरेशन किए जा रहे थे, जो कि उनकी योग्यता के बाहर है। ऑपरेशन से पूर्व आवश्यक दस्तावेजों का संधारण भी नहीं किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान कोई भी पंजीकृत डॉक्टर उपस्थित नहीं थे, जिससे स्पष्ट होता है कि अस्पताल बिना वैध दस्तावेजों और योग्य डॉक्टरों के संचालित हो रहा था। मॉ ललिता




हॉस्पिटल के यहां भी अस्पताल का निबंधन वैधता समाप्त पाया गया। भर्ती मरीजों से संबंधित दस्तावेजों का सही संधारण नहीं हो रहा था। पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत अल्ट्रासाउंड किए जाने वाले लाभार्थियों के दस्तावेजों का भी उचित संधारण नहीं था, और संबंधित चिकित्सक मौके पर उपलब्ध नहीं थे। खुशी अल्ट्रासाउंड सेंटर के कर्मी पदाधिकारियों के पहुंचने से पहले ही केंद्र के जल्दबाजी में केंद्र बंद कर गायब हो गए। जानकारी मिली कि अल्ट्रासाउंड जांच केंद्र का न तो निबंधन है और न ही योग्य चिकित्सक द्वारा जांच की जाती है। उपायुक्त शशि रंजन ने बताया कि स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिले में बिना निबंधन या निबंधन वैधता समाप्त पाए जाने वाले अस्पतालों और अन्य संस्थानों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। तीनों संस्थानों के संचालकों को 48 घंटे के भीतर विस्तृत स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। स्पष्टीकरण असंतोषजनक या अप्राप्त रहने की स्थिति में कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस छापेमारी में अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, छत्तरपुर के अंचल अधिकारी, और उपाधीक्षक-सह-छत्तरपुर अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी शामिल थे।

### भजन कीर्तन से भक्तिमय बना वातावरण

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय महादेव विश्वकर्मा मंदिर में सोमवार को स्थापना दिवस पर भजन कीर्तन और भंडारे का आयोजन किया गया। इससे वातावरण भक्तिमय बना रहा। महिलाओं के समूह ने ढोलक-मंजीरा धुन पर भगवान शिव की महिमा की प्रस्तुति से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कभी उपेक्षित रहे इस क्षेत्र में भगवान महादेव व विश्वकर्मा के मंदिर की स्थापना के बाद से उसकी महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल के रूप में पहचान बन गई है। खासकर, विश्वकर्मा समाज के श्रद्धालुओं की आस्था का बड़ा केंद्र बन गया है। मौके पर 12 घंटे का अखंड कीर्तन भी शुरू किया गया, जिसकी मंगलवार को पूणार्हुति की जाएगी।

# विधायक प्रतिनिधि ने स्वास्थ्य केंद्र स्थित विजन सेंटर का किया निरीक्षण

### मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराए मरीजों से शुल्क वसूली मामले में की पूछताछ

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कुछ दिन पूर्व मोतियाबिंद के निःशुल्क ऑपरेशन के लिए लगाए गए शिविर में मरीजों द्वारा स्वास्थ्य कर्मियों पर शुल्क वसूल करने का आरोप लगाने का मामला सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इसके बाद मामले की पड़ताल करने विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र यादव सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित विजन सेंटर पहुंचे। वहां निरीक्षण के दौरान उन्होंने मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराए दर्जनों मरीजों व सहायक नेत्र चिकित्सक कुमार विनोद से मुलाकात कर पैसे वसूल करने के मामले में गहनता से पूछताछ की। मौके पर मौजूद मरीज



कोनवाई गांव निवासी भोला सिंह, इरुगू निवासी जागो देवी, होटाई निवासी बौद्ध भुइयां, कामत चंद्रपुर निवासी राम लखन सिंह ,आबुन निवासी करम सिंह, सीलदिलीया निवासी सोनी देवी, रतनपुर निवासी सुनैना देवी, सरईडीह निवासी शांति देवी, सीरम निवासी अनीता देवी, बानो राम,बेरू निवासी अताउल हक, नगर निवासी पुनीता देवी, राजमणिया देवी सहित अन्य मरीजों ने बताया कि निशुल्क मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए उनसे किसी तरह का शुल्क नहीं लिया गया है। ाक के उपर लगाए गए आरोप बे बुनियाद है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि ने पत्रकारों को बताया कि शुल्क वसूल करने के संबंध में जांच की गई। किसी भी मरीज ने सहायक नेत्र चिकित्सक को दोषी नहीं ठहराया व पैसे लेने की बात को बेबुनियाद बताया। उन्होंने सहायक नेत्र चिकित्सक कुमार विनोद समेत अन्य चिकित्सकों को और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया।

# ग्रामीण क्षेत्रों में नीलगाय का उत्पात



◂ खेतों में लगे तीन एकड़ गेहूं फसल सहित साग सब्जियों के पौधे को किया बर्बाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** प्रखंड क्षेत्र में नीलगायों का उत्पात चरम पर है। रात में अंधेरों की बात कौन कहे दिन के उजाले में भी नीलगायों की झुंड खेतों में पहुंच तांडव मचा रहे है। खेतों में लगी फसल को नीलगाय बर्बाद कर रहा है। इससे किसानों में मायूसी छाई हुई है। किसान ने खेतों में गर्मा फसल बड़े ही उत्साह के साथ लगाई थी। जंगलों से उतर रहे नीलगायों की झुंड इनकी खुशी व उत्साह को दर्द में डुबों दे रहे हैं। नावाबाजार प्रखंड के कंडा गांव निवासी गिरजा चंद्रवंशी के तीन एकड़ खेतों में लगे गेहूं के फसल को बर्बाद कर दिया। वन विभाग भी इसके प्रति गंभीर नहीं है। किसान गिरजा चंद्रवंशी मुआवजा को लेकर प्रखंड कार्यालय की दौड़ लगा रहे हैं। इतना ही नहीं दमारो, ब्रहमोरिया , चेचरिया, तुकबेरा, सरोना, बाना, रबदा आ गांव किसान राम गोविंद यादव, राकेश महतो, मोहन महतो, बद्री महतो, दयाल महतो आदि ने बताया कि सुखाड़ के कारण खरीफ व रबी की फसल नहीं हो पाया। फिर भी खेतों में सिंचाई की व्यवस्था कर गरमा फसल सहित साग सब्जी बीज खेतों में डाली गई है। जिस पर नीलगायों की नजर लग गई। बताया कि नील गाय की झुंड पूरे खेत में लगे फसल सहित साग सब्जी को तहस-नहस कर दे रहे हैं। फसल को बचाने के लिए किसान रात में अपने घरों में न सोकर खेतों में पहरेदारी करते फिर रहे हैं। रात में नीलगायों की झुंड खेतों में उतर रही है। इसे भगाने का किसानों की ओर से प्रयास किया जा रहा है। लेकिन नीलगायों की झुंड को देख लोग भयभीत हो रहे है। विश्रामपुर के कौड़ियां, गौरा, घरटिया, बरिगांवा, सेमरी, नौगढ़ा, पंजरी, तोलरा, कधवन, पिपरा, गुरी, भंडार, केतात, भंडार, बड़काबन आदि गांव के किसानों के खेत में लगे फसल को नीलगाय बर्बाद कर रहे है। नील गायों की आतंक से किसान परेशान है। शिकायत के बाद भी विभाग द्वारा इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। प्रखंड क्षेत्र में नीलगायों के हमले से आठ लोगों की मौत भी हो गई है। ऐसे में लोग इन से डर रहे हैं कि कहीं उनकी झुंड हमला न कर दे। इस तरह प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों किसान प्रभावित हैं।

# पंचायतवार राजस्व कैंप में भूमि संबंधित मामलों का निष्पादन शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी रणवीर कुमार के प्राप्त निर्देश के आलोक में प्रत्येक सप्ताह के सोमवार, गुरुवार और शनिवार को कैंप लगाकर भूमि समस्या संबंधित आवेदनों का निष्पादन करने के आदेश के तहत इसकी शुरूआत रामबांध पंचायत से की गई। इसका निरीक्षण अंचल आधिकारी ने किया। उन्होंने बताया कि कैंप में 10 आवेदन जमा कराए गए थे। उनकी मौजूदगी में एक मामले का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। अन्य मामलों का निष्पादन प्रक्रियाधीन हैं। मौके पर मुखिया अबूनसर सिद्दीकी, राजस्व उपनिरीक्षक प्रेमचंद कुमार, वार्ड सदस्य और अमीन भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि कैंप में राजस्व संबंधित कार्यों यथा-लगान रसीद, रैयत के नाम, खाता और प्लाट संख्या की त्रुटियों में सुधार करने का काम किया जा रहा है। चालू माह में पंचायतवार अलग-अलग तिथियों में आयोजित कैंप में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन किए जाएंगे। आदेशानुसार रामबांध के बाद पंसा में 13, कोल्हुआ-सोनबरसा 15, लटपौरी 17, गोड़ाडीह 20, मोहम्मदगंज 22, भजनियां 24 और 27 फरवरी को कादलकुर्मी पंचायतों में पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित कैंप में राजस्व उपनिरीक्षक, प्रभारी अंचल निरीक्षक और अमीन भूमि संबंधित मामलों का निष्पादन करेंगे। कार्यों में पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है।

## न्यूज बॉक्स

### छह दिनों से लापता युवक का शव सोन नदी तट से मिला

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के दंगवार ओपी अंतर्गत के डुमरहाथा गांव से कुछ दूरी पर स्थित सोन नदी तट से रविवार की देर शाम दंगवार ओपी पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। सोमवार की सुबह मृतक की पहचान मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के भजनियां गांव निवासी माला गोस्वामी के पुत्र राकेश गोस्वामी 25 वर्ष के रूप में की गई है। मृतक पिछले कई माह से काफी तनाव में था। वह तीन फरवरी से घर से लापता था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया हैं।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत



**उंटारी रोड।** बी मोड़-उंटारी मुख्य पथ पर कुल्ही कनवाह मोड़ के पास रविवार की शाम हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक की पहचान कांडी थाना क्षेत्र के ध्रुवा गांव निवासी कैलाश राम के पुत्र विनोद राम के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सड़क किनारे मोटरसाइकिल से एक व्यक्ति गिरकर घायल पड़ा था। स्थानीय लोगों ने घायल व्यक्ति को निजी वाहन से विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## आस्था

### कजरात-नावाडीह गांव में सूर्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर ध्वज स्थापित

# 17 अप्रैल से कलश जल यात्रा के साथ पांच दिवसीय यज्ञ होगा शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के कररबार नदी के तट पर अवस्थित सूर्य मंदिर के परिसर कजरात नावाडीह गांव में भगवान भास्कर की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा सह पांच दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर ध्वज स्थापित किया गया हैं। इसके पूर्व यज्ञाचार्य धर्मराज पांडेय ने नव निर्मित सूर्य मंदिर स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत ध्वज पूजन किया। इसके बाद ध्वज के साथ यज्ञाचार्य के नेतृत्व में ढोल-बाजे के साथ ग्रामीणों ने गांव भ्रमण किया। इस क्रम में भ्रमण में शामिल लोगों ने भगवान भास्कर की जय, छठी मईया की जय, जय जय श्री राम की जयकारे के साथ कजरात



नावाडीह, कड़मरी, लामार, बेल बिगहा, दंगवार, गोगो, ठेंगो, राजबरिया सहित झारखंड व बिहार के दर्जनों गांव का भ्रमण कर यज्ञाचार्य धर्मराज पांडेय द्वारा विधिवत ध्वज स्थापित किया गया। समिति के लोगों ने बताया कि महायज्ञ को लेकर आगामी 17अप्रैल 2025 को भव्य जलयात्रा,18 अप्रैल को पंचांग पूजन मंडप प्रवेश, यज्ञ प्रारंभ,19 अप्रैल को पूजन पाठ, 20 अप्रैल को नगर भ्रमण,21 अप्रैल श्री भगवान भास्कर का प्राण प्रतिष्ठा, 22 अप्रैल 2025 को हवन व महाभंडारा के साथ महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी। इस दौरान 17 अप्रैल से 21 अप्रैल 2025 तक अपराह्न 5:00 बजे से 8:00 बजे तक आए हुए विद्वानों द्वारा प्रवचन दी जाएगी। महायज्ञ समिति के लोगों ने सभी धमार्नुरागी बंधुओ से महायज्ञ में शामिल होकर सहयोग कर पुण्य की भागी बनने की अपील की है। नगर भ्रमण के दौरान विजय शाह, दिलीप साव,शिव प्रसाद शाह, रामाकांत यादव, बिगन प्रजापति,ललन मेहता ,अजीत प्रजापति, परशुराम यादव,जितेंद्र सोनी, दीपू मेहता, बलराम यादव, ब्रिज देव प्रजापति, श्री राम यादव, कबिलास प्रजापति, जयराम यादव,संतोष गुप्ता, अमरेश राम, धनंजय राम, रामप्रवेश यादव, सूर्यदेव यादव सहित काफी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु शामिल थे।

# एसडीएम ने अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर किया जब्त, माफियाओं में हड़कंप

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** सदर एसडीएम सुलोचना मीणा ने रविवार की रात अवैध उत्खनन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। अवैध बालू उठाव को लेकर प्रखंड क्षेत्र में देर रात छापेमारी अभियान चलाया गया। इसमें बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त किया गया। जानकारी के अनुसार बालू लदे दो ट्रैक्टर को पांकी-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर बसौरा के पास से जब्त किया गया है। जब्त दोनों ट्रैक्टर को लेस्लीगंज थाना को सौंप दिया गया है। एक ट्रैक्टर मुंदरिया के पास से लेस्लीगंज थाना पुलिस बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया है। लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि जब्त किए गए ट्रैक्टर के मालिक के विरुद्ध कानूनी कारवाई की जा रही है। पुलिस प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है।



# राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला आज से शुरू, प्रशासन ने की व्यापक तैयारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के तत्वावधान में राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला का आयोजन 11 फरवरी 2025 से शुरू होगा। यह दो दिवसीय आयोजन मेदिनीनगर सदर प्रखंड के दुबियाखाड़ में किया जा रहा है। मेला को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। उपायुक्त शशि रंजन खुद तैयारियों की निगरानी कर रहे हैं।

मेला के उद्घाटन समारोह में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग (अल्पसंख्यक कल्याण को छोड़कर) के मंत्री चमरा लिंडा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं, वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य विभाग के मंत्री राधाकृष्ण किशोर विशिष्ट अतिथि होंगे। इसके अलावा, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पांकी विधायक कुशवाहा शशि भूषण मेहता, डालटनगंज विधायक आलोक कुमार चौरसिया, विश्रामपुर विधायक नरेश प्रसाद सिंह, हुसैनाबाद विधायक संजय कुमार सिंह यादव भी मेला में शिरकत करेंगे।

मेला को भव्य स्वरूप देने के लिए नगर आयुक्त जावेद हुसैन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीना सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने मेला स्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मेला आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया और इसे सफल बनाने के निर्देश दिए।

मेला में जिला प्रशासन की ओर से 40 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जहां विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और लोगों को लाभान्वित किया जाएगा। इसके अलावा, मेला में परिसंपत्तियों का वितरण, गोदभराई, अन्नप्राशन जैसी रस्में भी पूरी की जाएंगी।

मेला के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, चिकित्सा सुविधा और यातायात प्रबंधन की व्यवस्था की गई है।

जिला कल्याण-सह-जिला खेल पदाधिकारी सेवा राम साहू, मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह सहित अन्य अधिकारी और सदस्य तैयारियों के निरीक्षण में शामिल रहे।

## राष्ट्रीय नवीन मेल की खबर का असर : अवैध मिट्टी खनन पर प्रशासन की टीम पहुंची कचरवा डैम



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या छह स्थित कचरवा डैम से अवैध मिट्टी खनन की खबर राष्ट्रीय नवीन मेल में प्रकाशित होने के बाद प्रशासन हरकत में आया। सदर सीओ अमरदीप बल्होत्रा ने मामले को संज्ञान में लेते हुए शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार को स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

सोमवार को थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और निरीक्षण के दौरान पुष्टि की कि बड़ी मात्रा में अवैध रूप से मिट्टी का उत्खनन किया गया है। स्थानीय लोगों से पूछताछ में कुछ व्यक्तियों के नाम सामने आए हैं, जो इस मिट्टी को भवन निर्माण और जमीन समतल करने के लिए बेचते थे। इस कारोबार में प्रति ट्रॉली मिट्टी की कीमत वसूली जाती थी।

गौरतलब है कि यह अवैध खनन कई महीनों से जारी था, जिसकी खबर राष्ट्रीय नवीन मेल ने रविवार को प्रमुखता से प्रकाशित की थी। शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि सीओ के निर्देश पर जांच के दौरान अवैध मिट्टी उठाव की पुष्टि हुई है। इस अवैध खनन में संलिप्त कुछ लोगों को पहचान लिया गया है। स्थानीय लोगों से पूछताछ के बाद एक विस्तृत रिपोर्ट सीओ को भेजी जाएगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कांग्रेस नेताओं ने उपायुक्त से मिलकर भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने उपायुक्त शशि रंजन से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल ने प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर गंभीर आरोप लगाते हुए तत्काल सुधार की मांग की।

शिष्टमंडल ने कहा कि धान खरीद-बिक्री में बिचौलियों का दबदबा है और किसानों का हक मारा जा रहा है। किसानों की जमीन के दस्तावेज की ठीक से जांच किए बिना बड़े पैमाने पर धान बेचा जा रहा है। कई लोग एक एकड़ जमीन दिखाकर 20 एकड़ का धान बेच रहे हैं, जो बिचौलियों की मिलीभगत का प्रमाण है। इससे वास्तविक किसानों को उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा।

प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है। शिष्टमंडल ने आरोप लगाया कि बिना रिश्वत दिए किसी लाभुक को प्रधानमंत्री आवास योजना या अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलता। यहां तक कि जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र, आय प्रमाणपत्र और चरित्र प्रमाणपत्र बनवाने के लिए भी लोगों को रिश्वत देनी पड़ती है। अंचल कार्यालयों में भी जमीन संबंधित कार्यों में भ्रष्टाचार व्याप्त है। एलपीसी के लिए पैसा लिया जाता है।

जमीन का म्यूटेशन बिना रिश्वत के नहीं किया जाता। कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों तक भ्रष्टाचार में संलिप्तता है। विशेष रूप से सदर एवं चैनपुर अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम पर है। शिष्टमंडल ने उपायुक्त से मांग की कि इन कार्यालयों में सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता को उनके अधिकार मिल सकें और सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचे। शिष्टमंडल में प्रदेश नेता रामाशीष पांडे, ओमप्रकाश अमन, शमीम अहमद रायन, ईश्वरी प्रसाद सिंह, विद्या सिंह चेरो, जितेंद्र कमलापुरी और राजेश चौरसिया आदि के नाम शामिल है।

## परीक्षा में न हो गड़बड़ी शहर के कोचिंग सेंटरों में प्रशासन की निगरानी

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के आबादगंज और रेलवे स्टेशन रोड स्थित विभिन्न कोचिंग संस्थानों में दसवीं और बारहवीं की परीक्षा को लेकर प्रशासन ने औचक जांच अभियान चलाया। शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक जैसी घटनाओं को रोकना है। निरीक्षण के दौरान किसी भी संस्थान में छात्र-छात्राएं उपस्थित नहीं मिले। गौरतलब है कि पिछले वर्षों में परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्र लीक होने के मामले सामने आ चुके हैं। इस बार प्रशासन पूरी सतर्कता बरत रहा है ताकि ऐसी कोई घटना न हो। थाना प्रभारी ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति परीक्षा में गड़बड़ी करने (प्रश्न पत्र लीक या हल करके देने) का प्रयास करता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि पूरी परीक्षा अवधि में कोचिंग सेंटरों की निगरानी जारी रहेगी, ताकि किसी भी अनियमितता को रोका जा सके।

## एनपीयू में शैक्षणिक समस्याओं को लेकर एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन

■ **कुलसचिव और परीक्षा नियंत्रक का पुतला दहन**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय (एनपीयू) में शैक्षणिक समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सोमवार को एनएसयूआई ने कुलसचिव और परीक्षा नियंत्रक का पुतला दहन किया। यह प्रदर्शन एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी के नेतृत्व में किया गया। झामुमो छात्र संगठन के अध्यक्ष कौशल किशोर और फैजल ने भी इस प्रदर्शन का समर्थन किया।

अमरनाथ तिवारी ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर पूरी तरह उदासीन है।

स्नातक सत्र 2018-21, 2019-22 और 2021-24 (पंचम सेमेस्टर) के रिजल्ट जारी नहीं किए गए हैं।

बैकलॉग और स्नातकोत्तर सत्र 2021-23, 2022-24 (द्वितीय सेमेस्टर) के परीक्षा परिणाम अब तक लंबित हैं।

पीजी सत्र 2024-26 का नामांकन पोर्टल अभी तक नहीं खोला गया है।

छात्रों को डिग्री, माइग्रेशन, प्रोविजनल सर्टिफिकेट और मार्कशीट समय पर नहीं मिल रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कुलसचिव और परीक्षा नियंत्रक अपने उत्तरदायित्व को छोड़कर केवल भवन निर्माण कार्य और वित्तीय लेन-देन में व्यस्त हैं।

एनएसयूआई के आशीष कुमार ठाकुर ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया और कहा कि छात्रों की समस्याओं को प्राथमिकता से दूर किया जाना चाहिए।

एनएसयूआई के ओमप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि अगर विश्वविद्यालय प्रशासन अपनी नीतियों में सुधार नहीं करता, तो संगठन चरणबद्ध आंदोलन करने को मजबूर होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

प्रदर्शन में आशीष कुमार ठाकुर, रिशु राज दुबे, ओमप्रकाश त्रिपाठी, हाशिम बिस्मिल, गुलाम नबी, रौशन कुमार, सोनू कुमार, अमन कुमार, नीतीश कुमार, अंकित कुमार, बसंत सिंह, रौशन गुप्ता, दीपक कुमारऔर शुभम पांडेय आदि छात्र नेता मौजूद थे। छात्र नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो एनएसयूआई उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

## पूर्व वार्ड पार्षद के पिता का निधन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बाईपास रोड निवासी उमेश प्रसाद गुप्ता उर्फ उमेश भाई का निधन हो गया। वे अस्सी के दशक से स्वयंसेवी संस्था के सचिव रहे थे और झारखंड प्रदेश कांग्रेस विधि एवं मानवाधिकार विभाग के सचिव पद पर भी कार्यरत रहे थे।

67 वर्षीय उमेश गुप्ता कुछ महीनों से कैंसर से पीड़ित थे। आज प्रातः 4:30 बजे उन्होंने अपने आवास पर अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, झारखंड आंदोलनकारी एवं हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड, झारखंड सरकार के सदस्य हृदयानंद मिश्र ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उमेश भाई के निधन से पलामू ने एक नेकदिल इंसान और सामाजिक कार्यों में समर्पित व्यक्ति को खो दिया है। उनके निधन पर शिक्षक राणा मनीष सिंह समेत कई लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और परिवार को इस दुःख को सहने की शक्ति दें। उनका पुत्र रौशन कुमार वार्ड पार्षद हैं।

## खेतों में कीटनाशक दवाइयों से बढ़ रही है बीमारियां : परवीन जहां



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** कनीय पौधा संरक्षण पदाधिकारी सह जिला कृषि पदाधिकारी के निर्देश पर कीटनाशकों से बचने के लिए हैदरनगर प्रखंड के बरडंडा पंचायत सचिवालय में सोमवार को किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप जलाकर मुखिया सुदर्शन राम ने किया। उपस्थित ग्रामीणों और किसानों से एटीएम परवीन जहां ने कहा कि इन दवाओं के लगातार प्रयोग से स्वास्थ्य व पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि खेती में प्रयोग होने वाली कीटनाशक दवाइयों से जानलेवा सब्जी व फलों के उत्पादन से उनके भोजन तक पहुंच रहे हैं। जिससे कैंसर जैसी अन्य कई गंभीर बीमारियां बढ़ रही हैं। किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेमतोष सिंह ने किसानों से फसलों को कीटों से बचाने और अधिक पैदावार लेने के लिये स्वदेशी खाद और बीज के प्रयोग करने की कई जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित अधिकारी, मुखिया, समस्त किसानों को अंग वस्त्र, गमछा देकर सम्मानित किया। प्रशिक्षक वीरेन्द्र प्रसाद ने कहा कि अनर्गल कीटनाशक दवाओं का प्रयोग आज किया जा रहा है, जो प्रयोग के दौरान किसान सहित आमजनों के स्वास्थ्य पर भी इसका असर पड़ रहा है। इन दवाइयों से मनुष्य के शरीर पर होने वाले हानिकारक प्रभाव को देखते हुए सरकार भी आर्गेनिक खेती को बढ़ावा दे रही है।

## श्रीमद्भागवत ज्ञान महायज्ञ में राधा-कृष्ण की भव्य झांकी

● **प्रभु से जुड़ने पर ही पवित्र प्रेम की अनुभूति होती है : अलका किशोरी**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सुदना स्थित तुलसी मानस मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान महायज्ञ के छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण और राधा की भव्य झांकी प्रस्तुत की गई। इस दौरान भागवत कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु, पुरुष और महिलाएं उपस्थित रहे।

दोपहर तीन बजे से वृंदावन से पधारी भागवताचार्य अलका किशोरी ने कथा सुनाई। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की प्रेम लीला, सुदामा चरित्र सहित अन्य प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। साथ ही, माता रुक्मिणी और भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग की भी चर्चा की।

अलका किशोरी ने कहा कि लोग अक्सर वासना को ही प्रेम समझ लेते हैं, लेकिन वास्तविक पवित्र प्रेम प्रभु से जुड़ने पर ही संभव है। जो व्यक्ति प्रभु की शरण में आकर प्रेम का रिश्ता जोड़ता है, उसका कल्याण निश्चित होता है।

उन्होंने बताया कि संसार मोह-माया का जाल है। इसके क्षणिक सुख से मनुष्य कभी तृप्त नहीं होता, बल्कि उसके भीतर शाश्वत सुख और शांति की लालसा बनी रहती है। भगवान श्रीकृष्ण भक्तों को सुख और आनंद देने के लिए अपनी लीलाएं करते हैं, जिनका उद्देश्य भक्तों के जीवन को मंगलमय और आनंदमय बनाना होता है।

उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि शुद्ध मन से भगवान से प्रेम करें, क्योंकि प्रभु की भक्ति से ही वास्तविक सुख की प्राप्ति संभव है।

## फरवरी में ही कोयल नदी का घटता जलस्तर, रबर डैम की घोषणा अब भी अधूरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में गत वर्ष सामान्य से अधिक बारिश होने के बावजूद जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में कोयल नदी का जलस्तर तेजी से घट रहा है।

चैत मास से पहले ही आबादगंज, निमिया और बैरिया इलाकों में बोरिंग के जलस्तर में गिरावट देखी जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, होली के बाद पेयजल संकट और अधिक गहराने की आशंका है। गर्मी के दिनों में यह संकट ड्राई जोन के अलावा शहर के अन्य हिस्सों में भी भयावह रूप ले लेता है।

2023 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर तत्कालीन कृषि एवं सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख ने घोषणा की थी कि फल्गु नदी की तर्ज पर कोयल नदी में भी रबर डैम का निर्माण होगा। लेकिन डेढ़ साल बाद भी इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

स्थानीय विधायक और सांसद से लोगों को उम्मीद थी कि वे अपने प्रयासों से इस परियोजना को साकार करेंगे, लेकिन कोई ठोस पहल नहीं हुई। इस कारण, गर्मी के शुरू होते ही पेयजल संकट की आशंका बढ़ गई है।

नगर निगम आयुक्त जावेद हुसैन ने कहा कि शहर में पर्याप्त और स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निगम पूरी तरह से प्रयासरत है।

शहर के प्रमुख इंटेक वेल की सफाई और मरम्मत की जा रही है। पाइपलाइन बिछाने के कार्य में तेजी लाकर पेयजल संकटग्रस्त क्षेत्रों को राहत देने की योजना है।

गर्मी से पहले सभी चापाकलों की मरम्मत की जाएगी, ताकि लोगों को परेशानी न हो।

वर्ष 2024 में अच्छी बारिश होने के बावजूद कोयल नदी में जल संचयन की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण जलस्तर तेजी से गिर रहा है। अगर जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो इस साल भी शहरवासियों को पानी के लिए जूझना पड़ेगा।

## विद्यार्थी परिषद ने विश्वविद्यालय में राज्य सरकार का पुतला दहन किया

# स्थाई कुलपति की मांग को लेकर प्रदर्शन, आंदोलन की चेतावनी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय परिसर में राज्य सरकार का पुतला दहन किया। यह प्रदर्शन विश्वविद्यालय में स्थाई कुलपति की नियुक्ति न होने के विरोध में किया गया।

प्रदर्शन की अध्यक्षता विश्वविद्यालय संयोजक मंजुल शुक्ला ने की, जबकि संचालन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विपिन यादव ने किया।

छात्र नेताओं ने कहा कि विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद पहली बार ऐसा हुआ है कि लगातार दस दिनों तक कुलपति का पद रिक्त है। इससे छात्र-छात्राओं के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है और कई आवश्यक कार्य लंबित पड़े हैं। स्थाई कुलपति न होने के कारण छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

प्रदेश छात्रावास संपर्क प्रमुख रामाशंकर पासवान ने कहा कि राज्य सरकार की लापरवाही और शिक्षा नीति में गिरावट स्पष्ट रूप से दिख रही है। उन्होंने कहा कि छात्रों के जरूरी कार्य अटक रहे हैं और विश्वविद्यालय प्रशासन ठप पड़ा है।

प्रदेश छात्रा सह प्रमुख दीक्षा कुमारी ने कहा कि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक अराजकता फैली हुई है। परीक्षा विभाग में कई परीक्षाएं लंबित हैं, जिससे छात्रों का शोषण हो रहा है और उनके पैसे की बबार्दी हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि राज्य सरकार जल्द से जल्द स्थाई कुलपति की नियुक्ति नहीं करती, तो विद्यार्थी परिषद बड़े पैमाने पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी।

प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिला संयोजक नितीश दुबे,जिला सोशल मीडिया संयोजक राजन कश्यप, रजनीकांत मिश्रा, हिमांशु कौशल सोनी, प्रमंडल कार्यालय मंत्री उत्कर्ष तिवारी, चैनपुर नगर मंत्री अमन गुप्ता, शुभम तिवारी, राहुल कुमार, शुभम सिंह, विकास प्रजापति, राहुल राज, मधुसूदन,बलवंत यादव, राजीव कुमार, राजेंद्र सिंह, अरविंद कुमार, सरवन कुमार यादव, रोहित कुमार प्रजापति समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे और उन्होंने जल्द स्थाई कुलपति की नियुक्ति की मांग को लेकर नारेबाजी की।

## नहीं रहे कांडी सीओ के पिता ब्रजमोहन सहाय



**मेदिनीनगर।** गढ़वा जिला के कांडी प्रखंड के सीओ राकेश सहाय के पिता ब्रजमोहन सहाय (90) का निधन सोमवार को उनके मेदिनीनगर के बेलवाटीका स्थित आवास पर हो गई। स्वर्गीय सहाय के बड़े पुत्र रवीश सहाय एक बैंक अधिकारी रहे हैं। जबकि छोटे पुत्र राकेश सहाय कांडी प्रखंड के सीओ के पद पर कार्यरत है। स्वर्गीय सहाय खुद सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक में जेनरल मैनेजर के रूप में भी अपनी सेवाएं दी है। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार ब्रजमोहन सहाय कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। जिससे सोमवार को दोपहर 12 बजे उनका निधन हो गया। उनके निधन पर कायस्थ महासभा की ओर से शोक व्यक्त किया गया है। पलामू क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सुधीर सिंह, पूर्व क्रिकेटर गुरदयाल सिंह नामधारी चन्नी, ललन सिन्हा, ब्रजेश कुमार, जितेंद्र कुमार, सनत चटर्जी, बबलू चावला, प्रमोद दशगुप्ता, सुजीत शरण, गंगेश गुंजन, राकेश रंजन कटरियार, उत्पल मोइत्रा, रथिन भद्रा, अनूप लाल, सुधीर सहाय, प्रदीप बोराल आदि ने शोक व्यक्त किया है।

## एक नजर

### पत्रकार आशुतोष रंजन सिन्हा का निधन, पत्रकारिता जगत में शोक



**गढ़वा।** जिले के वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष रंजन सिन्हा का सोमवार की शाम निधन हो गया। पेट में संक्रमण के कारण उनका गढ़वा के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। वह पांडू प्रखंड के अघौरा गांव के मूल निवासी थे। आशुतोष रंजन सिन्हा अपनी बेबाक लेखनी और निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए जाने जाते थे। उन्होंने अपने जीवन में पत्रकारिता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य किया। उनके निधन से पत्रकारिता जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। आशुतोष के निधन पर विभिन्न पत्रकार संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और प्रशासनिक अधिकारियों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### नव निर्वाचित प्रखंड प्रमुख ने पदभार ग्रहण किया

**कांडी।** कांडी प्रखंड कार्यालय में उप प्रमुख नारायण यादव ने प्रखंड प्रमुख का प्रभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना और सभी पंचायतों में समान विकास उनकी प्राथमिकता होगी। पूर्व प्रमुख सत्येंद्र कुमार पांडेय पर पंचायत समिति सदस्यों के साथ तालमेल न बैठाने का आरोप था, जिसके कारण अविश्वास प्रस्ताव पारित किया गया और नारायण यादव को प्रमुख बनाया गया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि दिनेश कुमार, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी शाहिद अंसारी, पंचायत समिति सदस्य प्रिंस कुमार ठाकुर, पवित्री देवी, प्रियंका देवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### परियोजना उच्च विद्यालय तोरेलावा में दसवीं कक्षा के छात्रों का विदाई समारोह

**खरौंधी।** परियोजना उच्च विद्यालय, तोरेलावा में दसवीं कक्षा के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें पूर्व उप प्रमुख गोरखनाथ चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को मेहनत और अनुशासन से पढ़ाई करने की प्रेरणा दी और डॉ. भीमराव अंबेडकर के संघर्षों से सीख लेने की सलाह दी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश ठाकुर, शिक्षक मुकेश मेहता, जितेंद्र पासवान, समाजसेवी अशोक ठाकुर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

# हाथी के हमले में युवक की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश

## वन विभाग की लापरवाही से बढ़ रहा खतरा




**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय के तिताही टोला निवासी राजकुमार सिंह उर्फ मधु सिंह (40 वर्ष) को रविवार देर रात हाथी ने कुचलकर मार डाला। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि वे पिछले तीन वर्षों से जंगली हाथी को क्षेत्र से भगाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन वन विभाग कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा। इसका खामियाजा अब तक आधे दर्जन ग्रामीणों की जान चली जाने से चुका पड़ रहा है।

**कैसे हुआ हादसा?**

रविवार शाम गांव के पास जंगल में एक हाथी देखा गया था। अंधेरा होते ही वह राजकुमार सिंह के घर में रखी चावल की बोरी उठाकर पास के खेत में खाने लगा। हाथी को भगाने के लिए जैसे ही राजकुमार सिंह वहां पहुंचे, हाथी ने उन्हें अपनी सूंड से लपेटकर खींच लिया और कुचलकर मार डाला। मौके पर ही उनकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने मशाल और टॉर्च की रोशनी से हाथी को जंगल की ओर खदेड़ दिया। वहीं, सूचना मिलते ही पुलिस और वन विभाग की टीम देर रात मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर चिनिया वन कार्यालय ले गई। सोमवार सुबह तक वन विभाग और ग्रामीणों के बीच सुलह की बातचीत जारी थी। ग्रामीणों का कहना है कि अगर वन विभाग ने समय रहते उचित कदम उठाए होते, तो ऐसी घटनाएं रोकी जा सकती थीं।

### पीएम श्री मध्य विद्यालय में 432 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के एकमात्र परीक्षा केंद्र पीएम श्री मध्य विद्यालय, केतार में कुल 432 परीक्षार्थी आगामी दसवीं बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे। यह परीक्षा 11 फरवरी से 3 मार्च तक आयोजित की जाएगी। इस केंद्र पर उच्च विद्यालय छाताकुड़ के 215 और उच्च विद्यालय परसोडीह के 217 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा सीसीटीवी निगरानी में होगी और कुल नौ कक्षों में परीक्षार्थियों की बैठने की व्यवस्था की गई है। केंद्राधीक्षक मोहम्मद मोकारिम और उपकेंद्राधीक्षक देवेन्द्र कुमार ने बताया कि परीक्षा की सारी तैयारियाँ शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा केंद्र के आसपास निषेधाज्ञा लागू रहेगी, और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बीडीओ प्रशांत कुमार प्रशासनिक दल के साथ मौजूद रहेंगे। 11 फरवरी को वोकेशनल विषय की परीक्षा में 103 विद्यार्थी शामिल होंगे।

## न्यूज बॉक्स

### फाइलेरिया की दवा खाने से सात बच्चे बीमार



**कांडी।** कांडी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चटनियां में फाइलेरिया की दवा (एल्वेन्डाजोल) खाने के बाद सात छात्र बीमार हो गए। उन्हें तुरंत 108 एंबुलेंस से रेफरल अस्पताल, मझिआंव भेजा गया, जहां उपचार के बाद सभी खतरे से बाहर हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दुर्गा राम ने बताया कि सुबह 10:30 बजे दवा खिलाने के बाद दोपहर 1 बजे बच्चों को चक्कर और उल्टी की शिकायत होने लगी। बीमार हुए बच्चों में अनीता कुमारी, दुर्गा कुमारी, निक्की कुमारी, अंकिता कुमारी, प्रियंका कुमारी, सुनीता कुमारी और दुर्गा कुमारी शामिल हैं।

### परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में उत्साह के साथ शामिल हुए छात्र

**खरौंधी।** प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित ₹परीक्षा पर चर्चा₹ कार्यक्रम को बड़े उत्साह से देखा गया। पीएम श्री मध्य विद्यालय अरंगी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुंडी, कोसलिबार, कूपा सहित अन्य स्कूलों में शिक्षकों ने छात्रों को परीक्षा तनाव से मुक्त रहने के लिए प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन का पालन करने को कहा। प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों को बताया कि परीक्षा अंक प्राप्त करने का साधन नहीं, बल्कि सीखने का अवसर है। शिक्षकों ने कहा कि सकारात्मक सोच और आत्मविश्वास के साथ पढ़ाई करने से सफलता निश्चित है।

### घुरकी-अंबाखोरेया मुख्य सड़क की बदहाल स्थिति, ग्रामीण परेशान

**धुरकी।** अंबाखोरेया मुख्य सड़क से खाला मध्य विद्यालय तक पांच किलोमीटर लंबी सड़क की हालत बदहाल हो गई है। सड़क की ऊपरी परत उखड़ जाने से पैदल यात्रियों को चलने में दिक्कत हो रही है, वहीं वाहन चालकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2003-04 में बनी थी, लेकिन अब तक इसकी मरम्मत नहीं हुई है। इस सड़क पर रोजाना उत्तर प्रदेश से छत्तीसगढ़ जाने वाले यात्रियों के अलावा स्थानीय ग्रामीण भी आवागमन करते हैं। स्थानीय निवासी सुधीर जायसवाल, सोनू कुमार, भरोसा राम और बसंत राम ने बताया कि सड़क की मरम्मत के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों को आवेदन दिया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।

### ढेकुलिया आंगनबाड़ी केंद्र में एल्बेंडाजोल और फाइलेरिया दवा वितरण

**भवनाथपुर।** आंगनबाड़ी केंद्र ढेकुलिया में पंचायत की मुखिया बेबी देवी ने बच्चों को एल्बेंडाजोल और फाइलेरिया की दवा खिलाकर स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत की। मुखिया बेबी देवी ने कहा कि इस तरह के स्वास्थ्य कार्यक्रम बच्चों की बीमारियों को कम करने में मददगार होते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इस अभियान में सहयोग करें ताकि सभी को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। इस अवसर पर सेविका अनिता राज, सहिया लालो देवी, बीटीटी बृज मोहन राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## फाइलेरिया उन्मूलन अभियान शुरू घर-घर दवा वितरित की जाएगी




**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड के बलिगढ़ आंगनबाड़ी केंद्र और दासीपुर चौपाल में सोमवार को ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति के अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने छात्राओं को फाइलेरिया की दवा खिलाकर अभियान की शुरूआत की। मनीष गुप्ता ने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से फैलने वाला संक्रामक रोग है। इससे बचाव के लिए सरकार मुफ्त दवा उपलब्ध करा रही है। यह अभियान 10 से 25 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान स्वास्थ्य सहिया और आंगनबाड़ी सेविकाएं घर-घर जाकर 2 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को दवा देंगी।

**चिकित्सकों ने बताई दवा की खुराक**

2 से 5 वर्षः डीईसी और एल्बेंडाजोल की 1-1 गोली

6 से 14 वर्षः डीईसी की 2 और एल्बेंडाजोल की 1 गोली

15 वर्ष से अधिकः डीईसी की 3 और एल्बेंडाजोल की 1 गोली

2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों और गर्भवती महिलाओं को दवा नहीं दी जाएगी। कार्यक्रम में शिक्षकों, स्वास्थ्य कर्मियों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया।

## खाद्यान्न गबन के बावजूद जन वितरण दुकानदार का निलंबन समाप्त, 560 लाभुक वंचित

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र के एक जन वितरण दुकानदार पर जिला आपूर्ति कार्यालय की विशेष मेहरबानी देखने को मिली है। खाद्यान्न गबन के आरोप में प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद विभाग ने फरवरी 2025 में उसकी दुकान का निलंबन समाप्त कर दिया, जबकि मामला अभी न्यायालय में विचाराधीन है। क्या दुकानदार को न्यायालय से जमानत मिली थी या नहीं, यह स्पष्ट नहीं है। यदि जमानत नहीं मिली, तो सवाल उठता है कि विभाग ने बिना कानूनी प्रक्रिया पूरी किए दुकान बहाल कैसे कर दी? यह निर्णय जांच का विषय बन गया है। गबन किए गए खाद्यान्न के कारण डंडई के 560 लाभुक अक्टूबर 2024 में राशन से वंचित रह गए, और मार्च 2025 में भी उनके राशन मिलने की संभावना नहीं है। विभागीय पोर्टल पर भी यह स्पष्ट है कि मार्च माह के लिए संबंधित दुकानदार के नाम एसआईओ (स्टॉक इंडेंट ऑर्डर) जारी नहीं किया गया है। इस मामले का खुलासा तब हुआ जब निलंबित डीलर के नाम से 10 माह बाद अवशेष धोती-साड़ी दूसरे जन वितरण दुकानदार के पास हस्तांतरित करने का आदेश जारी किया गया। पत्रांक 98, दिनांक 28 जनवरी 2025 को जारी एमओ पत्र में बताया गया कि जिला आपूर्ति पदाधिकारी के आदेश संख्या 1149, दिनांक 21 दिसंबर 2024 के तहत सफीक अंसारी की दुकान का निलंबन समाप्त कर दिया गया। इस मामले पर उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि गलत हमेशा गलत होता है। उन्होंने कहा कि किस आधार पर दुकान को निलंबन मुक्त किया गया, इसकी जांच के बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा।

### सुंडी पंचायत से 250 श्रद्धालु कुंभ स्नान के लिए रवाना

**खरौंधी।** (गढ़वा) सुंडी पंचायत की मुखिया शिला देवी के सहयोग से 250 श्रद्धालु कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज रवाना हुए। मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार सिंह ने बताया कि 144 वर्षों बाद आयोजित महाकुंभ में आर्थिक रूप से कमजोर श्रद्धालु भी शामिल हो सकें, इसलिए 5 बसों की व्यवस्था कर श्रद्धालुओं को भेजा गया। ग्रामीणों ने मुखिया शिला देवी और उनके पुत्र राजेश कुमार सिंह की सराहना की। श्रद्धालु पहले विंध्याचल मंदिर में दर्शन करेंगे, फिर प्रयागराज में संगम स्नान करेंगे।

## मैट्रिक-इंटर परीक्षा को लेकर 100 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची के तत्वावधान में 11 फरवरी से 3 मार्च 2025 तक मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए अनुमंडल दंडाधिकारी प्रभाकर मिर्धा ने सभी परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। इसके तहतः परीक्षा केंद्रों में अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। लाउडस्पीकर, प्रचार-प्रसार और शोर-शराबे की अनुमति नहीं होगी। हथियार, ज्वलनशील पदार्थ और मोबाइल फोन लाना वर्जित रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई होगी। बंशीधर नगर अनुमंडल क्षेत्र में कुल 21 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

**मेराल में परीक्षा की तैयारी पूरी**



मेराल प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय में मैट्रिक और इंटर की परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रधानाध्यापक लालता पटेल ने बताया कि मैट्रिक परीक्षा में 726 और इंटर परीक्षा में 279 छात्र शामिल होंगे। प्लस टू उच्च विद्यालय मेराल में विभिन्न स्कूलों के परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा के सफल संचालन के लिए अंचलाधिकारी यशवंत नायक को दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किया गया है।

### वार्षिक माध्यमिक व इंटरमीडिएट परीक्षा की तैयारी पूर्ण

**गढ़वा।** जिले में 11 फरवरी से 3 मार्च तक होने वाली दसवीं और इंटरमीडिएट परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है। उपायुक्त शेखर जमुआर और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने बताया कि परीक्षा कदाचारमुक्त एवं भयमुक्त वातावरण में होगी। जिले में 50 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और वीक्षकों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है।

### अनुमंडलीय अस्पताल में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान की शुरूआत




**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडलीय अस्पताल में सोमवार को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार और अनुमंडलीय अस्पताल की उपाधीक्षक डॉ. सुचित्रा कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। डॉ. सुचित्रा कुमारी ने कहा कि यह अभियान 10 से 25 फरवरी तक चलेगा। अनुमंडल को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए सभी को दवा खाना जरूरी है। उन्होंने स्वयं दवा खाकर अभियान की शुरूआत की और उपस्थित लोगों को भी दवा खिलाई। कार्यक्रम में विभिन्न स्वास्थ्य कर्मी और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## कार्यक्रम

## गढ़वा में एमडीए 2025 अभियान का शुभारंभ

# फाइलेरिया मुक्त गढ़वा बनाने के लिए घर-घर दी जाएगी दवा




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत एमडीए 2025 अभियान का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, भीबीडी कंसल्टेंट अरविंद द्विवेदी, वार्डन अनूपा तिर्की और पिरामल फाउंडेशन की टीम ने फाइलेरिया रोधी दवा खाकर जागरूकता का संदेश दिया।

**जनसहयोग से बनेगा फाइलेरिया मुक्त जिला**

कार्यक्रम में उपायुक्त शेखर जमुआर ने बच्चियों को दवा खाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि गढ़वा को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए सभी लोगों को दवा जरूर खानी चाहिए। इस दौरान विद्यालय के शिक्षकों और छात्राओं ने भी दवा खाई। उपायुक्त ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि जिलास्तरीय पर्यवेक्षण दल द्वारा सघन मूल्यांकन और निगरानी की जाए।

**फाइलेरिया से बचाव के लिए जरूरी है दवा**

विशेषज्ञों के अनुसार, फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचने का एकमात्र तरीका नियमित रूप से दवा खाना है। इस दवा का कोई दुष्प्रभाव नहीं है, यह पूरी तरह सुरक्षित है। सभी लोगों को इसे लेना चाहिए ताकि जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाया जा सके।

**कम उम्र के बच्चों को नहीं दी जाएगी दवा**

एमडीए 2025 अभियान के तहत 11 से 25 फरवरी 2025 तक सहिया/सेविका द्वारा घर-घर जाकर दवा खिलाई जाएगी। हालांकि, 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, अत्यधिक बीमार व्यक्तियों और गर्भवती महिलाओं को यह दवा नहीं दी जाएगी।

**जागरूकता रथ को हरी झंडी** : फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर जिलेभर में जागरूकता फैलाने के लिए उपायुक्त ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ. अशोक कुमार, डीपीएम नीरज भगत, डीपीसी रोहित कुमार, भीबीडी कंसल्टेंट अरविंद द्विवेदी, सतीश कुमार, मिथिलेश कुमार कुशवाहा, भीबीडी टीम, पिरामल फाउंडेशन की टीम, शिक्षकगण और छात्राएं उपस्थित रहीं।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू।**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

रेहला थाना काण्ड सं0–86/2023 दिनांक 02.09.2023 धारा–406/420/504 /34 भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त 1.बिरेन्द्र कुमार तिवारी पे0 कामेश्वर तिवारी 2. माधवीलता तिवारी पति विरेन्द्र कुमार तिवारी दोनो सा0–वी0 मोड़ गोदरमा थाना–रेहला जिला–पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कष्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, विश्रामपुर :– 9934185502

थाना प्रभारी, रेहला :– 8210405239

पुलिस अधीक्षक, पलामू।

PR 346170 (District) 24-25 (D)



**न्यायालयः अनुमण्डल दण्डाधिकारी,गढ़वा**

**(गोपनीय शाखा)**

**वार्षिक माध्यमिक एवं इन्टरमीडिएट परीक्षा–2025 हेतु गढ़वा अनुमण्डल अन्तर्गत सभी 21 परीक्षा केन्द्रों के 100 मीटर की दूरी तक धारा–163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अधीन सामान्य निशेधाज्ञा आदेश।**

अध्यक्ष झारखण्ड अधिविद्य परिषद् रांची से प्राप्त पत्रांक–JAC/028/03/CC-31/25, दिनांक 17.01.2025 एवं उपायुक्त, गढ़वा के संयुक्त आदेश ज्ञापांक 102/गो0, दिनांक 08.02.2025 के आलोक में वार्शिक माध्यमिक परीक्षा 2025 एवं इन्टरमीडिएट परीक्षा (कला, विज्ञान एवं वणिज्य) 2025 दिनांक 11.02.2025 से 03.03.2025 तक प्रथम पाली (09:45 पूर्वाह्न् से 01:00 बजे अपराह्न तक) तथा द्वितीय पाली (02:00 बजे अपराह्न से 05:15 बजे अपराह्न तक) में संचालित होगी। इस हेतु गढ़वा अनुमण्डल क्षेत्र अन्तर्गत कुल 21 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं।

उक्त परिपेक्ष्य में गढ़वा अनुमण्डल क्षेत्र अन्तर्गत सभी परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण, कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने एवं विधि–व्यवस्था के उद्देश्य से **मैं संजय कुमार, (झा0प्र0से0) अनुमण्डल दण्डाधिकारी, गढ़वा सदर** धारा–163 बी0एन0एस0एस0 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए गढ़वा अनुमण्डल अन्तर्गत सभी परीक्षा केन्द्रों के आस–पास 100 मीटर की चर्तुदिक दूरी तक निशेधाज्ञा लागू करता हूं। **यह निशेधाज्ञा निर्धारित परीक्षा तिथियों को पूर्वाहन् 07:00 बजे से अपराहन् 06:00 बजे तक निम्न परीक्षा केन्द्रों पर लागू रहेगी :–**

| क्र0सं0 | परीक्षा केन्द्र का नाम | क्र0सं0 | परीक्षा केन्द्र का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | राजकीय रामासाहू उच्च विद्यालय, गढ़वा। | 1. | उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय, लवाहीकला, डंडई। |
| 2. | गोपीनाथ सिंह, महिला इंटर कॉलेज, गढ़वा। | 2. | उत्क्रमित उच्च विद्यालय, जरही, डंडई। |
| 3. | यासीन मिल्लत इण्टर कॉलेज, गढ़वा। | 3. | उत्क्रमित उच्च विद्यालय, मोरबे, मझिऑव। |
| 4. | राजकीयकृत गोविन्द उच्च विद्यालय, गढ़वा। | 4. | राजकीयकृत मुखदेव उच्च विद्यालय, मझिऑव। |
| 5. | राजकीयकृत बालिका उच्च विद्यालय, गढ़वा। | 5. | एस0 चन्द्रवंशी इंटर कॉलेज, मझिऑव। |
| 6. | एस0एस0जे0एस0 नामधारी कॉलेज, गढ़वा। | 6. | उत्क्रमित उच्च विद्याालय, मझिऑव। |
| 7. | गोपीनाथ सिंह महिला डिग्री कॉलेज, गढ़वा। | 7. | आर0 के0 +2 उच्च विद्यालय, कांडी। |
| 8. | राजकीय कृत +2 उच्च विद्यालय, मेराल। | 8. | उत्क्रमित उच्च विद्यालय, लमारीकला, काण्डी। |
| 9. | मध्य विद्यालय, मेराल। | 9. | सोनभद्र आदर्श महाविद्यालय, काण्डी। |
| 10. | बालिका मध्य विद्यालय, मेराल। | 10. | मध्य विद्यालय, हरिहरपुर, काण्डी। |
| 11. | उत्क्रमित उच्च विद्यालय, तसरार, डंडई। | | |

1. परीक्षा केन्द्र के चहारदिवारी से 100 मीटर की चर्तुदिक दूरी में कहीं भी अनाधिकृत रुप से कोई भी व्यक्ति प्रवेश नहीं करेंगे।
2. परीक्षा केन्द्र के आस–पास किसी प्रकार के शोरगुल की अनुमति नहीं होगी।
3. परीक्षा केन्द्र के आस–पास लाउडस्पीकर का उपयोग नहीं किया जायेगा। किसी प्रकार का प्रचार–प्रसार/ढोल–नगाड़ा आदि वाद्य यंत्रों का प्रयोग नही किया जायेगा।
4. परीक्षा केन्द्र एवं आस–पास किसी भी प्रकार का हथियार, आग्नेयास्त्र/ज्वलनशील पदार्थ (पटाखे, बारुद आदि) लाना सर्वथा वर्जित होगा। (डयूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को छोड़कर)
5. परीक्षा के अन्दर परीक्षार्थी मोबाईल फोन/पेजर/कैलकुलेटर/ब्लुटूथ/ईयरफोन/डिजिटल डायरी/लॉग बुक/पुस्तक/नोट बुक/बैग इत्यादि इलेक्ट्रोनिक यंत्र लाना (परीक्षा कार्य में लगे कर्मी को छोड़कर) पूर्णतया वर्जित होगा।
6. उपरोक्त सभी शर्तो के उल्लंघन करने वाले परिक्षार्थियों/व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुकूल कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

**यह आदेश मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।**

संजय कुमार (झा0प्र0से0)
अनुमण्डल दण्डाधिकारी, गढ़वा

PR 346162 District(24-25)#D

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने सोमवार को ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में ईवीएम वेयर हाउस की विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच की गई। ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली गई। उपायुक्त ने सीसीटीवी व अन्य उपकरणों की स्थिति और रख रखाव का जायजा लिया। मासिक निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा परिसर का अवलोकन के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, तैनात सुरक्षा बलों, अग्निशमन यंत्र आदि सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में तैनात सशस्त्र सुरक्षा बलों को अपने कार्य व दायित्वों के प्रति सचेत व सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, निर्वाचन कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

# ट्रेलर असंतुलित होकर पलटी, उप चालक की मौत

▶▶ **वाहन छोड़ कर चालक फरार**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड (चतरा)।** थाना क्षेत्र के इटखोरी जीहू मुख्य मार्ग मंझगांवा के समीप अंजनवा नाला पुलिया पर रविवार देर रात ट्रेलर दुर्घटना ग्रस्त होने से उप चालक की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। दुर्घटना में चालक सुरक्षित बताया जा रहा है। चालक दुर्घटना ग्रस्त वाहन छोड़ कर फरार हो गया। ट्रेलर दुर्घटना ग्रस्त होने से ट्रेलर पर लदा प्लाई सड़क पर बिखर जाने से जाम लग गया। इसकी सूचना ग्रामीणो ने मयूरहंड पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस अवर निरीक्षक शिवदोय तिर्की पुलिस दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर मलवा बिखरने के कारण सड़क पर लगा जाम को हटाया।



इसके बाद वाहनों का आवागमन सुचारू रुप से चालू हुआ। उप चालक का शव बुरी तरह से वाहन के नीचे दबा था। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला और अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेजा।

घटना का कारण तीखी मोड़ के साथ तेज रफ्तार बताया जा रहा है। पुल से पहले रोड पर यातायात से संबंधित रेडियम ब्रेकर की आवश्यकता बताया जा रहा है, ताकि वाहनों के दुर्घटना ग्रस्त होने से रोक लगाया जा सके और लोगों की जान बच सके। चालक के भाग जाने के कारण शव की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## न्यूज बॉक्स

### ब्रेन हेमरेज से युवक की मौत, शोक

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय निवासी बाजो राणा के पुत्र त्रिलोकी राणा (28) की मौत ब्रेन हेमरेज से रांची में रविवार की देर रात हो गई। मौत की खबर लगते ही गांव व परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार को युवक का अंतिम संस्कार गिद्धौर के कोसमागड्डा श्मशान घाट पर कर दिया गया। बताया जाता है कि युवक रांची में काम करता था। काम करने के दौरान अचानक तबियत बिगड़ गई। आनन-फानन में युवक को रिम्स रांची इलाज के लिए ले जाया जा रहा था, परंतु उसकी मौत हो गई। युवक की मौत पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### पांच केंद्रों में मैट्रिक व तीन पर इंटरमीडिएट की परीक्षा होगी, तैयारियां पूरी

**चंदवा।** 11 फारवरी से मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा शुरू हो रही है। परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। चंदवा प्रखंड में मैट्रिक की परीक्षा के लिए पांच केंद्र बनाये गये, इनमें बालिका उच्च विद्यालय, प्लस टू उच्च विद्यालय,खीस्त राजा उच्च विद्यालय,बालक एवं बालिका मध्य विद्यालय शामिल हैं। इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए तीन केंद्र बनाये गये हैं। इनमें बालिका उच्च विद्यालय, प्लस टू उच्च विद्यालय व खीस्त राजा उच्च विद्यालय के नाम शामिल हैं। परीक्षा केंद्रों में की जा रही तैयारियों के लिए अधिकारियों की टीम ने जायजा लेकर केंद्रों में बिजली,पानी समेत सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था की जानकारी ली।

### प्रज्ञा केंद्र का मुखिया ने किया उद्घाटन

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मथुरा कॉम्प्लेक्स में सोमवार को पंचायत के मुखिया नरेश लोहरा ने सोमवार को छोटू प्रज्ञा केंद्र का उद्घाटन फीता काटकर किया। मौके पर मुखिया ने कहा कि यहां प्रज्ञा केंद्र खुलने से लोगों को काफी सहूलियत होगी। सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी के साथ ऑनलाइन काम भी प्रज्ञा केंद्रों में होती है। ग्रामीण अपना जाति, आय, स्थानीय प्रमाण पत्र ऑनलाइन के अलावा ऑनलाइन जमीन का रसीद कटवाने जैसी कई सुविधा व्यवस्था यहां मिलेगी। इस दौरान प्रज्ञा केंद्र संचालक छोटू कुमार ने बतलाया कि प्रज्ञा केंद्र में जो भी सरकार द्वारा सुविधा व्यवस्था दी गई है वह विधिवत संचालित होगा एवं इस जगह से वीडियोग्राफी फोटोग्राफी आदि की भी काम किया जाएगा। मौके पर मुखिया के अलावे भाजपा नेता अमित कुमार झामुम नेता मोहम्मद इमरान,हरेंद्र कुमार सहित कई गण्यमान्य लोग शामिल हुए।

# मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर डीसी व एसपी ने की बैठक, दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त रमेश घोलप व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय ने वार्षिक माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के कदाचारमुक्त, शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिले के वरीय अधिकारियों प्रतिनियुक्त किए गए पदाधिकारियों व कर्मियों के साथ संयुक्त बैठक की। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि स्वच्छ वातावरण में निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। औचक निरीक्षण के दौरान कदाचार करते यदि कोई परीक्षार्थी पकड़े गये, तो सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त स्टैटिक एवं पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट विभागीय निर्देशों के अनुरूप कदाचार मुक्त ढंग से परीक्षा संचालन सुनिश्चित कराएंगे। कहा केंद्राधीक्षकों को अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापित कराने व उनकी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, परीक्षार्थियों के लिए पेयजल की व्यवस्था, कमरे में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था, परीक्षार्थियों के लिए शौचालय व अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों में समय पर प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका पहुंचाने हेतु सभी तैयारी पूर्व में ही पूर्ण कर लेने का निर्देश दिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रथम पाली में माध्यमिक व द्वितीय पाली में इंटर की परीक्षा माध्यमिक परीक्षा 2025 की परीक्षा पूर्वाह्न 9.45 बजे से 1 बजे अपराह्न तक होगी। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) 2025 की परीक्षा 2 बजे से 5.15 बजे अपराह्न तक आयोजित होगी। ज्ञात हो कि माध्यमिक परीक्षा 2025 व इंटरमीडिएट परीक्षा (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) 2025 11 फरवरी से 3 मार्च तक आयोजित होगी। माध्यमिक में 17,771 और इंटरमीडिएट में 11,838 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इस वर्ष माध्यमिक परीक्षा 2025 के लिए चतरा जिला में कुल 48 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। इसमें कुल 17,771 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए चतरा जिला में कुल 28 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। इसमें कुल 11,838 परीक्षार्थी शामिल होंगे। पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनियुक्त सभी पुलिस पदाधिकारी से कहा कि आपकी प्रतिनियुक्ति जिन दंडाधिकारी के साथ की गई है।

# चोरी कर भाग रहे चोरों को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा

**सिमरिया (चतरा)।** थाना क्षेत्र के इचाक खुर्द में रविवार रात चोरों ने दो घरो में ताला तोड़कर पांच हजार रुपए नकद सहित एक लाख के जेवरात चोरी कर पड़ोसियों के जगने से पहले ही भागने लगे। इस बीच लोगों ने भागते चोरों का पीछा कर राहुल गुलगुलिया को पकड़ कर कड़ाई से पूछताछ के बाद उसने अपना गुनाह कबुल करते हुए अपने साथियों का नाम बता दिया। रात में ही लोगों ने बताए गए ठिकाने से राहुल गुलगुलिया पिता महादेव गुलगुलिया, शिवा उर्फ गुलाबी पिता संजय पासी, विकास गुलगुलिया पिता शंभू गुलगुलिया, छोटू गुलगुलिया पिता चांदबाध गुलगुलिया सभी ग्राम चलनिया बिशुनगढ़ हजारीबाग को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस सभी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार चोरों ने रविवार रात की इचाक खुर्द के तुलसी दांगी और लाखों राणा के घर का ताला तोड़कर उसमें रखे समान चोरी कर लिए। इसमें चोरों ने लाखों राणा के घर से 5000 नकद और जेवरात चोरी करने में सफल रहे।

# भुइयां समाज कल्याण समिति ने माता शबरी पूजा की तैयारी शुरू की

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुंदा (चतरा)।** अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि की अध्यक्षता में कुंदा यज्ञ मैदान में हुई। बैठक में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी माता शबरी पूजा मनाने के लिए आवश्यक तैयारियों पर चर्चा की गई। 20 फरवरी को माता शबरी की पूजा अर्चना की जाएगी। इसके उपरांत यज्ञ मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसमें संगीत के माध्यम से कलाकार समाज को जागरूक करने के साथ माता शबरी की जीवनी पर प्रकाश डालेंगे। बता दें कि शबरी जयंती प्रत्येक वर्ष फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि को मनाया जाता है। बैठक में अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति प्रखंड अध्यक्ष संजय भारती,अमलेश भारती,अजीत भारती, राकेश कुमार,चुनेर भारती,इंद्रदेव भारती, समेत कई अन्य भुइयां समाज के लोग उपस्थित थे।

# अंडर 19 के चार खिलाड़ियों का जोनल ट्राइल के लिए चयन



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** अंडर 19 क्रिकेट के तहत चार खिलाड़ियों का चयन जोनल ट्राइल के लिए किया गया है। चयनित खिलाड़ियों का ट्रायल हजारीबाग के वेल्स ग्राउंड में लिया जाएगा। बताया गया कि सभी चयनित खिलाड़ी बिरसा क्रिकेट एकेडमी चतरा के हैं। बिरसा क्रिकेट एकेडमी में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में प्रैक्टिक्स करवाया जाता है। चयनित खिलाड़ियों में भरत कुमार राणा,शुभभ मिश्रा,प्रांजल यादव व कुंदन कुमार का नाम शामिल है। जोनल ट्राइल के लिए खिलाड़ियों के चयनित होने पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन में हर्ष का माहौल है। चयनित खिलाड़ियों को जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने शुभकामनाएं दी। चयन का श्रेय बिरसा क्रिकेट एकेडमी के संचालक मिथिलेश उर्फ बड़े व चंदन कुमार को दिया है। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय सिंह, सचिव मनोज सहाय, सह सचिव आशुतोष भारती, कोषाध्यक्ष सरोज सिंहा ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, पलामू।

(सर्वसाधारण के लिए सूचना)

तरहसी थाना कांड सं0–39/21 दिनांक 10.04.2021 धारा–392/भा0द0वि0 के अप्राथ0 अभियुक्त रोकेश गिरी पिता–विजय गिरी सा0–हरतुआ थाना–लेस्लीगंज जिला–पलामू के संबंध में सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में सूचित करें अथवा निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना देने का कश्ट करें।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, (पांकी) लेस्लीगंज :– 9523355003

थाना प्रभारी, तरहसी :– 6203069537

पुलिस अधीक्षक,
पलामू।

PR 346168 District
(24-25)D



## समाहरणालय, गढ़वा (जिला पंचायत शाखा)

Email - dprogarhwa84@gmail.com

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सदस्य सचिव, पिछड़ेवर्गों के लिए राज्य आयोग, झारखण्ड राँची का पत्रांक – 701/पि0,दिनांक– 03.12.2024. के आलोक में नगर निकाय क्षेत्रों में पिछड़े वर्गों के आरक्षण दिए जाने की पात्रता निर्धारण हेतु डोर – टू – डोर सर्वे गढ़वा नगरपरिषद् वर्ग (ख), मझिआँव नगरपंचायत एवं श्री बंशीधर नगरपंचायत क्षेत्र में पूर्ण करा लिया गया है। जिसका अंतिम प्रकाशन दिनांक – 07.02.2025 को गढ़वा जिलान्तर्गत सभी नगर निकाय क्षेत्रों में कर दिया गया है।

आम सूचना के क्रम में अंतिम सर्वेक्षण सूची विनिर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त जिला के वेवसाईट (garhwa.nic.in) जिला पंचायत राज कार्यालय, संबंधित नगरपालिका कार्यालय, में अवलोकन हेतु प्रकाशित है।

उपायुक्त, गढ़वा

PR 346144 Panchayati Raj(24-25)D


# प्रजापति कुम्हार महासंघ डुमारो पंचायत कमेटी का गठन, राजकुमार प्रजापति बने अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखंड के डुमारो पंचायत में झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ (लातेहार) द्वारा वन भोज सह संगठन विस्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता संघ के लातेहार जिला अध्यक्ष भुवनेश्वर प्रजापति ने की। कार्यक्रम में चंदवा प्रखंड अध्यक्ष गुलाब प्रजापति समेत अन्य जगहों से समाज के सैकड़ो लोग शामिल हुए। कुम्हार महासंघ चंदवा इकाई द्वारा स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष भुवनेश्वर प्रजापति ने सामाजिक उत्थान को लेकर गंभीरता से चर्चा की। कहा कि हम सबों को मिलकर समाज को सशक्त बनाना है। हमारे समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने की आवश्यकता है। तभी हम सशक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं। प्रखंड अध्यक्ष गुलाब प्रजापति ने कहा कि हमे अपने समाज को



संगठित करने के साथ समाज में फैली बुराइयों व अशिक्षा को दूर करना है। जब तक समाज शिक्षित नहीं होगा तब तक समाज का उत्थान नहीं होगा। बैठक के दौरान अतिथियों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से कुम्हार महासंघ डुमारो पंचायत कमेटी के पुरूष व महिला प्रकोष्ठ का गठन किया गया। पुरूष वर्ग में अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति, उपाध्यक्ष संतोष प्रजापति, सचिव दीपक प्रजापति, उप सचिव संजय प्रजापति, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर प्रजापति, सह कोषाध्यक्ष किशुन प्रजापति, मीडिया प्रभारी मोहन प्रजापति, संरक्षक परमेश्वर प्रजापति को बनाया गया। महिला प्रकोष्ठ में अध्यक्ष किरण देवी, सचिव पानो देवी, कोषाध्यक्ष रेखा देवी इसके अलावा संगीता देवी व सुनीता देवी को सदस्य के रूप में चयन किया गया है। कार्यक्रम के उपरांत सभी लोगों ने वन भोज का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम में खलारी प्रखंड अध्यक्ष व महेंद्र प्रजापति, रमन कुमार, हरिवंश प्रजापति, विजय प्रजापति समेत सैकड़ो लोग मौजूद थे।

# एनटीपीसी के खड़े वाहनों से डीजल की हो रही चोरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**टंडवा (चतरा)।** एनटीपीसी के फ्लाई ऐश डेक में खड़े वाहनों से गैंग द्वारा सुरक्षा कर्मियों को मारपीट कर डीजल चोरी करने का मामला सामने आया है।

इस बावत टंडवा थाना क्षेत्र के राहम निवासी भुक्तभोगी सईद अंसारी ने स्थानीय थाना में लिखित शिकायत देकर समुचित कार्रवाई की मांग की है। भुक्तभोगी ने लिखित आवेदन कहा कि अहले सुबह मौके पर तैनात सुरक्षाकर्मी वंशी पांडेय व किशोरी राम द्वारा उसे बताया गया कि रविवार देर रात लगभग 1 बजे 7 से 8 की संख्या में आये अज्ञात लोगों द्वारा मारपीट कर साइट में खड़े पोकलेन व हाइवा से लगभग एक हजार लीटर डीजल ले गये।

पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी उमेश राम ने थाना में आवेदन मिलने से इंकार कर दिया। ट्रांसपोर्टिंग कार्य कर रहे अरविंद पाठक ने बताया कि ऐस डेक साइट में पर्याप्त रोशनी के अभाव में अंधेरा छाया रहता है, जिसका फायदा ऐसे संगठित गिरोह उठाते हैं।

जबरन डीजल चोरी की घटना से कारोबारियों को नुकसान उठाना पड़ता है। कामगारों में असुरक्षा से सदैव भय बना रहता है।

सूत्रों की मानें तो संगठित गिरोहों का गठजोड़ बेहद मजबूत होने के कारण उनके हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। बताया जाता है कि एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा सीसीटीवी कैमरे लगाकर निगरानी करने के मामले में विफल रही है। बता दें एनटीपीसी साइट में चोरी होने के कई गंभीर मामले लगातार सामने आते रहे हैं।


## झारखण्ड सरकार
## आदिवासी कल्याण आयुक्त का कार्यालय,
झारखण्ड मंत्रालय, कल्याण कॉम्प्लेक्स, मोराबादी, राँची
(उप निदेशक कल्याण, कार्यालय, पलामू प्रमण्डल मेदिनीनगर)

**प्रवेश परीक्षा/नामांकन सम्बंधि सूचना वर्ष :– 2025–26**

झारखण्ड राज्य अन्तर्गत कल्याण विभाग के नियंत्रणाधीन संचालित आश्रम, पी0वी0टी0जी0, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं को–एड आवासीय विद्यालय सहित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में रिक्ति के अनुसार वर्ग षष्टम् , सप्तम् एवं अष्टम् (वर्ग 06, 07, 08) में नामांकन एवं चयन प्रक्रिया की सारणी निम्नवत निर्धारित की जाती है।

**आवासीय विद्यालय में नामांकन एवं चयन की प्रक्रिया से सम्बंधित कैलेंडर**

1. विज्ञापन प्रकाशन :– 11 फरवरी एवं 18 फरवरी 2025
2. नामांकन प्रपत्र (Form) भरने की तिथि :– 05 से 28 फरवरी
3. प्रवेश परीक्षा की तिथि :– 09 मार्च 2025 (रविवार)
4. परीक्षाफल प्रकाशन की तिथि :– 23 से 25 मार्च, 2025
5- Counselling की तिथि :– 01 से 10 अप्रैल, 2025
6. नामांकन लेने की तिथि :– 10 से 20 अप्रैल, 2025
7. विद्यार्थियों का विद्यालय में प्रवेश की तिथि :– 25 अप्रैल, 2025 तक
8. कक्षा (सत्र) प्रारम्भ होने की तिथि :– 01 मई , 2025

अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं,पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा पलामू प्रमण्डल अन्तर्गत तीनों जिलों से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर छात्र/छात्राओं की रिक्तियाँ वर्गानुसार निम्नवत हैः–

**पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर अन्तर्गत संचालित आवासीय विद्यालय/आश्रम विद्यालय एवं एकलब्य मॉडल विद्यालय**

| क्र0 | जिला | विद्यालय का नाम | बालक/बालिका | वर्ग वार रिक्तियाँ VI | VII | VIII |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पलामू | अनुसूचित जाति बालक आवासीय उच्च विद्यालय , कौआखोह | बालक | 24 | 20 | 02 |
| | | पिछड़ी जाति उच्च +2 बालिका आवासीय विद्यालय, अयोध्या कोल्हुआ। | बालिका | 40 | 03 | 01 |
| | | अनुसूचित जनजाति आश्रम आवासीय उच्च विद्यालय रेड़मा। | बालक | 40 | 03 | 04 |
| | | एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय वंशीखूर्द वंशा , मनातू। | बालक | 30 | 05 | 09 |
| | | | बालिका | 30 | 10 | 14 |
| 2 | गढवा | अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय चिनिया, गढ़वा। | बालक | 00 | 40 | 05 |
| | | अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय कुदरूम, गढ़वा। | बालक | 00 | 28 | 04 |
| | | अनुसूचित जनजाति आश्रम बालिका उच्च विद्यालय मंझिगांवा, कांडी। | बालिका | 40 | 15 | 04 |
| | | अनुसूचित जाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, रमकण्डा गढ़वा। | बालिका | 40 | 13 | 00 |
| | | एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय भंडरीया , गढ़वा। | बालक | 30 | 06 | 10 |
| | | | बालिका | 30 | 13 | 21 |
| 3 | लातेहार | अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय, गारू। | बालक | 00 | 48 | 00 |
| | | अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय, महुआडांड़। | बालक | 00 | 44 | 02 |
| | | आश्रम विद्यालय मनिका, लातेहार। | बालिका | 40 | 00 | 04 |
| | | एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय हेठाटोली गारू , लातेहार। | बालक | 30 | 03 | 06 |
| | | | बालिका | 30 | 14 | 16 |
| | | एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय मंगरा बरवाडीह , लातेहार। | बालक | 30 | 00 | 00 |
| | | | बालिका | 30 | 10 | 16 |
| | | एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय नेगाई , लातेहार। | बालक | 30 | 04 | 14 |
| | | | बालिका | 30 | 10 | 16 |

नोट :– रिक्तियों की संख्या घट/बढ़ भी सकती है।

ह0/
उप निदेशक कल्याण
पलामू प्रमण्डल मेदिनीनगर।

PR 346166 (District) 24-25 (D)


# श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के 31वां वार्षिकोत्सव के भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के 31 वें वार्षिकोत्सव सह भंडारे का पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया। वैदिक मंत्रोच्चारण कर पुजारी त्रिभुवन पांडेय ने किया। मौके पर मुख्य यजमान के रूप में संतोष कुमार (पिंटू) सप्तनीक मौजूद थे। मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा कि धार्मिक आयोजन से क्षेत्र में सुख व समृद्धि आती है। उन्होंने श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर के निर्माण काल से ही वे यहां से जुड़े हैं। कहा कि आज यह मंदिर न सिर्फ लातेहार ही नहीं आसपास के क्षेत्रों के लिए आस्था व विश्वास का प्रतीक है। 31 वें स्थापना दिवस पर लातेहार जिला वासियों को शुभकामनायें दी। भंडारा शुरू होने के बाद श्रद्धालुओं का तांता लग गया। मंदिर समिति के सदस्य पूरी तन्यमता से लोगों को प्रसाद ग्रहण करा रहे थे।



महिला व पुरूष अलग-अलग पात में बैठ कर प्रसाद ग्रहण कर रहे थे। बता दें कि 31 वें वार्षिकोत्सव के तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन 10 फरवरी को भंडारा का आयोजन किया गया। मौके पर मंदिर समिति के संरक्षक महेंद्र प्रसाद गुप्ता, अभिनंदन प्रसाद, विनोद कुमार साहू, अर्जुन दास, अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता (भोला), उपाध्यक्ष कन्हाई प्रसाद अग्रवाल व बद्री प्रसाद, सचिव आशीष टैगोर, सह सचिव रंजीत कुमार व रविंद प्रजापति, कोषाध्यक्ष राजू रंजन सिंह, ओम प्रकाश प्रसाद, संजय प्रसाद, उज्जवल साहू, निर्मल महलका, दिनेश महलका, पवन कुमार गुप्ता, विजय प्रसाद, राजेंद्र विश्वकर्मा, राजू प्रसाद, पंकज प्रसाद, आकाश जायसवाल, प्रदीप प्रसाद, सुनील प्रसाद, पारितोष ठाकुर आदि सक्रिय थे।

### उपायुक्त ने की पीसी एंड पीएनडीटी की बैठक, तीन पंजीकृत करने व तीन नवीकरण का निर्णय

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में पीसी एंड पीएनडीटी की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त ने बारी-बारी से अल्ट्रासाउंड के लिए आये व नवीकरण के लिए आये आवेदनों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जो नए आवेदन आये थे, उसमें से अधिकांश आवेदक के साथ चिकित्सक अनुपस्थित पाए गए। जबकि जो आये भी तो उनमें से कई के प्रमाणपत्र संतोषजनक नहीं पाया गया। इतना ही नहीं कई ऐसे भी आवेदन आये थे, जिनके चिकित्सकों का रजिस्ट्रेशन झारखंड का नहीं पाया गया।

बैठक में उपस्थित सिविल सर्जन दिनेश प्रसाद को उपायुक्त ने सभी चिकित्सकों का सर्टिफिकेट और रजिस्ट्रेशन समेत अन्य दस्तावेज जांच करने का निर्देश दिया। नए कुल प्राप्त 8 आवेदनों में से 3 को पंजीकृत करने व नवीकरण के लिए प्राप्त 5 आवेदनों में से 3 का नवीकरण करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

## न्यूज बॉक्स

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन



**कुडू - लोहरदगा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू में सोमवार को एमडीए कार्यक्रम के अंतर्गत फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का सिएचसी प्राभारी डॉ सुलामी होरो द्वारा फीता काटकर एवं बच्चों को दवा खिलाकर उद्घाटन किया गया। डॉ श्रीमती होरो ने बताया कि प्रखंड अंतर्गत 119551लक्ष्य निर्धारित है। इसको लेकर 18 सुपरवाइजर, 157 बूथ, 314 वर्कर की टीम बनाई गई है। दो - दो की संख्या में सभी बुथों में तैनात रहेंगे। दो वर्ष तक के बच्चे गर्भवती महिला व गम्भीर बीमार को दवा नहीं खिलाया जाना है। 2 वर्ष से 5 वर्ष के बीच के लाभार्थियों को एक एल्बेंडाजोल और एक डेक, 6 वर्ष से 14 वर्ष तक के लाभार्थियों को एक एल्बेंडाजोल और दो डेक, 15 वर्ष के ऊपर के लाभार्थियों को एक एल्बेंडाजोल और तीन डेक खिलाया जाना है। 11 से 25 तक एमडीए कार्यकर्ता द्वारा सभी घर घर जाकर खिलाया जाना है। मौके पर सीडीपीओ सोनिया मंजुल, डब्ल्यूएचओ के शैलेन्द्र सिंह, ड़ॉ प्रेरणा श्रोत, बीपीएम सरोजिनी केरकेट्टा, बीएएम निरोज शाहदेव, रौशन टोप्पो, मुमताज खान, चांद खान, सुजीत कुमार सहित अन्य स्वास्थ कर्मी और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### साइबर सुरक्षा को लेकर 'सेफर इंटरनेट डे' पर एक दिवसीय कार्यशाला आज

**लोहरदगा।** नेशनल इनफॉरमेटिक्स सेंटर, लोहरदगा (ठक्ळ) की ओर से साइबर सुरक्षा को लेकर 'सेफर इंटरनेट डे-2025' के विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 11 फरवरी 2025 को नया नगर भवन, लोहरदगा में पूर्वाह्न 11 बजे से किया जाएगा। यह कार्यशाला प्रत्येक वर्ष फरवरी माह के दूसरे मंगलवार को मनाये जानेवाले 'सेफर इंटरनेट डे' को लेकर यह कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इस वर्ष का विषय टूगेदर फॉर अ बेटर इंटरनेट रखा गया है। इस कार्यशाला में जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी और जिला परियोजना पदाधिकारी, यूआईडी कोषांग, लोहरदगा द्वारा इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के बारे सभी जिला/प्रखण्ड/पंचायत स्तर पर कार्यरत पदाधिकारियों व कर्मियों, आईटीसी इंस्ट्रक्टर, पंचायत सचिवों, कंप्यूटर ऑपरेटर आदि को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उक्त जानकारी जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा दी गई।

### विधिक जागरूकता सह लीगल लिटरेसी क्लास आयोजित

**भंडरा।** नालसा नई दिल्ली एवं झालसा रांची के निर्देशन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के अध्यक्ष राजकमल मिश्रा एवं सचिव राजेश कुमार के मार्गदर्शन में प्रोजेक्ट बंशीधर कन्या उच्च विद्यालय भंडरा के एलडीसी एस इंद्राणी कुजूर एवं पीएलवी सीमा कुमारी विधिक जागरूकता सह लीगल लिटरेसी क्लास के तहत पोक्सो एक्ट डालसा से मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस दौरान चाइल्ड लाइन हेल्पलाइन नंबर 1098 चाइल्ड मैरिज एक्ट 2012,सड़क दुर्घटना, मुआवजा घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15 100 महिला से संबंधित कानून के बारे में भी सम्पूर्ण जानकारी दी।

### केजीबीवी में एमडीए कार्यक्रम शुरू



**भंडरा।** भंडरा के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में सोमवार को एमडीए कार्यक्रम 2025 की शुभारंभ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर संजय कुमार के द्वारा दवा खिलाकर की गई । प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर संजय कुमार ने बताया की 11 फरवरी से 25 फरवरी तक सहिया द्वारा घर घर जाकर दवा खिलाई जाएगी इस कार्यक्रम में 2साल से ऊपर के लोगो को दवा खिलाई जाएगी तथा 2 साल से नीचे, गर्भवती महिला और गंभीर रूप से बीमार लोगो को दवा नही खिलाई जाएगी। इस कार्यक्रम में एमओआईसी डाक्टर संजय कुमार, साजिद आलम, मेरी बेक, ज्योति हुरहुरिया, एवलिन मिंज आदि लोग उपस्थित थे ।

### परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया



**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लोहरदगा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का सामूहिक रूप से अवलोकन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राओं ने एक साथ कार्यक्रम को देखा और प्रधानमंत्री द्वारा परीक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों को ध्यानपूर्वक सुना। पीएम मोदी ने छात्रों को तनावमुक्त परीक्षा देने के टिप्स दिए और समय प्रबंधन, आत्मविश्वास एवं प्रेरणा से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उपयोगी बातों को अपनी पुस्तिका में नोट किया। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद प्राचार्य जी ने सभी विद्यार्थियों के साथ इन महत्वपूर्ण जानकारियों की पुनरावृत्ति की और उन्हें परीक्षा की तैयारियों के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रीति कुमार गुप्ता, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, सनोज कुमार साहू, कविता कुमारी, नीतू कुमारी, रितेश कुमार पाठक, आरती भगत सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### विद्या विकास समिति झारखंड ने आयोजित निबंध प्रतियोगिता में अन्वेषा मुखर्जी प्रथम

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा की बहन अन्वेषा मुखर्जी ने विद्या भारती द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता में पूरे झारखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्या भारती प्रतिभा खोज/चयन एवं निबंध प्रतियोगिताओं में सफल आए विद्यार्थियों को वंदना सभा में उनके अभिभावकों के साथ सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में शामिल भैया बहनों ने विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। भैया-बहनों एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित करने के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल उपस्थित थे। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान प्रत्येक वर्ष पूरे झारखंड के विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए विद्या भारती प्रतिभा खोज एवं चयन परीक्षा आयोजित करती है परीक्षा के माध्यम से भैया- बहनों के प्रतिभा का पता चलता है। यह परीक्षा दो चरणों में संपन्न होती है। प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा। मुख्य परीक्षा में सर्वोत्तम अंक लाने वाले भैया- बहनों को नगद राशि से सम्मानित किया जाता है। विद्यालय के कक्षा सप्तम के भैया अमन कुमार ने प्रतिभा खोज में द्वितीय स्थान प्राप्त कर 4000 नगद राशि, भैया ऋषभ राज शर्मा 1000 नगद,राशि, कमलेश उरांव नगद राशि ,1000 हिमांशु उरांव ने 1000 रूपए नगद राशि प्राप्त की। सांत्वना पुरस्कार आस्था पांडे, सत्यम साहू, तनिष्क राज ,अंशु मिश्रा, वैभव भास्कर, एवं हर्ष राज सिंह को प्राप्त हुआ। विद्या भारती के योजनानुसार विभिन्न विषयों में अपनी दक्षता एवं दायित्वों को बेहतर ढंग से निभाने वाले आचार्य- दीदी जी को भी मंच पर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के लिए विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, समिति के सदस्य, एवं आचार्य-आचार्या ने भैया-बहनों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# डीसी ने किया फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम-2025 का शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम 2025 (एमडीए) का शुभारंभ आज सदर अस्पताल परिसर लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी व कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने एमडीए की दवा के रूप में डीईसी और एल्बेंडाजोल की निर्धारित खुराक ली और सभी से लोहरदगा जिला को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए अपने स्तर से प्रयास करने का संदेश दिया। सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम 2025 (एमडीए) 11 फरवरी से 25 फरवरी 2025 तक डोर-टू-डोर संचालित होगा। आज 10 फरवरी को स्वास्थ्य कार्यकताओं द्वारा बूथ स्तर पर यह दवा खिलायी गयी।

- *सदर अस्पताल परिसर में दवा वितरण कार्यक्रम की हुई शुरूआत*
- *उपायुक्त, डीडीसी समेत अन्य पदाधिकारियों ने भी ली खुराक*




### संक्रमण की कड़ी को तोड़ना हीं फाइलेरिया का ईलाज : डीसी

सदर अस्पताल परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर की गई। इस मौके पर उपायुक्त,लोहरदगा ने कहा कि फाइलेरिया की बीमारी से बचाव के लिए एकमात्र उपाय बीमारी से पूर्व ही दवा लेना है जो सौ प्रतिशत कारगर है। फाइलेरिया से बचने के जरूरी है कि इसकी कड़ी को तोड़ा जाए। एमडीए की दवा के तहत किसी भी व्यक्ति को वर्ष में एक बार निर्धारित मात्रा में खुराक लेनी है जिससे फाइलेरिया के प्रभाव में आने का खतरा समाप्त हो जाता है। फाइलेरिया मच्छर के काटने से फैलता है और कोई भी व्यक्ति मच्छर के काटे जाने के खतरे से अछूता नहीं है। जब एक मच्छर व्यक्ति को काटता है तो उससे व्यक्ति के शरीर में फाइलेरिया के कीटाणु प्रवेश कर जाते हैं। फाइलेरिया से प्रभावित व्यक्ति को जब एक मच्छर काटता है तो वह मच्छर फाइलेरिया का वाहक बन जाता है।

### एमडीए की दवा को कोई गंभीर प्रतिकूल प्रभाव नहीं : डीडीसी

डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि एमडीए की दवा पूरी तरह सुरक्षित है। चुंकि यह कीटाणु से होता है इसके लिए कीटाणु के प्रभाव को समाप्त करने के लिए वर्ष में एक बार दवा लेना जरूरी है। सरकार इसके लिए प्रत्येक वर्ष दवा सेवन का एक अभियान चलाती है जिसमें सभी को यह दवा जरूर खाना चाहिए। इसका कोई गंभीर प्रतिकूल प्रभाव नहीं है। डीडीसी ने कहा कि जब स्वास्थ्य विभाग की टीम इस अभियान को घर-घर जाकर चलाए तो लाभुकों को यह दवा मौके पर ही खिलायी जाए। कोई भी टीम दवा देकर नहीं लौटे बल्कि अपने सामने ही खिलाए।

### पदाधिकारियों और कर्मियो ने ली एमडीए की खुराक

फाइलेरिया उन्मूलन के लिए समाहरणालय परिसर, लोहरदगा में भी सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम 2025 (एमडीए) संचालित किया गया। इसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम की ओर से मौके पर मौजूद पदाधिकारियों व कर्मियों को डीईसी और अल्बेंडाजोल की गोली खिलायी गई और उनके अंगूठे पर निशान अंकित किया गया। जिला के अतिरिक्त प्रखंडों में भी सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम 2025 (एमडीए) संचालित किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, लोहरदगा की टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## प्रपत्र VI 'क' समाहरणालय, गढ़वा
## (जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा)
## या समाहर्त्ता या समुचित सरकार प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)

अधिसूचना संख्या 175/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 07.02.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–फरठिया, थाना नं0–282, थाना–गढ़वा, अंचल–गढ़वा, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **NH-75** डेन्टल मोड़ से नावादोहरी पथ भाया हूर चार मुहान पथ चौडीकरण एवं मजबुतीकरण/पुर्ननिर्माण कार्य योजना हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–फरठिया, थाना नं0–282, थाना–गढ़वा, अंचल–गढ़वा, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–3.69890 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0,द0,पू0,प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 135 | 526 | रैयती | – | 0.02800 | रीना भारती पिता–स्व0 महेन्द्र प्रसाद सिंह | उ0 रोड द0 फुलमति देवी पू0 नीज प0 रोड |
| 2 | 123 | 525 | रैयती | – | 0.05200 | फुलमति देवी पति–नन्दु उरांव | उ0 रीना भारती द0 रघुवीर उरांव वगैं0 पू0 नीज प0 रोड |
| 3 | 105 | 522 | रैयती | – | 0.09900 | रघुवीर उरांव व महावीर उरांव व शंकर उरांव पिता–स्व0 तेतर उरांव व महावीर उरांव व सोमर उरांव व बैजनाथ उरांव पिता–स्व0 ठाकुर उरांव व राजदेव उरांव पिता–स्व0 सुखदेव उरांव व देवनारायण उरांव पिता–स्व0 जगेश्वर उरांव | उ0 फुलमति देवी द0 पदुम उरांव पू0 नीज प0 रोड |
| 4 | 105 | 520 | रैयती | – | 0.03580 | पदुम उरांव व लखन उरांव व अर्जुन उरांव पिता–स्व0 सोमर उरांव | उ0 रघुवीर उरांव वगैं0 द0 रामनाथ उरांव पू0 नीज प0 रोड |
| 5 | 105 | 520 | रैयती | – | 0.01220 | रामनाथ उरांव व विश्वनाथ उरांव पिता–स्व0 प्रमेश्वर उरांव | उ0 पदुम उरांव द0 रोड पू0 नीज प0 रोड |
| 6 | 135 | 517 | रैयती | – | 0.02800 | विसो उरांव पिता–स्व0 मंगर उरांव | उ0 रामनाथ उरांव द0 नन्दलाल उरांव पू0 नीज प0 रोड |
| 7 | 135 | 517 | रैयती | – | 0.01400 | नन्दलाल उरांव पिता–देवनारायण उरांव | उ0 विसो उरांव द0 सुरेश उरांव पू0 नीज प0 रोड |
| 8 | 126 | 516 | रैयती | – | 0.03000 | सुरेश उरांव व चलीतर उरांव पिता–सरयू उरांव | उ0 नन्दलाल उरांव द0 भगेश्वर उरांव पू0 नीज प0 रोड |
| 9 | 126 | 516 | रैयती | – | 0.07700 | भगेश्वर उरांव व जगेश्वर उरांव पिता–स्व0 रामजी उरांव | उ0 सुरेश उरांव द0 रोड पू0 नीज प0 रोड |
| 10 | 126 | 1104 | रैयती | – | 0.02500 | सुरेश उरांव व चलीतर उरांव पिता–सरयू उरांव | उ0 रामजन्म चौधरी द0 शिवचन्द चौधरी पू0 नीज प0 रोड |
| 11 | 120 | 514 | रैयती | – | 0.16500 | सोनमति देवी पति–प्रसाद उरांव व बलेश्वर उरांव पिता–स्व0 कदम उरांव व गणेश उरांव पिता–स्व0 लालजी उरांव व रामजी उरांव व रामनाथ उरांव पिता–स्व0 गंगा उरांव | उ0 नीज द0 रोड पू0 भगेश्वर उरांव प0 अज्ञात |
| 12 | 120 | 497 | रैयती | – | 0.14000 | सोनमति देवी पति–प्रसाद उरांव व बलेश्वर उरांव पिता–स्व0 कदम उरांव व गणेश उरांव पिता–स्व0 लालजी उरांव व रामजी उरांव व रामनाथ उरांव पिता–स्व0 गंगा उरांव | उ0 रोड द0 नीज पू0 सरयू उरांव प0 इसहाक अंसारी |
| 13 | 147 | 513 | रैयती | – | 0.01800 | अज्ञात | उ0 नीज द0 रोड पू0 सोनमति देवी वगैं0 प0 अज्ञात |
| 14 | 147 | 513 | रैयती | – | 0.00800 | अज्ञात | उ0 नीज द0 रोड प0 अज्ञात प0 अज्ञात |
| 15 | 147 | 512 | रैयती | – | 0.01500 | प्रसाद चौधरी पिता–वृक्ष चौधरी | उ0 नीज द0 रोड पू0 अज्ञात प0 नीतू सिंह |
| 16 | 147 | 512 | रैयती | – | 0.01250 | डॉ0 नितु सिंह पिता–डॉ0 एन0 सी0 अग्रवाल | उ0 नीज द0 रोड पू0 अज्ञात प0 प्लॉट 513 |
| 17 | 147 | 512 | रैयती | – | 0.00920 | अज्ञात | |
| 18 | 147 | 511 | रैयती | – | 0.02150 | अज्ञात बाउन्ड्री | |
| 19 | 147 | 511 | रैयती | – | 0.01950 | अज्ञात | |
| 20 | 147 | 510 | रैयती | – | 0.08720 | अज्ञात | |
| 21 | 147 | 509 | रैयती | – | 0.01500 | जमुना ठाकुर पिता– | |
| 22 | 147 | 499 | रैयती | – | 0.01300 | बनारसी चौधरी व रामनाथ चौधरी व शिवनाथ चौधरी पिता–स्व0 मुन्शी चौधरी | द0 नीज द0 रोड पू0 गणेशी चौधरी प0 जमुना ठाकुर |
| 23 | 147 | 498 | रैयती | – | 0.02000 | पुजा कुमारी पति–देवेन्द्र पाल | द0 नीज द0 रोड पू0 बनारसी चौधरी प0 गणेशी चौधरी |
| 24 | 147 | 498 | रैयती | – | 0.01300 | गणेशी चौधरी पिता–मंगर चौधरी | उ0 नीज द0 रोड पू0 सरयु उरांव वगैं0 प0 पुजा कुमारी |
| 25 | 123 | 585 | रैयती | – | 0.15400 | सरयू उरांव पिता–स्व0 मथुरा उरांव | उ0 नीज द0 रोड पू0 सोनमति देवी वगैं0 प0 ललीता देवी |
| 26 | 121 | 586 | रैयती | – | 0.01400 | ललिता देवी पति–राम बेलास चौधरी | उ0 नीज द0 रोड पू0 उमेश चौधरी प0 सरयू उरांव |
| 27 | 121 | 586 | रैयती | – | 0.01400 | उमेश चौधरी पिता–स्व0 प्राण चौधरी | उ0 नीज द0 रोड पू0 धीरज सिंह प0 ललिता देवी |
| 28 | 121 | 586 | रैयती | – | 0.04900 | धीरज कुमार सिंह पिता–रजविजय बहादुर सिंह | उ0 नीज द0 रोड पू0 उमेश चौधरी प0 निर्मला देवी |
| 29 | 121 | 586 | रैयती | – | 0.01800 | निर्मला देवी पति–कमेश्वर गिरि | उ0 नीज द0 नीज पू0 बिजली विभाग प0 धीरज कुमार सिंह |
| 30 | 121 | 586 | रैयती | – | 0.15780 | भोला चौधरी व रामजी चौधरी व प्रमोद चौधरी व विनोद चौधरी पिता–स्व0 कैलास चौधरी | उ0 रोड द0 नीज पू0 अशोक कुमार केशरी प0 सरयू उरांव |
| 31 | 121 | 586 | रैयती | – | 0.04420 | अज्ञात | अज्ञात |
| 32 | 27 | 472 | रैयती | – | 0.03000 | मौलाना सकिल अहमद अंसारी वगैं0 पिता–कमरूदीन अंसी | उ0 रोड द0 कलीम अंसारी पू0 रोड प0 नीज |
| 33 | 27 | 472 | रैयती | – | 0.01500 | कलीम अंसारी पिता–मो0 वसीर अहमद | उ0 सकिल अहमद द0 नूरूल होदा वगैं0 पू0 रोड प0 नीज |
| 34 | 27 | 472 | रैयती | – | 0.03000 | नूरूल होदा पिता–स्व0 एनूल शेख | उ0 कलीम अंसी द0 समसुल होदा पू0 रोड प0 नीज |
| 35 | 27 | 472 | रैयती | – | 0.03000 | समसुल होदा पिता–स्व0 एनूल शेख | उ0 नूरूल होदा द0 जवाहर प्रसाद पू0 रोड प0 नीज |
| 36 | 27 | 472 | रैयती | – | 0.01200 | जवाहर प्रसाद केशरी पिता–स्व0 गुपुत साह | उ0 नूरूल होदा द0 कन्हैया लाल केशरी पू0 रोड प0 नीज |
| 37 | 27 | 472 | रैयती | – | 0.02000 | कन्हैया लाल केशरी पिता–स्व0 वंशीधर साव | उ0 जवाहर प्रसाद द0 राजेन्द्र दुबे पू0 रोड प0 नीज |
| 38 | 27 | 472 | रैयती | – | 0.01400 | राजेन्द्र दुबे पिता–स्व0 नन्दकिशोर दुबे | उ0 कन्हैयालाल केशरी द0 सतेश्वरी देवी पू0 रोड प0 नीज |
| 39 | 27 | 472 | रैयती | – | 0.00750 | सतेश्वरी देवी पति–देवेन्द्र नाथ दुबे | उ0 राजेन्द्र दुबे द0 प्लॉट 472 पू0 रोड प0 नीज |
| 40 | 27 | 472 | रैयती | – | 0.01000 | अज्ञात | उ0 सतेश्वरी देवी द0 प्लॉट 472 पू0 रोड प0 नीज |
| 41 | 27 | 472 | रैयती | – | 0.00500 | अज्ञात | उ0 प्लॉट 472 द0 भगवंती देवी पू0 रोड प0 नीज |
| 42 | 27 | 472 | रैयती | – | 0.01000 | भगवन्ती देवी पति–रामचन्द्र साव | उ0 प्लॉट 472 द0 मुरतुजा पू0 रोड प0 नीज |
| 43 | 27 | 472 | रैयती | – | 0.00350 | मुरतुजा अंसारी पिता–स्व0 डॉ0 अली रजा | उ0 भगवन्ती देवी द0 मनमोहन यादव पू0 रोड प0 नीज |
| 44 | 27 | 472 | रैयती | – | 0.00700 | मनमोहन यादव पिता–स्व0 केदल यादव | उ0 मुरतुजा अंसारी द0 महावीर नाथ उपाध्याय पू0 रोड प0 नीज |
| 45 | 27 | 472 | रैयती | – | 0.00700 | महावीर नाथ उपाध्याय पिता–स्व0 जगदीश नारायण उपाध्याय | उ0 मनमोहन यादव द0 नरेश चौधरी पू0 रोड प0 नीज |
| 46 | 27 | 472 | रैयती | – | 0.00700 | नरेश चौधरी व कमेश्वर चौधरी व कलू चौधरी व सुचित चौधरी पिता–स्व0 मुन्नी चौधरी | उ0 महावीर नाथ उपाध्याय द0 पातन लक्ष्मी पू0 रोड प0 नीज |
| 47 | 64 | 473 | रैयती | – | 0.00500 | पातन लक्ष्मी पति–प्रकाश साव | उ0 नरेश चौधरी द0 भगवन्ती देवी पू0 रोड प0 नीज |
| 48 | 64 | 473 | रैयती | – | 0.01000 | विमला देवी पति–गंगा साव | उ0 पातन लक्ष्मी द0 प्लॉट 473 पू0 रोड प0 नीज |
| 49 | 64 | 473 | रैयती | – | 0.00900 | अज्ञात | उ0 विमला देवी द0 नूरूल होदा पू0 रोड प0 नीज |
| 50 | 64 | 473 | रैयती | – | 0.02100 | नूरूल होदा पिता–स्व0 एनूल शेख | उ0 प्लॉट 473 द0 नीज पू0 रोड प0 नीज |
| 51 | 137 | 515 | रैयती | – | 0.01000 | रेखा केशरी पति–सुशिल कुमार केशरी | उ0 रोड द0 नीज पू0 बन्दना देवी प0 रोड |
| 52 | 137 | 515 | रैयती | – | 0.01500 | बन्दना देवी पति–नर्मदेश्वर कुमार दुबे | उ0 रोड द0 नीज पू0 नूरूल होदा द0 रेखा केशरी |
| 53 | 137 | 515 | रैयती | – | 0.06100 | नूरूल होदा व समसुल होदा पिता–स्व0 एनूल शेख | उ0 रोड द0 नीज पू0 रामजी उरांव प0 बन्दना देवी |
| 54 | 137 | 515 | रैयती | – | 0.03400 | अज्ञात | अज्ञात |
| 55 | | 493 | रैयती | – | 0.11400 | अज्ञात | उ0 रोड द0 नीज पू0 प्लॉट 494 प0 बलेश्वर उरांव वगैं0 |
| 56 | 110 | 494 | रैयती | – | 0.07480 | अज्ञात | उ0 प्लॉट 493 द0 नीज पू0 शाह मोहम्मद प0 अज्ञात |
| 57 | 110 | 494 | रैयती | – | 0.02000 | शाह मोहम्मद पिता–स्व0 भुलु शेख | उ0 रोड द0 नीज पू0 अमीर जान प0 प्लॉट 494 |
| 58 | 110 | 494 | रैयती | – | 0.01540 | अमीरजान शेख पिता–स्व0 नूर मो0 शेख | उ0 रोड द0 नीज पू0 प्लॉट 494 प0 अलीजान शेख |
| 59 | 110 | 494 | रैयती | – | 0.01540 | अलीजान शेख पिता–स्व0 नूर मो0 शेख | उ0 रोड द0 नीज पू0 मो0 जान प0 अमीरजान |
| 60 | 97 | 495 | रैयती | – | 0.01540 | मो0 जान शेख पिता–स्व0 नूर मो0 शेख | उ0 रोड द0 नीज पू0 कलाउदीन अंसारी प0 अलीजान |
| 61 | 97 | 495 | रैयती | – | 0.03440 | कलामुदीन अंसारी व फरिद अंसारी व अब्दुल रसीद अंसारी पिता–स्व0 सहाबुदीन शेख | उ0 रोड द0 नीज पू0 अलाउदीन प0 मो0 जान शेख |
| 62 | 97 | 495 | रैयती | – | 0.03270 | अलाउदीन अंसारी व सलाउदीन अंसारी पिता–स्व0 जनीफ शेख | उ0 रोड द0 नीज पू0 फरीद शेख प0 कलामुदीन शेख |
| 63 | 97 | 495 | रैयती | – | 0.03270 | फरीद अंसारी पिता–स्व0 सहाबुदीन शेख | उ0 रोड द0 नीज पू0 तइयत अंसारी प0 अलाउदीन |
| 64 | 97 | 405 | रैयती | – | 0.05620 | अज्ञात | अज्ञात |
| 65 | 151 | 1107 | रैयती | – | 0.01100 | तईयब अंसारी व गुलाम रसुल अंसारी व सरफराज अंसारी व अलीरजा अंसारी व अलताफ रजा पिता–स्व0 उसमान अंसारी | उ0 रोड द0 नूरूल हक पू0 अफतर अंसारी प0 रोड |
| 66 | 151 | 496 | रैयती | – | 0.08100 | तईयब अंसारी व गुलाम रसुल अंसारी व सरफराज अंसारी व अलीरजा अंसारी व अलताफ रजा पिता–स्व0 उसमान अंसारी | उ0 रोड द0 इसहाक अंसारी पू0 नीज प0 फरीद अंसारी |
| 67 | 151 | 496 | रैयती | – | 0.02000 | इसाक अंसारी पिता–स्व0 सदीक शेख | उ0 रोड द0 नीज पू0 रामजी उरांव प0 तईयब अंसारी |
| 68 | 151 | 496 | रैयती | – | 0.07000 | अज्ञात | |
| 69 | 12 | 1273 | रैयती | – | 0.02300 | नागेश्वर चौधरी पिता–स्व0 बुटाई चौधरी | उ0 महेन्द्र प्रसाद चौधरी द0 लखमनियां देवी पू0 नीज प0 रास्ता |
| 70 | 12 | 1273 | रैयती | – | 0.02100 | लखमनिया देवी पति–गौतम चौधरी | उ0 नागेश्वर चौधरी द0 रामराज चौधरी पू0 नीज प0 रास्ता |
| 71 | 12 | 1273 | रैयती | – | 0.02100 | रामराज चौधरी पिता–स्व0 गुरूरण चौधरी | उ0 गौतम चौधरी द0 लक्ष्मण चौधरी पू0 नीज प0 रास्ता |
| 72 | 12 | 1273 | रैयती | – | 0.01800 | लक्ष्मण चौधरी पिता–स्व0 विश्वनाथ चौधरी | उ0 रामराज चौधरी द0 छठु चौधरी पू0 नीज प0 रास्ता |
| 73 | 12 | 1273 | रैयती | – | 0.02000 | छठु चौधरी पिता–सीता चौधरी | उ0 लक्ष्मण चौधरी द0 तुफैल अंसारी वगैं0 पू0 नीज प0 रास्ता |
| 74 | 12 | 1273 | रैयती | – | 0.03500 | तुफेल अंसारी व गुलाम अंसारी व वसीम अंसारी पिता–स्व0 सौकत अंसारी | उ0 छठु चौधरी द0 प्रगास चौधरी पू0 नीज प0 रास्ता |
| 75 | 12 | 1273 | रैयती | – | 0.02000 | किसवा देवी पति–प्रगास चौधरी | उ0 तुफैल अंसारी द0 बैजनाथ चौधरी पू0 नीज प0 रास्ता |
| 76 | 12 | 1273 | रैयती | – | 0.05500 | बैजनाथ चौधरी पिता–स्व0 कुटुम चौधरी | उ0 प्रगास चौधरी द0 छेदी चौधरी पू0 नीज प0 रास्ता |
| 77 | 12 | 1273 | रैयती | – | 0.05300 | छेदी चौधरी पिता–स्व0 भिखु चौधरी | उ0 बैजनाथ चौधरी द0 राजबली चौधरी पू0 नीजप0 रास्ता |
| 78 | 12 | 1273 | रैयती | – | 0.01000 | नूरूल होदा पिता–स्व0 एनूल शेख | उ0 महेन्द्र सिंह द0 नागेश्वर चौधरी पू0 महेन्द्र सिंह प0 रोड |
| 79 | 12 | 1273 | रैयती | – | 0.05300 | महेन्द्र प्रसाद सिंह पिता–स्व0 रामस्वरूप सिंह | उ0 नागेश्वर चौधरी द0 नीज पू0 नीज प0 रोड |
| 80 | 12 | 1273 | रैयती | – | 0.19100 | अज्ञात | अज्ञात |
| 81 | 51 | 1276 | रैयती | – | 0.09400 | सुर्यदेव चौधरी पिता–स्व0 जगु चौधरी व विनोद चौधरी पिता–स्व0 जगु चौधरी व विपिन चौधरी पिता–स्व0 द्वारिका चौधरी | उ0 रोड द0 नीज पू0 रोड प0 नीज |
| 82 | 93 | 1468 | रैयती | – | 0.11000 | रमजान अली व मो0 सुहेल अहमद पिता–स्व0 जमालुदीन शेख | उ0 बांध द0 जहीर अंसारी वगैं0 पू0 रोड प0 नीज |
| 83 | 93 | 1106 | रैयती | – | 0.02100 | नूरूलहक पिता–स्व0 जैनुल शेख | उ0 तईयब अंसारी द0 रामजन्म चौधरी पू0 नीज प0 रोड |
| 84 | | 1105 | रैयती | – | 0.02500 | रामजन्म चौधरी पिता–स्व0 तपेश्वर चौधरी | उ0 नूरूल हक द0 सुरेश उरांव पू0 नीज प0 रोड |
| 85 | | 1098 | रैयती | – | 0.00200 | शिवचन चौधरी पिता–स्व0 कन्हाई चौधरी | उ0 सुरेश उरांव द0 प्लॉट 1095 पू0 नीज प0 रोड |
| 86 | | 1097 | रैयती | – | 0.00300 | शिवचन चौधरी पिता–स्व0 कन्हाई चौधरी | उ0 नीज द0 जहीर अंसारी पू0 नीज प0 रोड |
| 87 | 28 | 1469 | रैयती | – | 0.02500 | जहीर असारी वगैं0 पिता–नवी रसूल अंसारी व इसुफ अंसारी वगैं0 पिता–स्व0 रोज मोहम्मद अंसारी | उ0 रमजान अंली द0 मो0 अब्बास अंसारी पू0 रोड प0 नीज |
| 88 | 28 | 1469 | रैयती | – | 0.01000 | अलाउदीन अंसारी व मो0 अब्बास अंसारी पिता–वाहिद अली अंसारी | उ0 जहीर अंसारी वगैं0 द0 मुन्नी चौधरी पू0 रोड प0 नीज |
| 89 | 32 | 1470 | रैयती | – | 0.01400 | अलाउदीन अंसारी व मो0 अब्बास अंसारी पिता–वाहिद अली अंसारी | उ0 नीज द0 चन्दु चौधरी पू0 रोड प0 नीज |
| 90 | 32 | 1470 | रैयती | – | 0.01500 | मुन्नी चौधरी पिता–स्व0 फागु चौधरी | उ0 मो0 अब्बास अंसारी द0 चन्दु चौधरी पू0 रोड प0 नीज |
| 91 | 32 | 1470 | रैयती | – | 0.03100 | चन्दु चौधरी पिता–स्व0 बेलास चौधरी | उ0 मुन्नी चौधरी द0 जहीर अंसारी पू0 रोड प0 नीज |
| 92 | 28 | 1478 | रैयती | – | 0.01500 | जहीर असारी वगैं0 पिता–नवी रसूल अंसारी व इसुफ अंसारी वगैं0 पिता–स्व0 रोज मोहम्मद अंसारी | उ0 चन्दु चौधरी द0 रहमुदीन अंसारी पू0 रोड प0 नीज |
| 93 | 28 | 1478 | रैयती | – | 0.01400 | रहमुदीन अंसारी वगैं0 पिता–स्व0 रोजा शेख व जहीर अंसारी पिता–नवी रसुल अंसारी | उ0 जहीर अंसारी वगैं0 द0 अलाउदीन अंसारी वगैं0 पू0 रोड प0 नीज |
| 94 | 28 | 1478 | रैयती | – | 0.01000 | अलाउदीन अंसारी व मो0 अब्बास अंसारी पिता–वाहिद अंसारी | उ0 रहमुदीन अंसारी वगैं0 द0 जान अंसारी पू0 रोड प0 नीज |
| 95 | 28 | 1478 | रैयती | – | 0.01500 | अमना बीबी पति–स्व0 अनवर अंसारी | उ0 अलाउदीन अंसारी द0 मो0 जान पू0 रोड प0 नीज |
| 96 | 28 | 1478 | रैयती | – | 0.03000 | मो0 जान अंसारी व अलीजान अंसारी व अमीर जान अंसारी पिता–स्व0 नूर मोहम्मद अंसारी | उ0 अमना बीबी द0 लालजी चौधरी पू0 रोड प0 नीज |
| 97 | 32 | 1088 | रैयती | – | 0.00870 | लालजी चौधरी पिता–स्व0 अमृत चौधरी | उ0 कब्रिस्तान द0 बिहारी चौधरी पू0 नीज प0 रोड |
| 98 | 32 | 1088 | रैयती | – | 0.00430 | बिहारी चौधरी पिता–स्व0 अमृत चौधरी | उ0 लालजी चौधरी द0 राजा चौधरी पू0 नीज प0 रोड |
| 99 | 32 | 1088 | रैयती | – | 0.00600 | राजा चौधरी पिता–स्व0 अमृत चौधरी | उ0 बिहारी चौधरी द0 खलील अंसारी पू0 नीज प0 रोड |
| 100 | 30 | 1087 | रैयती | – | 0.00300 | खलील अंसारी पिता–स्व0 हाजी करामत अंसारी | उ0 राजा चौधरी द0 ईसरत अंसारी पू0 नीज प0 रोड |
| 101 | 64 | 1080 | रैयती | – | 0.02100 | ईसरत अंसारी पिता–स्व0 नवीजान अंसारी | उ0 खलील अंसारी द0 नवीर अंसारी पू0 नीज प0 रोड |
| 102 | 64 | 1080 | रैयती | – | 0.00500 | नवीर अंसारी पिता–सलामत अंसारी | उ0 ईसरत अंसारी द0 अमरूलाह अंसरी पू0 नीज प0 रोड |
| 103 | 64 | 1080 | रैयती | – | 0.00600 | अमरूलाह अंसारी पिता–मो0 रसूल अंसारी | उ0 नवीर अंसारी द0 नवीर अंसारी पू0 नीज प0 रोड |
| 104 | 64 | 1080 | रैयती | – | 0.01100 | नवीर अंसारी पिता–सलामत अंसारी | उ0 अमरूलाह अंसारी द0 सहन साह आलम पू0 नीज प0 रोड |
| 105 | 64 | 1080 | रैयती | – | 0.01100 | सहनसाह आलम पिता–स्व0 अमीरूदीन अंसारी | उ0 नवीर अंसारी द0 सहनसाह आलम पू0 नीज प0 रोड |
| 106 | 26 | 1079 | रैयती | – | 0.00900 | सहनसाह आलम पिता–स्व0 अमीरूदीन अंसारी | उ0 नीज द0 रोड पू0 नीज प0 रोड |
| 107 | 12 | 1274 | रैयती | – | 0.04000 | मालती ओझा पति–राजेन्द्र कुमार ओझा | उ0 विनय प्रसाद द0 रोड पू0 रोड प0 लालधारी चौधरी |
| 108 | 12 | 1274 | रैयती | – | 0.08100 | नूरूल होदा पिता–स्व0 एनूल शेख | उ0 नीज द0 रोड पू0 रोड प0 नीज |
| 109 | 12 | 1274 | रैयती | – | 0.00500 | लालधारी चौधरी पिता–विश्वनाथ चौधरी | उ0 विनय प्रकाश केशरी द0 रोड पू0 मालती ओझा प0 अशोक केशरी |
| 110 | 78 | 1485 | रैयती | – | 0.00800 | नूरूल होदा व समसुल होदा पिता–स्व0 एनूल शेख व रमजान अली पिता–जमालुदीन शेख | उ0 नीज द0 नीज पू0 नीज प0 रोड |
| 111 | 149 | 1460 | रैयती | – | 0.03300 | तबिब आलम पिता–नूरूल होदा | उ0 बांध द0 इमरान अंसारी पू0 रोड प0 नीज |
| 112 | 149 | 1460 | रैयती | – | 0.03300 | इमरान अंसारी पिता–समसुल होदा | उ0 तबिब आलम द0 निसार अंसारी पू0 रोड प0 नीज |
| 113 | 149 | 1460 | रैयती | – | 0.04000 | निसार आलम पिता–नूरूल होदा | उ0 नीज द0 रोड पू0 रोड प0 नीज |
| 114 | 26 | 1214 | रैयती | – | 0.02500 | नूरूल होदा व समसुल होदा पिता–स्व0 ऐनुल शेख | उ0 कुदरत अली द0 सुकन चौधरी पू0 नीज प0 रोड |
| 115 | 55 | 1215 | रैयती | – | 0.02000 | कुदरत अली व कौशर अली पिता–स्व0 रहमतुल्लाह शेख | उ0 अकलू चौधरी द0 नूरूल होदा पू0 नीज प0 रोड |
| | | | | कुल :– | 3.69890 | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन श्री फैजुल्लाह अंसारी को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

PR 346150 Land Reforms(24-25)D

उपायुक्त,गढ़वा।

# मैट्रिक-इंटर परीक्षा की तैयारियां पूरी, आज पांच केंद्रों पर होगी परीक्षा

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** भरनो प्रखंड में 11 फरवरी से शुरू होने वाली मैट्रिक और इंटर परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी–पहली पाली में मैट्रिक और दूसरी पाली में इंटर की परीक्षा होगी। इनमें से दुम्बो और शिशु मंदिर केंद्रों पर केवल मैट्रिक की परीक्षा होगी। कुल 1752 विद्यार्थी देंगे परीक्षा मैट्रिक परीक्षा में 1237 विद्यार्थी शामिल होंगे। इंटरमीडिएट परीक्षा में 515 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

**सुविधाओं का किया गया पुख्ता इंतजाम :** परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी निगरानी, पेयजल, शौचालय और बेंच-डेस्क की समुचित व्यवस्था की गई है। जिन केंद्रों में बेंच-डेस्क की कमी थी, वहां अन्य स्कूलों से मंगाकर व्यवस्था पूरी कर दी गई है।

**पांच परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं**

- प्लस टू हाई स्कूल, भरनो
- प्रोजेक्ट बालिका हाई स्कूल, भरनो
- बालिका मध्य विद्यालय, भरनो
- राजकीय उत्क्रमित हाई स्कूल, दुम्बो
- सीताराम साव सरस्वती शिशु मंदिर, भरनो

## मैट्रिक-इंटर विद्यार्थियों का विदाई समारोह, मुख्य अतिथि ने दिए सफलता के टिप्स



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** प्लस टू हाई स्कूल, तुरीअम्बा भरनो में सोमवार को मैट्रिक और इंटर के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूली बच्चों के स्वागत गान से हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

**मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को दिए परीक्षा के महत्वपूर्ण टिप्स :** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, प्रखंड प्रमुख पारसनाथ उरांव, ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मैट्रिक और इंटर की परीक्षा उनके दस वर्षों की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को ध्यानपूर्वक और मन लगाकर परीक्षा देने की सलाह दी, ताकि वे बेहतरीन प्रदर्शन कर अपने स्कूल, शिक्षकों और अभिभावकों का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने कहा कि अच्छे परिणाम से बेहतर कॉलेज में नामांकन का मार्ग प्रशस्त होता है।

**88 विद्यार्थियों को दी गई विदाई और शुभकामनाएं :** बीआरपी समीम एजाज और विद्यालय के प्रधानाध्यापक बलबीर तिग्गा ने भी विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधी महत्वपूर्ण टिप्स दिए और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस दौरान 88 छात्र-छात्राओं को पेन, कॉपी और फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया।

**विद्यालय परिवार ने दी शुभकामनाएँ :** विदाई समारोह में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी ने परीक्षार्थियों को सफल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए उम्मीद जताई कि वे बेहतरीन परिणाम लाकर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।

# फाइलेरिया के खिलाफ एमडीए कार्यक्रम का हुआ आयोजन




नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** सोमवार को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फाइलेरिया के खिलाफ मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन जिप सदस्य मेरी लकड़ा और चिकित्सक प्रभारी डॉ. धर्मनाथ ठाकुर ने मिलकर दवा खाकर किया।कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा, फाइलेरिया एक अत्यंत खतरनाक बीमारी है, और इससे बचने का सबसे प्रभावी उपाय यही है कि हम सभी दवा का सेवन करें। दवा लेने से कीटाणु हमारे शरीर में प्रवेश नहीं कर पाएंगे, जिससे इस बीमारी की संभावना कम होगी। हमें अपनी और अपने आस-पास के लोगों की सुरक्षा के लिए इस दवा का उपयोग अवश्य करना चाहिए। डॉ. धर्मनाथ ठाकुर ने बताया, हमारा स्वास्थ्य साथी घर-घर जाकर दवा का वितरण करेंगे। यह कार्यक्रम 25 फरवरी तक चलेगा। इस दवा के सेवन से फाइलेरिया शरीर में प्रवेश नहीं कर पाएगी, जिससे हम सभी स्वस्थ रह सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान चैनपुर प्रखंड मुख्यालय में स्कूली बच्चों द्वारा एक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य आम जनों को फाइलेरिया और इसके खतरे के बारे में जागरूक करना था। पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने भी दवा के बारे में विस्तृत जानकारी दी और इसके महत्व को समझाया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिप सदस्य मेरी लकड़ा, डॉ. धर्मनाथ ठाकुर, चैनपुर मुखिया शोभा देवी,२पुष्प लकड़ा, रूमीरोश टोप्पो, सेविका ममता गुप्ता अन्य स्वास्थ्य कर्मी एवं सेविका, और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर फाइलेरिया के खिलाफ एकजुट होकर लड़ने का संकल्प लिया और एक-दूसरे को दवा लेने के लिए प्रेरित किया।इस प्रकार, चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का यह कार्यक्रम फाइलेरिया से बचाव के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ और क्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने में सफल रहा। वही आंगनबाड़ी सेवकों ने भी अपने अपने सेंटरों में स्टोल लगाकर दवा का वितरण किया।

# तीर्थ यात्रा से लौट रही कार की दुर्घटना बनी जनचर्चा का विषय



नवीन मेल संवाददाता

**बसिया(गुमला)।** रांची-सिमडेगा मुख्य पथ पर देवीगुड़ी चौक के पास आज फिर से एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। एक बड़े ब्लैक स्पॉट के तौर पर चिन्हित इस तीखे मोड़ पर हुए आज हुई दुर्घटना में कार चालक कार समेत एक होटल में जा घुसा। इसे एक संयोग कहा जा सकता है कि उस समय होटल खाली था और होटल मालिक भी इसकी चपेट आने से बच गया। मिली जानकारी के अनुसार संबलपुर निवासी रंजू देवी अपने परिजनों के साथ कुम्भ स्नान हेतु प्रयागराज गए हुए थे। जिस गाड़ी में वे प्रयागराज गए थे वह औरंगाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गया और वे किसी तरह उसी गाड़ी में रामगढ़ तक पहुची। रामगढ़ में उनकी गाड़ी पुरी तरह से खराब हो गई। इस बीच रंजु देवी के एक दोस्त प्रशांत कुमार से उनका संपर्क बन गया और वे सभी संबलपुर की चल निकले। इसी क्रम में बसिया देवीगुड़ी चौक के समीप असंतुलित होकर उनकी कार होटल में जा घुसी। इस दुर्घटना में कार सवार लोगों और होटल मालिक को कोई गंभीर चोटें तो नहीं लगी परन्तु एक तरफ जहाँ कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है वहीं दूसरी तरफ तीर्थ यात्रा में निरंतर बिघ्न और तथाकथित ब्लैक स्पॉट का मामला यहां जनचर्चा का विषय बन गया है।

सिसई प्रखंड मुख्यालय सहित क्षेत्र के एक सौ चौहत्तर बूथों में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत शिविरों का आयोजन

# आज से 25 फरवरी तक खिलाई जाएगी फाइलेरियारोधी दवा : सुनील कुमार

नवीन मेल संवाददाता

**सिसई (गुमला)।** रेफरल अस्पताल सिसई के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ललिता कुमारी मिंज की अगुवाई में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के द्वारा प्रखंड मुख्यालय के साथ साथ क्षेत्र के एक सौ चौहत्तर बूथों पर शिविरों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सिसई प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड प्रमुख मीणा देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव, समाज सेवी रोहित शर्मा एवं रेफरल अस्पताल सिसई के एमपीडब्लू सुनील कुमार, एमपीडब्लू निर्मल जुनूस कुजूर, एमपीडब्लू रोशन लकड़ा, सुपरवाइजर सीताराम मुंडा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तथा प्रखण्ड प्रमुख मीणा देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव, व प्रखंड कर्मियों के साथ साथ प्रखंड में मौजूद ग्रामीणों को फाइलेरिया से बचाव हेतु दवा खिलाया गया। और बताया गया कि प्रत्येक वर्ष दस फरवरी को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जाता है, इसी के तहत इस वर्ष भी यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें प्रखंड मुख्यालय के साथ साथ एक सौ चौहत्तर बूथों में शिविरों का आयोजन कर लोगों को फाइलेरिया का दवा खिलाना सुनिश्चित किया गया है। ग्यारह फरवरी से लेकर पच्चीस फरवरी 2025 तक स्वास्थ्यकर्मियों के द्वारा घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया का दवा खिलाया जाएगा। इस कार्यक्रम के तहत कुल एक लाख बयालीस हजार जनसंख्या को फाइलेरिया का दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। एमपीडब्लू सुनील कुमार ने आगे जानकारी देते हुए कहा गया कि फाइलेरिया एक लाईलाज बीमारी है, जो मच्छरों के काटने से होता है इसका मुख्य लक्षण है लोगों के पैरों में सूजन से पांव फूलकर हाथीपांव हो जाना और हाइड्रोसील का बढ़ जाना। लेकिन इसका समय पर जानकारी हो जाने पर बचाव किया जा सकता है, लोगों से कहा गया कि अपने आस पास के वातावरण को स्वच्छ रखें, पानी का जमाव घर के आस पास न होने दें। ताकि मच्छरों को पनपने से रोका जा सके। रात में सोते वक्त मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करें। शिविरों के माध्यम से स्वास्थ्यकर्मियों के द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। और फाइलेरिया से बचाव के उपाय बताए गए। जब भी इस तरह के लक्षण दिखाई पड़े तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य विभाग में जाकर डॉक्टर से सलाह अवश्य लें। क्योंकि बचाव ही इसका ईलाज है। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्यकर्मी, प्रखंडकर्मी, एवं भारी संख्या में आम जनता मौजूद थे।




# नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी को भेजा जेल



**बसिया(गुमला)।** नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को पकड़ कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार गत दिनों बसिया थाना क्षेत्र के कनसकेली गांव की एक महिला ने गांव के ही एक युवक सरबजीत गोप के द्वारा उसकी बेटी के साथ यौन उत्पीड़न का नामदर्ज आरोप लगाया था। इस मामले में बसिया थाना कांड सख्या 12/25 धारा 65(2)बीएनएस व 4/6 पोक्सो एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है। इस तथ्य की पुष्टि करते हुए थाना प्रभारी युधिष्ठिर प्रजापति ने बताया कि इस मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियुक्त सरबजीत गोप (21) को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है।

ककड़ोलता तीर्थ स्थल की स्वच्छता को लेकर समीक्षा बैठक

# धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने ग्रामीणों को दी ₹10,000 की सहयोग राशि

नवीन मेल संवाददाता

**डुमरी (गुमला)।** डुमरी प्रखंड के अकासी, पुटरूंगी, सिरसी और नवगाई गांवों के ग्राम सभा, ग्राम प्रधान, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य और ग्रामीणों ने 3 और 6 फरवरी को ककड़ोलता में आयोजित कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की। इस बैठक में आदिवासी धर्मगुरु बंधन तिग्गा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**तीर्थ स्थल की सफाई पर जोर :** बैठक में धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने बताया कि 3 फरवरी को आयोजित राजकीय समारोह के बाद कार्यक्रम स्थल पर भारी मात्रा में कचरा फैल गया था, जिसे प्रशासन द्वारा साफ नहीं किया गया। ऐसे में राजी पढ़हा प्रार्थना सभा भारत और ग्रामीणों के सहयोग से पूरे स्थल की सफाई कराई गई। उन्होंने कहा कि ककड़ोलता एक पवित्र तीर्थ स्थल है, जिसे सभी को मिलकर स्वच्छ और सम्मानजनक बनाए रखना होगा।

**जिसमें निर्णय लिया गया**

- जंगल से दातवन और पत्ते नहीं तोड़े जाएंगे।
- जो भी श्रद्धालु आएंगे, वे गंदगी नहीं फैलाएंगे।
- ग्राम सभा के आदेशों का पालन किया जाएगा।

**तीर्थ स्थल की गरिमा बनाए रखने की अपील :** इससे पहले, 3 और 6 फरवरी के कार्यक्रम को लेकर धर्मगुरु के साथ चारों गांवों के ग्रामीणों की बैठक हुई थी। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने धर्मगुरु बंधन तिग्गा की सराहना करते हुए कहा कि जहां अन्य लोग गंदगी फैलाकर चले जाते हैं, वहीं धर्मगुरु कार्यक्रम के बाद ग्रामीणों से मिलने, उनका हाल-चाल जानने और धन्यवाद देने खुद आए।

धर्मगुरु बंधन तिग्गा ने कहा कि कार्यक्रम स्थल की स्वच्छता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने चारों गांवों के ग्रामीणों को तीर्थ स्थल की सफाई के लिए ₹10,000 की सहयोग राशि दी।

इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष रवि तिग्गा, कमले किस्पोट्टा, संजय उरांव, चिंतामणि उरांव, मुखिया संजय उरांव, कोलेस्टिका खलखो, पंचायत समिति सदस्य रोजलिन, जून उरांव, श्रीराम उरांव, वासुदेव भगत, राकेश भगत, सुमेश भगत, रामकृपा भगत, सुरेश भगत, मनोज उरांव, धनेश्वर भगत, अजीत तिर्की सहित चारों गांवों के ग्राम प्रधान, वार्ड पार्षद और अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

गुमला में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर चेंबर ऑफ कॉमर्स ने जताई चिंता

# थाना प्रभारी से मिला प्रतिनिधिमंडल



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला शहर में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर गुमला चेंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह की अध्यक्षता में गुमला सदर थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में गुमला मेन रोड पर हुई चोरी की घटनाओं, विशेष रूप से अमर मेडिकल स्टोर में शटर तोड़कर हुई चोरी को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि शहर में चोरी की वारदातें लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन चोरों की गिरफ्तारी नहीं हो पा रही, जिससे व्यापारियों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है।

**थाना प्रभारी ने दिया जल्द कार्रवाई का आश्वासन :** थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम लगातार गश्त कर रही है, और वह खुद भी रात में निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने माना कि चोरों को पकड़ने में अब तक सफलता नहीं मिली है, लेकिन पुलिस जल्द ही ठोस रणनीति अपनाकर अपराधियों को पकड़ने में सफल होगी। इस मौके पर चेंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ सचिव बबलू वर्मा, उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल, सहसचिव प्रणय साहू, कोषाध्यक्ष अमित गोलू, पीआरओ प्रतीक अग्रवाल, मीडिया प्रभारी मोहम्मद इम्तियाज, पूर्व अध्यक्ष अमित महेश्वरी, दिनेश अग्रवाल और मुन्नीलाल साहू सहित अन्य व्यापारी उपस्थित थे।

OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, CHATRA, JHARKHAND (DISTRICT DEVELOPMENT SECTION)

Memo No-VI-DMFT-42/2024/67 Dated 10/02/2025

CANCELLATION OF RFP NOTICE

Due to unavoidable circumstances" SELECTION OF ORGANISATION FOR THE ESTABLISHMENT AND RUNNING OF THE PLANNING AND MONITORING UNIT (PMU) UNDER THE DISTRICT MINERAL FOUNDATION TRUST,CHATRA (RFP No.- 01/2024-25, Dated-21.01.2025)" published vide memo no. 42, Dated- 21.01.2025 and PR No: 344859, Dated-22.01.2025 is hereby cancelled until further notice.

For information

DDC-Cum-Member Secretary
DMFT, Chatra

PR 346214 (District) 24-25 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज।
शुद्धि पत्र

इस कार्यालय द्वारा निर्गत निविदा आमंत्रण सूचना, जिसका पी0आर0 नं0– PR 345474 Building(24-25).D है को अपरिहार्य कारणों से निविदा को तिथि परिवर्तित करते हुए निम्नलिखित नई तिथि पढ़ा जाय :–

1. मुहरबंद लिफाफा निविदा प्राप्त की तिथि एवं समय–13.02.2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक
2. मुहरबंद लिफाफा निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 13.02.2025 को 03:30 बजे अपराह्न तक

शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, डालटनगंज।

PR 346171 Building(24-25)D

# राजस्व वसूली कैंप का आयोजन समस्या का तुरंत होगा निष्पादन

नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड एवं अंचल परिसर में एक विशेष राजस्व वसूली कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह कैम्प 13 फरवरी, गुरुवार को होगा, जिसमें चैनपुर अंचल के सभी हल्का कर्मचारियों और अंचल निरीक्षक की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि इस कैम्प का मुख्य उद्देश्य राजस्व वसूली से संबंधित मामलों का समाधान करना है। इस दौरान नागरिक अपने राजस्व संबंधी समस्याओं का समाधान करवा सकेंगे और आवश्यक आवेदन भी जमा कर सकेंगे। विशेष रूप से, उन नागरिकों को इस कैम्प में शामिल होने का आग्रह किया गया है जिनका लगान रसीद अभी तक निर्गत नहीं हुआ है। दिनेश गुप्ता ने कहा, ₹हम चाहते हैं कि लोग अपनी समस्याओं को खुलकर हमारे सामने रखें, ताकि उन्हें त्वरित समाधान मिल सके। उन्होंने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे इस कैम्प में अवश्य शामिल हों और अपने आवश्यक दस्तावेज जैसे पहचान पत्र, भूमि संबंधी कागजात आदि लेकर आएं, ताकि उनकी समस्याओं का त्वरित निवारण किया जा सके।इस कैम्प का आयोजन स्थानीय लोगों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिससे वे अपनी भूमि और राजस्व से संबंधित मुद्दों का समाधान कर सकेंगे। स्थानीय प्रशासन की यह पहल नागरिकों के लिए उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

**राजस्व वसूली से संबंधित समस्याओं का समाधान**

सभी नागरिकों से अनुरोध किया है इस महत्वपूर्ण कैम्प का लाभ उठाएं और अपने अधिकारों का संरक्षण करें। आइए, मिलकर अपनी समस्याओं का समाधान करें।

गुमला में अंतरराष्ट्रीय मिर्गी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

# आज व कल निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिले में अंतरराष्ट्रीय मिर्गी दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में एम्स दिल्ली की डीएम न्यूरोलॉजी प्रोफेसर डॉ. ममता भूषण सिंह, सिविल सर्जन डॉ. नवल कुमार और डीआरसीएचओ डॉ. सुनील राम ने दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया।

इस अवसर पर डॉ. ममता भूषण सिंह ने बताया कि मिर्गी एक न्यूरोलॉजिकल विकार है, जिसमें मस्तिष्क की तंत्रिका कोशिकाओं की असामान्य गतिविधि के कारण मरीज को दौरे पड़ सकते हैं। यह दौरे व्यक्ति के व्यवहार, शारीरिक क्रियाओं और चेतना पर प्रभाव डालते हैं।

**11-12 फरवरी को मिर्गी रोगियों के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर :** सिविल सर्जन डॉ. नवल कुमार ने बताया कि मिर्गी को लेकर समाज में फैले अंधविश्वास को दूर करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रोजेक्ट आशा - फाइटिंग एपिलेप्सी एंड सुपरस्टिशन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत समय-समय पर विशेषज्ञ चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाता है।

प्रभारी डीआरसीएचओ डॉ. सुनील राम ने बताया कि मिर्गी रोगियों के इलाज हेतु आगामी 11 और 12 फरवरी को विशेष चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे।

11 फरवरी को पुराना समाहरणालय भवन, गुमला में, 12 फरवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), भरनो में। इस शिविर में एम्स दिल्ली की प्रोफेसर डॉ. ममता भूषण सिंह अपनी विशेषज्ञ टीम के साथ मौजूद रहेंगी और मिर्गी मरीजों का निःशुल्क उपचार करेंगी।

**मिर्गी को लेकर अंधविश्वास दूर करने पर जोर :** सिविल सर्जन डॉ. नवल कुमार ने कहा कि मिर्गी को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने की जरूरत है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने जिले में प्रोजेक्ट आशा - फाइटिंग एपिलेप्सी एंड सुपरस्टिशन के तहत चिकित्सकों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों (सीएचओ) और सहिया कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देना शुरू किया है, ताकि वे मिर्गी रोग की पहचान और उपचार में सहायता कर सकें।

**आज नगर भवन में हुआ उद्घाटन समारोह :** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देशानुसार 10 फरवरी को नगर भवन गुमला में उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इसमें जिले के चिकित्सकों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL NETARHAT
P.O- NETARHAT, DISTRICT- LATEHAR
(An Autonomous Institution under School Education & Literacy Deptt. Govt of Jharkhand)

NOTICE INVITING TENDER

Enquiry No- 43 Dated- 08-02-2025

Sealed tenders are invited from Netarhat Residential School, Netarhat from Manufacturers/ Companies/OEMs/Authorized Distributors/ Dealers and Reputed firms having relevant experience under two bid system i.e. Technical Bid & Financial Bid for Supply & Installation of 25 Set Desktop Computer, 01 Set 10 KVA Online UPS & 01 Set Laser MFM (A4 Size) for Netarhat Residential School situated at Netarhat, District- Latehar.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Tender | Supply & Installation of 25 Set Desktop Computer, 01 Set 10 KVA Online UPS & 01 Set Laser MFM (A4 Size)for at Netarhat Residential School at Netarhat-835218, District- Latehar, Jharkhand |
| 2. | Scope of Work | Supply & Installation of 25 Set Desktop Computer, 01 Set 10 KVA Online UPS & 01 Set Laser MFM (A4 Size)for at Netarhat Residential School at Netarhat-835218, District- Latehar, Jharkhand |
| 3. | Name and Address of the Office Inviting Tender | Principal, Netarhat Residential School, Netarhat, P.O - Netarhat, District- Latehar |
| 4. | Date of Publication of Tender on Website | 10.02.2025 at 1 P.M. |
| 5. | Last Date and Time for receipt of Bids | 04.03.2025 at 11.30 A.M |
| 6. | Date of Opening of the Tender | 04.03.2025 at 03.50 P.M (Technical Bid) 05.03.2025 at 03.50P.M (Financial bid will be opened only those firms who are found eligible in technical bids) |
| 7. | Contact Persons with Details | Principal Official Contact No-6201750198 Email id- principal.netarhat@gmail.com |

Complete details can be seen on our school's website
www.netarhatvidyalaya.com

Sd/-
Principal
Netarhat Residential School
Netarhat

PR 346143 (Human Resource Developement) 24-25 (D)

सुप्रभात

विचार प्रवाह

मैं चैतन्य के विमान में उड़ान भरता हूँ, ऊपर, नीचे, बायें, दायें, अंतर में, बाहर, सभी तरफ, और देखता हूँ कि अपने अंतरिक्ष-घर के प्रत्येक कोने में मैं सदा ही अपने परमपिता के पवित्र सान्निध्य में रहा हूँ। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

### पाठ्यक्रम में बदलाव व राजनीति

नेताओं ने सत्ता पाने के लिए शिक्षा को भी राजनीतिक हथियार बनाया है। सत्ता बदलते ही नेता अपनी विचाराधारा के हिसाब से स्कूल-कॉलेजों के पाठ्यक्रमों में बदलाव करके वोट बैंक को पक्का करने की जुगत में लगे रहते हैं। विद्यार्थी इन सब के बीच फुटबाल बने रहते हैं। उन्हें वही पढ़ना होता है जोकि सरकारें उन्हें पाठ्यक्रमों के जरिए पढ़ाती हैं। तथ्य तोड़मरोड़ कर ही क्यों न पेश किए जाएं। हालात यह है कि सत्ता में बदलाव के साथ पाठ्यक्रम भी बदलते रहते हैं। देश में शिक्षा में इस तरह के बदलाव पर लंबे अर्से से बहस छिड़ी हुई है। कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सत्ता में आने पर आरोप लगाए थे कि पूर्ववर्ती सिद्दारमैया सरकार ने महज अल्पसंख्यक समुदाय के तुष्टिकरण और कम्युनिस्ट विचारधारा थोंपने के लिए किताबों में विभिन्न बदलाव किए थे। देश के नेताओं ने सत्ता पाने के लिए शिक्षा को भी राजनीतिक हथियार बनाया है। सत्ता बदलते ही नेता अपनी विचाराधारा के हिसाब से स्कूल-कॉलेजों के पाठ्यक्रमों में बदलाव करके वोट बैंक को पक्का करने की जुगत में लगे रहते हैं। विद्यार्थी इन सब के बीच फुटबाल बने रहते हैं। उन्हें वही पढना होता है जोकि सरकारें उन्हें पाठ्यक्रमों के जरिए पढ़ाती हैं। बेशत तथ्य तोड़मरोड़ कर ही क्यों न पेश किए जाएं। हालात यह है कि सत्ता में बदलाव के साथ पाठ्यक्रम भी बदलते रहते हैं। देश में शिक्षा में इस तरह के बदलाव पर लंबे अर्से से बहस छिड़ी हुई है। राजनीतिक दल बदलाव को लेकर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहते हैं। इसी कड़ी में नया विवाद कर्नाटक में हुआ है। कर्नाटक यूनिवर्सिटी की किताब के सेलेबस को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि इसमें गलत शब्दों का इस्तेमाल किया गया। कर्नाटक विश्वविद्यालय के अंडरग्रेजुएट विद्यार्थियों के पहले सेमेस्टर की किताब में ऐसा कंटेंट लिखा गया है, जिससे भारत की एकता बाधित होती है। कथित तौर पर सेलेबस में संघ परिवार, राम मंदिर के निर्माण और भारत माता आदि की आलोचना की गई थी और कुछ गलत शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। सेलेबस में आरएसएस की आलोचना करने के लिए बार-बार "संघ परिवार" जैसे शब्दों का उपयोग करने का आरोप लगाया गया है। इससे पहले जब कर्नाटक में भाजपा की सरकार थी तब पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर इसी तरह के आरोप लगाए गए थे। कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सत्ता में आने पर आरोप लगाए थे कि पूर्ववर्ती सिद्दारमैया सरकार ने महज अल्पसंख्यक समुदाय के तुष्टिकरण और कम्युनिस्ट विचारधारा थोंपने के लिए किताबों में विभिन्न बदलाव किए थे। इस दावे की पुष्टि करते हुए सरकार ने कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए संशोधनों को दिखाने के लिए 200 पृष्ठों की किताब भी जारी की थी, जिसमें पाठ्यपुस्तकों में हिंदू देवताओं और ऐतिहासिक आंकड़ों को गलत तरीके से पेश किया गया। भाजपा का आरोप था कि विजयनगर के शासकों, मैसूर राजाओं वडियारों, राष्ट्र कवियों कुवेम्पु, बेंगलुरु के संस्थापक केम्पेगौड़ा और सर एम विश्वेश्वरैया पर अध्यायों को या तो हटा दिया गया या उन पर सामग्री कम कर दी गयी।



*राजनीतिक दल बदलाव को लेकर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहते हैं। इसी कड़ी में नया विवाद कर्नाटक में हुआ है।*

# अदालत में जनप्रतिनिधि अपराध मामलों में सुनवाई में देरी करती है निराश



आज की बात



**ललित गर्ग**

वर्तमान और पूर्व संसद सदस्यों और विधानसभा सदस्यों के खिलाफ लंबित पांच हजार आपराधिक मामलों के निपटारे की सुनवाई कर रही एमपी-एमएलए अदालतों में कोई उल्लेखनीय प्रगति होते हुए न दिखना न केवल निराशाजनक है बल्कि यह कानून व्यवस्था की बड़ी विसंगति है। इस सन्दर्भ में सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका में आग्रह किया गया कि कोर्ट इन मामलों का जल्द से जल्द निपटारा करने एवं त्वरित कार्रवाई के लिए निर्देश जारी करे। अपेक्षा यह की गई थी कि इन मामलों की सुनवाई त्वरित गति से होगी, लेकिन इसका उलटा हो रहा है। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान लोकसभा के 543 सदस्यों में से 251 के खिलाफ आपराधिक मामले हैं, जिनमें से 170 गंभीर आपराधिक मामले हैं, जिनमें पांच साल या उससे अधिक की सजा हो सकती है। हाल ही दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणामों में भी आपराधिक छवि के विधायकों की बड़ी संख्या चिन्ता में डालते हुए शर्मसार कर रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भाजपा के 48 नवनिर्वाचित विधायकों में से 16 यानी 33 प्रतिशत और आम आदमी पार्टी के 22 में से 15 यानी 68 प्रतिशत नवनिर्वाचित विधायकों के खिलाफ आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, भाजपा के सात और आप के 10 विधायक गंभीर किस्म के आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट की ओर से समय-समय पर दिए गए आदेशों और हाईकोर्ट की निगरानी के बावजूद सांसदों और विधायकों के खिलाफ बड़ी संख्या में मामले लंबित हैं, जो हमारे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर एक बदनुमा धब्बा हैं।

दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति तो यह है कि साफ-सुथरी एवं अपराधमुक्त राजनीति का दावा करने वाले दल ही सर्वाधिक अपराधी लोगों को उम्मीदवार बना रही है। विडंबना है कि यह प्रवृत्ति कम होने के बजाय हर अगले चुनाव में और बढ़ती ही दिख रही है। आखिर कब तक अपराधी तत्व हमारे भाग्य-विधाता बनते रहेंगे? कब तक आम आदमी इस त्रासदी को जीने के लिये मजबूर होते रहेंगे। भारत के लोकतंत्र के शुद्धिकरण एवं मजबूती के लिये अपराधिक राजनेताओं एवं राजनीति के अपराधीकरण पर नियंत्रण की एक नई सुबह का इंतजार कब तक करना होगा? त्रासद एवं दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि पूर्व एवं वर्तमान विधायकों और सांसदों के आपराधिक मामलों की सुनवाई के लिए गठित की गई अदालतें उनके मामलों का समय पर निपटारा करने में विफल साबित हो रही हैं। बड़ी संख्या में मामलों का लंबित रहना, जिनमें से कुछ तो दशकों से लंबित हैं, यह दर्शाता है कि सांसदों एवं विधायकों का अपने विरुद्ध मामलों की जांच या सुनवाई पर बहुत अधिक प्रभाव है और अपने राजनीतिक वर्चस्व एवं प्रभाव के कारण मुकदमे को पूरा नहीं होने दिया जाता है।

ऐसा लगता है कि उच्च न्यायालय अपने इस दायित्व का निर्वहन सही तरह से नहीं कर पा रहे हैं। समय-समय पर ऐसी खबरें भी आती रही हैं कि एमपी-एमएलए अदालतों को जनप्रतिनिधियों के मामलों के निपटारे में तेजी लाने को कहा है, लेकिन इसके कोई सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आ सके। समझना कठिन है कि जिन अदालतों का गठन ही कुछ विशेष मामलों के निस्तारण के लिए हुआ है, वे उनकी सुनवाई में प्राथमिकता का परिचय क्यों नहीं दे रही हैं? उचित यह होगा कि सुप्रीम कोर्ट इन अदालतों को यह स्पष्ट निर्देश दे कि वे जनप्रतिनिधियों के मामलों की सुनवाई एक निश्चित समय सीमा में करें और ऐसा करने के लिए उच्च न्यायालयों को निर्देशित करे। यदि ऐसा कुछ नहीं किया जाता तो राजनीति के अपराधीकरण को रोकना बहुत कठिन होगा और आपराधिक छवि के नेताओं के मामलें न्यायालयों में बढ़ते ही जायेंगे। यह स्थिति लोकतंत्र का उपहास उड़ाने वाली ही है। यह स्थिति अधिक चिन्ताजनक एवं दुखद इसलिये भी है कि अब तो गंभीर आपराधिक मामलों में जेल में बंद लोगों को चुनाव प्रचार के लिए भी जमानत देने का सिलसिला कायम हो गया है। जनप्रतिनिधि भी रक्षक नहीं, भक्षक हो रहे हैं। ये कानून का भक्षण करने में माहिर होते जा रहे हैं। ये कैसे जनप्रतिनिधि हैं जो पहले वोट मांगते हैं, फिर जीत के बाद लोगों को लात मारते हुए उनके साथ तरह-तरह के अपराध करते हैं। लोकतंत्र के मुखपृष्ठ पर बहुत धब्बे हैं, अंधेरे हैं, वहां मुखौटे हैं, गलत तत्त्व हैं, खुला आकाश नहीं है। मानो प्रजातंत्र न होकर अपराध तंत्र हो गया। क्या यही उन शहीदों का स्वप्न था, जो फांसी पर झूल गये थे? राजनीतिक व्यवस्था और सोच में व्यापक परिवर्तन हो ताकि कोई भी अपराधों में लिप्त नेता जन-प्रतिनिधि न बन सके।

दिल्ली नगर निगम चुनावों में जीते पार्षदों के संदर्भ में एडीआर और 'दिल्ली इलेक्शन वाच' ने चौंकाने वाली रिपोर्ट जारी कर यह बताया गया है कि दो सौ अड़तालीस विजेताओं में से बयालीस यानी सत्रह प्रतिशत निर्वाचित पार्षद ऐसे हैं, जिन पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा, उन्नीस पार्षद गंभीर आपराधिक मामलों के आरोपी हैं। इससे पूर्व दिल्ली में फरवरी, 2020 में हुए विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद भी एडीआर ने अपने विश्लेषण में चुने गए कम से कम आधे विधायकों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज पाए थे। इसमें मुख्य रूप से आम आदमी पार्टी के विधायक थे। अब प्रश्न है कि दिल्ली नगर निगम हो या विधानसभा के चुनावों में भी आप पार्टी ने उम्मीदवार बनाने के लिए स्वच्छ छवि के व्यक्ति को तरजीह देने की जरूरत क्यों नहीं समझी? जबकि इस पार्टी का घोष ही रहा अपराध एवं भ्रष्टाचार मुक्त राजनीति।

चुनावी सुधारों पर होने वाली तमाम चर्चाओं में राजनीति का अपराधीकरण एक अहम मुद्दा रहता है। राजनीति का अपराधीकरण-'अपराधियों का चुनाव प्रक्रिया में भाग लेना'-हमारी निर्वाचन व्यवस्था का एक नाजुक अंग बन गया है। मौजूदा लोकसभा सदस्यों में सर्वाधिक 29 प्रतिशत सदस्यों पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि पिछली लोकसभा में यह आँकड़ा तुलनात्मक रूप से कम था। राजनीति का अपराधीकरण भारतीय लोकतंत्र का एक स्याह पक्ष है, जिसके मद्देनजर सर्वोच्च न्यायालय और निर्वाचन आयोग ने कई कदम उठाए हैं, किंतु इस संदर्भ में किये गए सभी नीतिगत प्रयास समस्या को पूर्णतः नियंत्रित करने में असफल रहे हैं। हालांकि एक अच्छी पहल यह हुई है कि अब हाईकोर्ट की इजाजत के बिना सरकार किसी भी सांसद एवं विधायक के खिलाफ दर्ज मामले वापस नहीं ले सकती है। राजनीति के अपराधीकरण के कारण चुनावी प्रक्रिया में काले धन का प्रयोग काफी अधिक बढ़ जाता है। इसका देश की न्यायिक प्रक्रिया पर भी दुष्प्रभाव देखने को मिलता है और अपराधियों के विरुद्ध जाँच प्रक्रिया धीमी हो जाती है। राजनीति में प्रवेश करने वाले अपराधी सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हैं और नौकरशाही, कार्यपालिका, विधायिका तथा न्यायपालिका सहित अन्य संस्थानों पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आखिरी सफर पर जीएसटी

देश की बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त**

जीवन में एक समय ऐसा आता है जब हमें अलविदा कहना होता है। यह अलविदा केवल शब्द नहीं होता, बल्कि यह जीवन के सबसे बड़े सत्य का सामना करने का एक तरीका होता है। लेकिन सोचिए, यदि इस अलविदा पर भी सरकार की नज़र होती, और हमें मृत्यु के बाद जीएसटी (गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स) चुकाना पड़ता, तो यह स्थिति कितनी हास्यास्पद और पीड़ादायक होती। हमारी सामाजिक व्यवस्था में जीवन के हर पहलू पर कर लगते हैं। खाने-पीने से लेकर रहने- सहने, मनोरंजन से लेकर शिक्षा तक, हर चीज पर जीएसटी लगाया जाता है। लेकिन अगर मृत्यु के बाद भी सरकार हमें छोड़ दे, तो क्या होगा? पहले तो हम अपने प्रियजनों के दुख से जूझ रहे होते हैं, और ऊपर से यह विचार कि हमारे जाने के बाद भी हमें जीएसटी भरना पड़ेगा, कितनी हास्यास्पद बात होगी। कल्पना कीजिए, एक शोक संतप्त परिवार जो अपने प्रियतम की मृत्यु के बाद शोक में डूबा हुआ है। जैसे ही वे अंतिम संस्कार की तैयारियों में जुटते हैं, उन्हें पता चलता है कि "जीएसटी की दरें लागू हो गई हैं!" अब वे एक नई चिंता में पड़ जाते हैं। पहले तो वे मुर्दे को ठिकाने लगाने की सोचते हैं, लेकिन जीएसटी के साथ वह कार्य भी जटिल हो जाता है। "कितना जीएसटी है?" "क्या हमें इसकी रसीद लेनी होगी?" "क्या मरे हुए के लिए अलग दर है?" ये सवाल उन पर भारी पड़ जाते हैं। जीएसटी के लिए एक नया टर्मिनल खड़ा किया जाता है जहाँ अंतिम संस्कार की लागत पर 18% जीएसटी लगता है। शोक में डूबे परिवार को यह समझ नहीं आता कि वे क्या करें। उन्हें अपनी प्रिय की अंतिम यात्रा के लिए न केवल पैसे खर्च करने होते हैं, बल्कि उन पर जीएसटी का बोझ भी उठाना पड़ता है। ऐसे में वह अपने प्रियजन को विदाई देने से पहले ही मानसिक तनाव में डूब जाते हैं। एक और दर्दनाक दृश्य है जब परिवार के सदस्य शव को श्मशान घाट ले जाते हैं। वहाँ उन्हें एक और बिंदु मिलता है—"कुल मूल्य पर जीएसटी"। उनके प्रियजन का अंतिम संस्कार अब जीएसटी के चक्रव्यूह में फंस गया है। क्या यह मृतक का अपमान नहीं है? क्या उसकी आत्मा को शांति नहीं मिलनी चाहिए? लेकिन नहीं, हमारे सिस्टम में हर चीज को पैसों में तौला जाता है। अब परिवार के मुखिया को यह चिंता सताने लगती है कि क्या उनके प्रियजन की आत्मा जीएसटी के इस चक्र से बच पाएगी? क्या उसे किसी प्रकार की छूट मिलेगी? क्या सरकार ने इस बारे में सोचा है? लेकिन ऐसे सवालों का कोई उत्तर नहीं है, क्योंकि सरकार केवल कर लगाने में व्यस्त है, ना कि मानवता के मूल्यों को समझने में।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# कहानी आग की...



आपकी बात



**केदारनाथ दास**

रासायनिक अंदाज से देखें तो दहनशील पदार्थों के तीव्रऑक्सीकरणको आग के तौर पर जाना जाता है। इसके इसी अंदाज के कारण इसकी चर्चा को लेकर शायद हम संवेदनशील नहीं हो पाते और दैनिक जीवन में इसकी गंभीर उपस्थिति को भी बहुत सामान्य मान लिया जाता है। ऐसा तब जबकि इसमें उष्मा तो होती ही है, साथ में प्रकाशव कई तरह की रासायनिक प्रतिक्रियाएं भी स्वतः मिलती चली जाती है। बहुत सामान्य से दिखने वाले इस आग का संबंध मानवीय जीवन के साथ इसका बहुत पुराना रहा है। यह नाता कुछ ऐसा रहा है कि मानवीय उपयोग के लिए दाहपैदा करने और भौतिक रूप से पदार्थों के रुपांतरण करने में इसने हमारी सार्वकालिक सभ्यता को अनादि काल से क्रांतिकारी दिशा देने का काम किया है। यह एक महत्वपूर्ण तथ्य है क्योंकि कोई भी नातेदारी जब सभ्यता के प्रारंभिक चरण से जुड़ी हुई हो तो संबंधित विषय को नाम देना भी संभव नहीं रह जाता। आग से साथ हमारा संबंध कुछ ऐसा ही रहा है और आग के बाह्य स्वरूप में निरंतर परिवर्तन के बावजूद इसका मूल अस्तित्व आज भी यथावत बना हुआ है। इस सहसंबंध को टटोलने के लिए आप किसी सुदूर ग्रामीण अंचल की ओर चले जाएं, आपको आग के स्रोत और स्वरूप में परिवर्तन नजर आने लगेंगे। परंपरागत स्रोतों के स्थान पर जमाना पेट्रोलियम साधन तक जा पहुंचा है और आग का तेजी से व्यवसायीकरण हो चुका है अन्यथा हमने एक ऐसा जमाना भी देखा है जब हरेक घर में इस आग को सदैव जिंदा रखा जाता था। पीढ़ियां बदल गई हैं परन्तु यह स्मरण नहीं बदल सका है कि कैसे हर घर में हर समय अंगारे के रूप में आग मौजूद रहा करता था। अभी कुछ दशकों पहले की ही बात है जब घरों में दियासलाई या माचिस की उपलब्धता न के बराबर हुआ करती थी। इसकी जरूरत भी नहीं थी क्योंकि हर घर की मिट्टी में एक बोरसी जीवित रहा करती थी। किसी को बोरसी पसंद न हो तो कोई बात नहीं, घर का चुल्हा अपनी गर्मी बनाए रखने को काफी था और पूरे गांव के लिए यही माचिस था। संदर्भवश मन को गुदगुदाने वाले कुछ बातों का स्मरण करते चलें, आप स्वतः रोमांचित होते चले जाएंगे। याद कीजिए, घर में लिट्टी चोखा बननी हो या नवजात शिशु का स्वागत करना हो तो क्या दरवाजे पर रखे बोरसी के बगैर इनकी कल्पना भी की जा सकती थी? इसी तरह क्या बोरसी में बगैर पैर की सिकाई के कोई भी जच्चे-बच्चे के पास जा सकता था? इतना ही नहीं, मनुष्य के जन्म और उसके अहर्निश पोषण से लेकर अंतिम संस्कार तक की यात्रा में हमारे सहभागी आग को हमने मान्यताओं में बांध रखने का सम्मान भी दिया है। यह कुछ ऐसा था कि होली से पहले "अग्नि माता" अपनी ससुराल में रहती तो होली की अगिया के दिन से इसका ठिकाना मायके होता। ऋतु परिवर्तन के साथ इसके संबंध और मानवीय सभ्यता के साथ इसकी साझेदारी का कमाल यह था कि आग जब तक मायके में है तब तक वो निश्चिन्त भाव से उन्मुक्त और अल्हड़ है। मतलब साफ है कि होली के बाद जब ग्रीष्म ऋतु सामने है तब आग के मामले में बहुत सावधानी चाहिए क्योंकि मायके में उन्मुक्तता में थोड़ी सी लापरवाही से संसार में आग लगा सकती है। मायके और ससुराल के इन तथ्यों का संदेश बहुत स्पष्ट था। दादी नानी के दावों की मानें तो बरकत की इस निशानी को हमेशा जिंदा रखना किसी सुघड़ गृहलक्ष्मी की पहचान होती थी। ऐसा इसलिए कि कोई गृहलक्ष्मी ही न केवल बोरसी की आग में एक उपले या लकड़ी के किसी कोने को सुलगाकर रसोई को जीवन्त बनाती है बल्कि पड़ोसी के बुझे हुए चुल्हे को चौका का अवसर देने का कारनामा भी कर दिखाती है। अब बोरसी को जिन्दा रखने और आग मांगने की प्रथा लगभग विलुप्त हो चुकी है। सुविधाएं बढ़ी हैं, गैस सिलेंडर सामाजिक है तो हम कब के बोरसी की बरसी मना चुके हैं। आग मांगने की कौन कहे अब तो हमने दियासलाई से भी तौबा कर लिया है। लाईटर की चिटपिटाहट रसोईघर की शान बन चुका है। न आग जलाने के लिए चूल्हे रह गए हैं, न चिमटी पास में है, न फूंक मारने की नली कहीं है और न आग के इन अंगारों की औपचारिकताएं ही शेष रह गई हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

नई व्यवस्था से लड़े, न्याय, तर्क, सुविचार।
पानी पर जैसे चले, रोज नयी तलवार।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# पेरिस एआई शिखर सम्मेलन नवाचार व नैतिकता के बीच संतुलन

अलग बात



**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

पेरिस में आयोजित कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर वैश्विक शिखर सम्मेलन एक महत्वपूर्ण मंच बन चुका है, जहाँ विश्व के अग्रणी नेता, प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ और नीति-निर्माता एकत्र होकर एआई के भविष्य पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। यह सम्मेलन केवल नवाचार को बढ़ावा देने तक सीमित नहीं है, बल्कि एआई से उत्पन्न नैतिक, सामाजिक और सुरक्षा संबंधी चुनौतियों का समाधान खोजने के लिए भी समर्पित है। एआई की असीम संभावनाओं को उजागर करते हुए यह सम्मेलन उन नवीन विचारों को सामने लाता है, जो प्रौद्योगिकी, विज्ञान और व्यवसाय के क्षेत्र में नए समाधान प्रस्तुत कर सकते हैं। साथ ही, यह गोपनीयता हनन, नौकरियों के ह्रास और एआई के दुरुपयोग जैसे जोखिमों पर गहन चर्चा करता है, जिससे एआई के जिम्मेदार और सुरक्षित उपयोग को सुनिश्चित किया जा सके। एआई नवाचार और शासन को लेकर वैश्विक सहमति बनाना इस सम्मेलन का प्रमुख उद्देश्य है। विकसित और विकासशील देशों के बीच एआई नीतियों में संतुलन स्थापित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि सभी देशों को इसका समान लाभ मिल सके। अमेरिका, यूरोपीय संघ और चीन की एआई नीतियों में स्पष्ट अंतर देखा जा सकता है। अमेरिका जहां उद्योग-संचालित नवाचार को प्राथमिकता देता है, वहीं यूरोपीय संघ सख्त एआई कानूनों पर जोर दे रहा है। दूसरी ओर, चीन सरकारी नियंत्रण के साथ एआई विकास को आगे बढ़ा रहा है और अपने नए चैटबॉट "डीपसीक" के माध्यम से वैश्विक स्तर पर तकनीकी प्रभुत्व स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है। इस संदर्भ में, भारत की भूमिका भी उल्लेखनीय है, जो इस शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता कर रहा है। भारत समावेशी और जिम्मेदार एआई नीतियों की वकालत कर रहा है, ताकि एआई केवल बड़े कॉरपोरेट्स तक सीमित न रहे, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को इसका लाभ मिले।

फ्रांस एआई क्षेत्र में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए बड़े पैमाने पर निवेश कर रहा है। उसने एआई अनुसंधान और अवसंरचना के विकास के लिए 109 बिलियन की विशाल धनराशि आवंटित की है और एक "सार्वजनिक लाभ एआई संस्थान" की स्थापना की है, जो नैतिक और पारदर्शी एआई अनुप्रयोगों पर केंद्रित रहेगा। यूरोपीय संघ द्वारा निजी कंपनियों पर एआई का पूर्ण नियंत्रण रोकने की पहल का फ्रांस समर्थन कर रहा है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वह एआई विकास को संतुलित और समाजोपयोगी बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस शिखर सम्मेलन में विभिन्न देशों और उद्योगों के दिग्गज भाग ले रहे हैं, जिनमें अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे. डी. वेंस, चीन के उप प्रधानमंत्री झांग गुओकिंग, ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन और डीपमाइंड के सीईओ डेमिस हासाबिस प्रमुख हैं। यह सम्मेलन एआई नवाचार और नैतिकता के बीच संतुलन स्थापित करने, एआई सुरक्षा और वैश्विक सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इसमें एक संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए जाने की संभावना है, जो एआई नियमन के लिए एक व्यवस्थित दृष्टिकोण प्रदान करेगा। हालांकि अमेरिका और चीन के बीच तकनीकी प्रतिस्पर्धा को देखते हुए इस पहल की सफलता को लेकर संदेह बना हुआ है, फिर भी यह स्पष्ट है कि एआई से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए वैश्विक स्तर पर सहयोग आवश्यक है। चैटजीपीटी के आगमन के बाद से जनरेटिव एआई ने अभूतपूर्व परिवर्तन किया है। यह टेक्स्ट निर्माण, चित्र और वीडियो जनरेशन, डेटा विश्लेषण सहित विभिन्न क्षेत्रों में क्रांतिकारी भूमिका निभा रहा है। लेकिन इसके साथ ही एआई से जुड़े सुरक्षा और व्यक्तिगत गोपनीयता संबंधी गंभीर चिंताएँ भी बढ़ी हैं। हाल ही में चीन द्वारा लॉन्च किया गया डीपसीक चैटबॉट वैश्विक प्रौद्योगिकी क्षेत्र में चर्चा का केंद्र बना हुआ है। इसे चैटजीपीटी का प्रमुख प्रतिस्पर्धी माना जा रहा है, और इस पर डेटा चोरी के आरोप भी लगे हैं। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके सलाहकारों ने इसे अमेरिकी तकनीकी उद्योग के लिए खतरा बताया है। कुछ देशों में इसकी जांच शुरू हो गई है और कुछ स्थानों पर इस पर प्रतिबंध भी लगाया गया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 7209453444, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बिहार के सीएम को नहीं मिली दो महीने से सैलरी

**एजेंसी। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पिछले दो महीने से सैलरी नहीं मिली है। उनके साथ लगभग 8 लाख सरकारी कर्मचारियों को भी दो महीने से वेतन नहीं मिला है। इसमें मुख्यमंत्री, मंत्री-विधायक, क्षेत्रीय कर्मचारी, शिक्षक और संविदा कर्मी शामिल हैं। ये समस्या नए वित्तीय प्रबंधन सॉफ्टवेयर CFMS 2.0 के लॉन्च के बाद से शुरू हुई है। पुराने सॉफ्टवेयर से डेटा ट्रांसफर न होने और तकनीकी दिक्कतों के कारण दिसंबर और जनवरी का वेतन अटका हुआ है। बिलों का भुगतान भी रुका हुआ है।

**बिहार में दो महीने से पैसे के लेनदेन में पेच**

जनवरी 2025 में बिहार सरकार ने वित्तीय प्रबंधन के लिए सीएफएमएस 2.0 सॉफ्टवेयर लॉन्च किया। ये सॉफ्टवेयर सरकारी खर्चों, आय और संपत्ति को मैनेज करने में मदद करता है। इससे सारा काम ऑनलाइन और पेपरलेस हो जाता है। लेकिन नए सॉफ्टवेयर के लॉन्च के बाद से ही तकनीकी समस्याएं आ रही हैं। पुराने सॉफ्टवेयर का डेटा नए सॉफ्टवेयर में ट्रांसफर नहीं हो पाया है। इसी वजह से वेतन और बिलों का भुगतान अटका हुआ है। अपग्रेडेड वर्जन, CFMS 2.0 लॉन्च किया गया। रिपोर्ट्स के अनुसार, 'बिहार सरकार ने बिल भुगतान के लिए पहली बार इस सॉफ्टवेयर को लॉन्च किया था। 3 जनवरी 2025 को इसी सॉफ्टवेयर का अपग्रेड वर्जन लॉन्च किया गया था। लेकिन, जो पुराना सॉफ्टवेयर था, उसका डाटा अभी तक नए सॉफ्टवेयर में ट्रांसफर नहीं हो पाया है। साथ ही उसमें तकनीकि समस्या आ रही है, जिसके वजह से सीएम सहित 8 लाख से भी अधिक सरकारी कर्मचारियों की सैलरी दो महीने से रूकी हुई है।'

**1** नीतीश के साथ आठ लाख कर्मचारियों को भी दो महीने से वेतन नहीं मिला

**2** नए सॉफ्टवेयर सीएफएमएस 2.0 में तकनीकी समस्या से वेतन रुका

### कर्मचारियों के वेतन नहीं मिलने से उनके घर का बजट गड़बड़ाया

इस समस्या से लगभग 8 लाख सरकारी कर्मचारी प्रभावित हुए हैं। इसमें 3 लाख क्षेत्रीय कर्मचारी, 5 लाख शिक्षक और 50 हजार संविदा कर्मी शामिल हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का वेतन भी इसी कारण रुका हुआ है। सोचिए, जब मुख्यमंत्री का ही वेतन अटक सकता है तो आम कर्मचारियों की क्या स्थिति होगी! कर्मचारियों को दो महीने से वेतन नहीं मिलने से उनके घर का बजट गड़बड़ा गया है। कई कर्मचारियों को रोजमर्रा के खर्चों के लिए उधार लेना पड़ रहा है।



### नए सॉफ्टवेयर में नहीं ट्रांसफर हो रहा डाटा

बिहार सरकार ने पहले भी CFMS का इस्तेमाल किया था। 3 जनवरी 2025 को इसका अपग्रेडेड वर्जन, CFMS 2.0 लॉन्च किया गया। रिपोर्ट्स के अनुसार, 'बिहार सरकार ने बिल भुगतान के लिए पहली बार इस सॉफ्टवेयर को लॉन्च किया था। 3 जनवरी 2025 को इसी सॉफ्टवेयर का अपग्रेड वर्जन लॉन्च किया गया था। लेकिन, जो पुराना सॉफ्टवेयर था, उसका डाटा अभी तक नए सॉफ्टवेयर में ट्रांसफर नहीं हो पाया है। साथ ही उसमें तकनीकि समस्या आ रही है, जिसके वजह से सीएम सहित 8 लाख से भी अधिक सरकारी कर्मचारियों की सैलरी दो महीने से रूकी हुई है।'

# महाकुंभ 2025

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी

**महाकुंभ नगर (आईएएनएस)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को प्रयागराज पहुंचकर संगम में आस्था की डुबकी लगाई। स्नान के बाद उन्होंने पूजा-अर्चना की और फिर पितरों का पिंडदान किया। राष्ट्रपति को पूजा कराने वाले पंडितों ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि यह अनुभव अत्यंत गौरवमयी था और उन्हें खुशी है कि राष्ट्रपति ने संगम में स्नान और पूजा-अर्चना की। पंडित विकास कुमार तिवारी ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि हमें बहुत अच्छा लगा। राष्ट्रपति ने संगम में आकर स्नान किया और फिर अपने पितरों के नाम से पिंडदान किया। पंडित गिरीश कुमार मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रपति को पूजा करवाकर बहुत अच्छा लग रहा है। हमारे मुख्यमंत्री द्वारा की गई सारी व्यवस्थाएं महाकुंभ के लिए बहुत ही बढ़िया हैं। उनकी वजह से ही सारा आयोजन बहुत अच्छे ढंग से चल रहा है। अभिषेक कुमार शुक्ल ने कहा कि यह दिव्य और भव्य कुंभ एक बड़े ही सफलतापूर्वक आयोजन के रूप में व्यतीत हो रहा है। राष्ट्रपति का संगम आना हमारे लिए गर्व की बात है। प्रधानमंत्री मोदी भी यहां आए थे। यह हम सबके लिए एक गौरवमयी क्षण है कि हमारे सनातन धर्म के प्रति उनकी आस्था हमें देखकर हम गर्व महसूस कर रहे हैं। बता दें कि राष्ट्रपति मुर्मू ने सोमवार को संगम में आस्था की डुबकी लगाई और फिर पूजा-अर्चना की। इस दौरान यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल नंदी भी मौजूद रहे। इससे पहले राष्ट्रपति बमरौली एयरपोर्ट पहुंची, जहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वह हेलीकॉप्टर से अरैल पहुंचीं और फिर बोट पर सवार होकर संगम पहुंचीं। स्नान किया। उन्होंने पक्षियों को दाना भी खिलाया। देश की प्रथम नागरिक का संगम में पावन डुबकी लगाने का यह ऐतिहासिक क्षण था।





- राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए प्रयागराज में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की गई
- एकता और सामाजिक समरसता का दिया संदेश
- 13 जनवरी से अब तक 43.57 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं
- उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने भी परिवार के साथ संगम में डुबकी लगाई और भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया

## पटना में देह व्यापार रैकेट का हुआ पर्दाफाश, तीन लड़कियां हुईं मुक्त

**एजेंसी। पटना**

बिहार की राजधानी पटना में एक रैकेट का खुलासा है। जक्कनपुर और कदमकुआं थाने की पुलिस ने एक बंद फ्लैट में छापेमारी कर में तीन लड़कियों को मुक्त कराया है। ये लड़कियां घर से भागी हुई थीं। पुलिस के अनुसार, आरोपी आदित्य आनंद उर्फ अमन और उसकी पत्नी लड़कियों से देह व्यापार करवाते थे। छापेमारी की भनक लगते ही दोनों फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि वे कुंभ मेले में प्रयागराज गए हैं। मुक्त कराई गई लड़कियों में एक कदमकुआं, एक मधेपुरा और एक आरा की रहने वाली है।

**● नशे की दवा खिलाकर गलत काम**

कदमकुआं थानेदार राजीव कुमार ने बताया कि आदित्य लड़कियों को नौकरी का झांसा देकर अपने फ्लैट पर लाता था। फिर उन्हें नशे की दवा खिलाकर उनके साथ गलत काम करता था। मुक्त कराई गई लड़कियों में एक कदमकुआं की रहने वाली नाबालिग लड़की भी शामिल है। वह 22 दिसंबर को घर से भाग गई थी। पटना जंक्शन पर आदित्य उससे मिला और नौकरी का लालच देकर उसे खासमहल स्थित अपने फ्लैट पर ले गया। आदित्य और उसकी पत्नी इन लड़कियों को होटलों में भेजकर देह व्यापार करवाते थे।



### गिरफ्तारी के बाद हो सकता है बड़ा खुलासा

कदमकुआं वाली नाबालिग लड़की के घरवाले उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट पहले इसलिए नहीं लिखवा पाए थे क्योंकि उसकी बहन की शादी होने वाली थी। शादी के बाद उन्होंने कदमकुआं थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस इस मामले में आदित्य और उसकी पत्नी की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही है। माना जा रहा है कि इनकी गिरफ्तारी के बाद और कई खुलासे हो सकते हैं।

## नांदेड में गुरुद्वारा के पास फायरिंग, दो लोग घायल

**नांदेड।** महाराष्ट्र के नांदेड में गुरुद्वारा के पास सोमवार सुबह लगभग 9.30 गोलीबारी की घटना हुई। इसमें दो लोग घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, सोमवार को नांदेड में एक गुरुद्वारे के पास गोलीबारी की घटना में दो व्यक्ति घायल हो गए। दोनों तो तत्काल इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां एक व्यक्ति की हालत गंभीर बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गुरुद्वारा के गेट नंबर 6 के पास शहीदपुरा इलाके में तीन से चार लोगों ने दो युवकों पर कई राउंड फायरिंग की। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। जानकारी मिलने पर पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने गोलीबारी के पीछे का मकसद और इसमें शामिल लोगों की पहचान का पता लगाने के लिए मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

दिल्ली के बाद बिहार में बनेगी एनडीए सरकार

## केजरीवाल पर जनता ने सुना दिया फैसला : उपेंद्र कुशवाहा



**एजेंसी। पटना**

राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों पर कहा कि यह वहां की जनता का निर्णय है। पहले से ही ऐसा लग रहा था कि जनता इसी तरह का फैसला लेगी। अरविंद केजरीवाल के खिलाफ काफी गुस्सा था। बीजेपी की सरकार वहां बनने जा रही है, जो एक अच्छी बात है। मणिपुर के मुख्यमंत्री के इस्तीफे पर कुशवाहा ने कहा कि उन्हें इस बारे में अधिक जानकारी नहीं है कि उन्होंने किस कारण इस्तीफा दिया। लेकिन अगर उन्होंने इस्तीफा दिया है, तो सोच-समझकर और पार्टी के निर्देशों के तहत ही दिया होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि बिहार में एनडीए की सरकार बनना तय है। यह बहुत ही मजबूत सरकार होगी। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष सिर्फ ख्याली पुलाव पका रहा है। बिहार में 100% गारंटी है कि एनडीए की सरकार बनेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर उन्होंने कहा कि वे दिन-रात मेहनत कर रहे हैं और प्रगति यात्रा के दौरान लगातार जनता के बीच जा रहे हैं। लेकिन कुछ लोग इस पर टिप्पणी कर रहे हैं। करने वाले करते रहें, मुख्यमंत्री मजबूती से अपना काम कर रहे हैं। वहीं, जब उनसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे की राजनीति में एंट्री को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि इस बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

## गवर्नर ने ममता बनर्जी के कार्यों को सराहा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की दूरदर्शी नेता के रूप में प्रशंसा की और पिछले एक साल में राज्य सरकार की उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने बंगाल ग्लोबल बिजनेस समिट की सफलता और राज्य की शांतिपूर्ण कानून व्यवस्था पर जोर दिया। सोमवार को विधानसभा में बजट सत्र के पहले दिन अपने पारंपरिक संबोधन में गवर्नर ने कहा कि राज्य सरकार ने अल्पसंख्यक आबादी को लाभ पहुंचाने के लिए पिछले 13 वर्षों में कई पहल की हैं, उन्होंने कहा कि वित्तीय बाधाओं और केंद्रीय निधियों की प्राप्ति न होने के बावजूद, राज्य सरकार ने रोजगार सृजन और ग्रामीण आवास के लिए अपनी प्रतिबद्धता जारी रखी है।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

## बीजापुर मुठभेड़ में बलिदानी दो जवानों को दी गई श्रद्धांजलि



**बीजापुर (हि.स.)।** छत्तीसगढ़ में बीजापुर जिले के फरसेगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल पार्क के जंगल में रविवार को हुई मुठभेड़ में दो बलिदानों को श्रद्धांजलि दी गई और नए पुलिस लाइन में सोमवार को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बीजापुर पहुंचे बलिदान जवानों के परिवारजनों की आंखों में आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। इस अभियान में शामिल अन्य जवानों की स्थिति भी बहुत भावुक रही। कल बीजापुर जिले के फरसेगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल पार्क के जंगल में डीआरजी, एसटीएफ एवं बस्तर फाइटर के संयुक्त बल के साथ हुई मुठभेड़ में 31 वर्दीधारी नक्सलियों को ढेर कर दिया गया था। सुरक्षाबलों ने उनके पास से बड़ी मात्रा हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए थे। इस मुठभेड़ में दो जवान डीआरजी में पदस्थ नरेश कुमार ध्रुव (प्रधान आरक्षक) निवासी बलौदाबाजार, एसटीफ में पदस्थ वासित कुमार रावते (आरक्षक) निवासी बालोद बलिदान हो गए।

इस दौरान छत्तीसगढ़ के नए डीजीपी अरुण देव गौतम, डीजी नक्सल ऑपरेशन विवेकानंद सिन्हा , बस्तर आईजी सुंदरराज पी. , डीआईजी कमलोचन कश्यप, सहित सीआरपीएफ व पुलिस के अधिकारी एवं बीजापुर विधायक विक्रम शाह मांडवी, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, भाजपा के जिला अध्यक्ष घासी राम नाग ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी।

## दिल्ली की हार के लिए कांग्रेस का अड़ियल रुख जिम्मेदार : ममता



**कोलकाता(हि.स.)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम के दो दिन बाद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुप्पी तोड़ी। उन्होंने कहा कि चुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) की करारी हार के लिए कांग्रेस का अड़ियल रुख जिम्मेदार है। अगर कांग्रेस आप के साथ समन्वय बनाकर चलती तो दिल्ली में इस तरह के नतीजे नहीं आते। साथ ही उन्होंने हरियाणा विधानसभा चुनाव के संदर्भ में अरविंद केजरीवाल की पार्टी पर भी तंज कसा। कहा कि अगर आप हरियाणा में कांग्रेस के साथ गठबंधन करती तो वहां पर भी परिणाम अलग हो सकते थे। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 70 में से 48 सीटें जीत लीं हैं, जबकि आप को 22 सीटें मिलीं हैं। इस चुनाव में कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला है। चुनाव परिणाम आने के तुरंत बाद तो ममता बनर्जी ने कोई औपचारिक बयान नहीं दिया, लेकिन सोमवार को विधानसभा परिसर में तृणमूल के विधायक दल की बैठक में उन्होंने इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कुछ प्रतिशत वोटों के अंतर से ही दिल्ली की सत्ता पर कब्जा किया है। अगर कांग्रेस आप के साथ गठबंधन करती तो ऐसा नहीं होता। कांग्रेस का महज पांच प्रतिशत वोट हासिल करना बेहद चिंताजनक है।

## एसीबी का दारोगा पैरवी करने पहुंचा एसपी कार्यालय, गिरफ्तार

**मोतिहारी(आईएएनएस)।** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में एक दारोगा को पैरवी करने के लिए पुलिस अधीक्षक के कार्यालय जाना भारी पड़ गया। दारोगा स्वयं एक मामले में आरोपी था और उसी की पैरवी करने वह पुलिस अधीक्षक कार्यालय गया था, जहां तत्काल उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार दारोगा निगरानी अन्वेषण ब्यूरो में कार्यरत है। दरअसल, यह पूरा मामला दो साल पुराना है। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो में पदस्थापित दारोगा राम बहादुर प्रसाद कुशवाहा पूर्वी चंपारण जिले के पिपरा थाना के एक मामले में आरोपी है। इस मामले को लेकर अदालत ने परमानेंट वारंट का आदेश जारी किया था।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दारोगा राम बहादुर सोमवार को कुछ अन्य लोगों के साथ अपनी पैरवी करने पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के कार्यालय पहुंचा। इस मामले की जानकारी पुलिस अधीक्षक को भी थी। पुलिस अधीक्षक ने तत्काल थाना पुलिस बुलाई और दारोगा को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार दारोगा पिपरा थाना क्षेत्र के बैरिया का रहने वाला है। पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) के पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने आईएएनएस को बताया, "अदालत द्वारा सब इंस्पेक्टर राम बहादुर कुशवाहा, जो अभी निगरानी विभाग में कार्यरत है, के खिलाफ परमानेंट वारंट जारी किया गया था। इसकी सूचना पुलिस को भी मिली थी। इसी आदेश के अनुपालन में सब इंस्पेक्टर राम बहादुर कुशवाहा को गिरफ्तार किया गया है ।

## सरकार का खाद्य प्रसंस्करण और भंडारण अवसंरचना को बढ़ावा देने पर विशेष जोर

**नई दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) की परिकल्पना एक व्यापक पैकेज के रूप में की गई थी, जिसके परिणामस्वरूप खेत से लेकर खुदरा दुकानों तक कुशल आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के साथ आधुनिक अवसंरचना का निर्माण होगा। यह न केवल देश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देगा, बल्कि खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की क्षमता में भी सुधार करेगा, जो किसानों को बेहतर रिटर्न प्रदान करने और विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करने, कृषि उपज की बर्बादी को कम करने, प्रसंस्करण स्तर को बढ़ाने और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के निर्यात को बढ़ाने में मदद करेगा। यह जानकारी खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्यमंत्री रवनीत सिंह ने आज राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में दी। इसमें बताया गया कि पीएमकेएसवाई के तहत स्टैंडअलोन कोल्ड स्टोरेज का समर्थन नहीं किया जाता है। पीएमकेएसवाई की एक उप-योजना एकीकृत कोल्ड चेन और मूल्य संवर्धन अवसंरचना योजना के तहत पिछले पांच वर्षों में तेलंगाना राज्य में 06 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। भारतीय खाद्य निगम, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार भंडारण सुविधाओं को उन्नत एवं आधुनिक बनाने के लिए भारत सरकार ने देश में सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड पर स्टील साइलो के निर्माण के लिए कार्य योजना को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत देश भर में विभिन्न स्थानों पर 24.25 एलएमटी क्षमता वाले साइलो का निर्माण किया जा रहा है। इनमें से 17.75 एलएमटी क्षमता वाले साइलो का निर्माण पूरा हो चुका है, शेष 6.5 एलएमटी विकास के विभिन्न चरणों में हैं। उपरोक्त के अतिरिक्त सर्किट बेस मॉडल के तहत 7 स्थानों पर 5.5 एलएमटी क्षमता वाले साइलो का निर्माण पहले ही किया जा चुका है तथा वर्ष 2007-09 में इनका उपयोग शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा हब एवं स्पोक मॉडल के चरण-। के तहत एफसीआई के स्वामित्व वाली भूमि पर 14 स्थानों पर 10.125 एलएमटी क्षमता के साइलो का निर्माण किया जा चुका है तथा निजी भूमि पर 66 स्थानों पर 24.75 एलएमटी क्षमता के साइलो का निर्माण किया जा चुका है तथा ये विकास के चरण में हैं। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय वर्ष 2016-17 से केंद्रीय क्षेत्र की अम्ब्रेला योजना पीएमकेएसवाई को क्रियान्वित कर रहा है, जिसका उद्देश्य फसल कटाई के बाद होने वाले नुकसान में कमी सहित खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए फसल कटाई के बाद के बुनियादी ढांचे और प्रसंस्करण सुविधाओं का निर्माण करना है।



- इस योजना के तहत देश भर में विभिन्न स्थानों पर 24.25 एलएमटी क्षमता वाले साइलो का निर्माण किया जा रहा है
- चरण-I के तहत एफसीआई के स्वामित्व वाली भूमि पर 14 स्थानों पर 10.125 एलएमटी क्षमता के साइलो का निर्माण किया जा चुका है

# लंबे समय से खेल रहा हूं, जानता हूं मुझसे क्या अपेक्षा की जाती है : रोहित

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में शानदार शतक लगाकर खराब फॉर्म के बाद बल्ले से बढ़िया वापसी की। यह मुकाबला कटक के बाराबाती स्टेडियम में खेला गया था। रोहित का मानना है कि खिलाड़ी का माइंडसेट मजबूत होना बहुत जरूरी है। रोहित शर्मा ने अपनी मानसिक मजबूती पर भरोसा जताया और रविवार को 90 गेंदों में 119 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 12 चौके और 7 छक्के शामिल थे। इस पारी की बदौलत भारत ने लगातार दूसरी जीत दर्ज कर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। हाल ही में रोहित न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके थे। इसके बाद नागपुर में खेले गए पहले वनडे में भी वह सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हो गए थे। इस कारण उनकी काफी आलोचना हो रही थी। लेकिन रोहित ने इस पारी से अपने आलोचकों को जवाब देते हुए कहा, "अगर कोई खिलाड़ी सालों तक खेलता आया है और ढेरों रन बनाए हैं, तो इसका मतलब कुछ तो है।

उन्होंने कहा कि बाहर की बातें उन्हें प्रभावित नहीं करतीं और कुछ खराब पारियां उनके आत्मविश्वास को नहीं डिगा सकतीं। रोहित ने कहा, "मैं लंबे समय से क्रिकेट खेल रहा हूं और जानता हूं कि मुझसे क्या अपेक्षा की जाती है। मुझे बस मैदान पर जाकर वही करना होता है, जो मैं हमेशा करता आया हूं। मैं अपने खेल को अच्छे से समझता हूं और जानता हूं कि एक-दो खराब पारियां मेरी सोच नहीं बदल सकतीं। यह मेरे लिए एक आम दिन की तरह था।" ्र भारतीय कप्तान ने यह भी बताया कि वह हर मैच में पूरी कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा, "हमारा काम सिर्फ



मैदान पर जाकर अपना सर्वश्रेष्ठ देना है।

वही सबसे महत्वपूर्ण है। मैं जब भी बल्लेबाजी करने उतरता हूं, तो मेरी कोशिश हमेशा अच्छा करने की होती है। उन्होंने यह भी बताया कि खराब फॉर्म के दौरान स्पष्ट सोच रखना बहुत जरूरी होता है। हालांकि, यह आसान नहीं होता। "कई बार चीजें आपके पक्ष में होती हैं, कई बार नहीं। लेकिन जब तक आपको पता है कि आपको क्या करना है, बाकी बातें मायने नहीं रखतीं। जब आपने इतने रन बनाए होते हैं, तो आपको बस उसी मानसिकता में लौटने की जरूरत होती है।



### भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे वनडे के दौरान 'अंग दान करें', जीवन बचाएं' अभियान शुरू किया जाएगा

**नई दिल्ली ।** भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज के तीसरे और आखिरी मुकाबले के दौरान अहमदाबाद में 'अंग दान करें, जीवन बचाएं' नामक जागरूकता अभियान शुरू किया जाएगा। यह जानकारी आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने दी। भारत ने नागपुर में खेले गए पहले वनडे में चार विकेट से जीत दर्ज कर इंग्लैंड पर बढ़त बनाई थी। इसके बाद कटक में हुए दूसरे वनडे में भी भारत ने इसी अंतर से जीत हासिल कर 2-0 की अजेय बढ़त ले ली। अब तीसरा और आखिरी वनडे बुधवार को अहमदाबा द के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। जय शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "12 फरवरी को अहमदाबाद में भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे वनडे के अवसर पर हम 'अंग दान करें, जीवन बचाएं' नामक जागरूकता अभियान शुरू कर रहे हैं। खेल में लोगों को प्रेरित करने, जोड़ने और मैदान से बाहर भी सकारात्मक प्रभाव डालने की ताकत होती है। इस पहल के माध्यम से हम सभी से अनुरोध करते हैं कि वे सबसे बड़ा उपहार देने की दिशा में एक कदम बढ़ाएं - जीवनदान। एक संकल्प, एक निर्णय, कई जिंदगियां बचा सकता है। आइए, हम सब मिलकर बदलाव लाने में योगदान दें! दूसरे वनडे में कप्तान रोहित शर्मा और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने आसानी से जीत दर्ज की। पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे रोहित ने इस मुकाबले में जबरदस्त वापसी करते हुए 119 रनों की शानदार पारी खेली। वहीं, जडेजा ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट झटके।

**रोहित शर्मा ने अपनी मानसिक मजबूती पर भरोसा जताया और रविवार को 90 गेंदों में 119 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 12 चौके और 7 छक्के शामिल थे।**

पीएम ने 'परीक्षा पे चर्चा' में अवनि लेखरा को दिया आमंत्रण

# स्टार शूटर ने कहा- अनुभव रहा शानदार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की स्टार पैरा शूटर अवनि लेखरा को 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। पैरालंपिक खेलों में गोल्ड मेडल जीतकर इतिहास रचने वाली अवनि लेखरा ने इसको लेकर आईएएनएस से खास बातचीत की। पीएम मोदी ने परीक्षा के अवसर पर छात्रों को तनाव से दूर रखने के लिए 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम की पहल की है। एक खिलाड़ी और छात्र का माइंडसेट काफी हद तक एक जैसा होता है। जैसे खिलाड़ियों के लिए इवेंट तनावपूर्ण होते हैं, वैसे ही छात्रों के लिए परीक्षा की घड़ी नर्वस करने वाली होती है। पीएम मोदी किसी बड़े इवेंट से पहले खिलाड़ियों से भी मुलाकात करते हैं। उन्होंने अवनि लेखरा से ओलंपिक अभियान की शुरुआत करने से पहले कहा था कि उम्मीदों को बोझ नहीं बल्कि अपनी ताकत बनाएं।

कुछ ऐसी ही बातें पीएम मोदी 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान बोलते हैं। इस बार अवनि लेखरा को भी आमंत्रण मिला है। उन्होंने आईएएनएस से बताया, "मुझे इस आमंत्रण को लेकर काफी अच्छा लग रहा है। काफी सारे बच्चों से मिलना, उनसे अपने अनुभव शेयर करना, ये सब चीजें देख मुझे अपने स्कूल के दिन याद आते हैं। जब हमारी परीक्षा होती थी तब काफी तनाव और चिंता रहती थी। इन सबको लेकर बात करना, इससे कैसे निपटा जाए, ये सब चीजें चर्चा का विषय हैं। अवनि ने बताया कि 'परीक्षा पे चर्चा' जैसे पहल से काफी प्रेरणा मिलती है और छात्रों का माइंडसेट सही रहता है। परीक्षा में और उससे भी पहले छात्र तनाव में होते हैं जिस कारण वह ढंग से फोकस नहीं कर पाते, ठीक से याद भी नहीं कर पाते। परीक्षा पर चर्चा में टिप्स और ट्रिक्स पर भी बात होती है। इसलिए इस तरह की चर्चाओं से काफी प्रेरणा मिलती है। अवनि पीएम मोदी से कई बार मिल चुकी हैं। अपने अनुभव पर उन्होंने कहा, "पीएम से मिलना हर बार एक शानदार अनुभव रहा। उन्होंने टोक्यो जाने से पहले और बाद में भी खिलाड़ियों से बातचीत की थी। सभी एथलीट को मोटिवेट किया था। फिर पेरिस ओलंपिक में भी यही हुआ। मेरे साथ उनकी मुलाकात खास थी क्योंकि मैं डिफेंडिंग चैंपियन थी। पीएम मोदी ने कहा था, 'बहुत से लोगों को आपसे उम्मीदें होंगी। आप उन उम्मीदों को बोझ नहीं बनाएं, बल्कि अपनी ताकत बनाएं।' और वही मेरे साथ रहा। इसी माइंडसेट के साथ मैं पेरिस गई थी और वहां दोबारा गोल्ड मेडल लेकर फिर से पीएम से बात की थी। बहुत सारे एथलीट पीएम को फॉलो करते हैं, उनकी बातों को ध्यान से सुनते हैं और मेडल जीतने के बाद उनके फोन का इंतजार करते हैं। ये सब बेस्ट मेमोरी बन जाती है।



### हार नहीं माननी चाहिए और सबसे पहले स्थिति को स्वीकार करना आना चाहिए

जीवन में बढ़ते तनाव से निपटने के लिए भी अवनि ने अपने विचार रखे। उन्होंने कहा, "बहुत बार लगता है, हमारे आसपास नेगेटिव माहौल महसूस होता है या कुछ एक्सीडेंट हो जाता है। कोई बड़ी चोट लग जाती है और ऐसा लगता है कि यह हमारे जीवन का अंत है। लेकिन हार नहीं माननी चाहिए और सबसे पहले स्थिति को स्वीकार करना आना चाहिए। यह नहीं सोचना चाहिए कि सब सही नहीं होगा। थोड़ी भी उम्मीद में कोशिश करेंगे तो आप एक दिन ऐसी जगह पहुंचेंगे कि आपको खुद पर गर्व महसूस होगा और लोग भी आप पर गर्व करेंगे।

# जसप्रीत बुमराह एनसीए में गेंदबाजी और जिम शुरू करेंगे

## 48 घंटे मॉनीटरिंग करेंगे एक्सपर्ट, चैंपियंस ट्रॉफी से पहले वापसी का इंतजार करेगा बोर्ड

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की बैक इंजरी को लेकर नया अपडेट आया है। बुमराह नेशनल क्रिकेट एकेडमी में रिहैबिलिटेशन शुरू करेंगे। शुक्रवार को बीसीसीआई के नेशनल क्रिकेट एकेडमी में उनका स्कैन किया गया था। स्कैन की रिपोर्ट को लेकर मेडिकल टीम और बीसीसीआई के बीच चर्चा हुई है। अब अगले 24-48 घंटे उनकी फिजिकल एक्टिविटी पर ध्यान दिया जाएगा। इस दौरान उनके कुछ जिम वर्क और हल्की गेंदबाजी शुरू करने की संभावना है। चैंपियंस ट्रॉफी में बुमराह का खेलना या न खेलना इसी रिपोर्ट पर निर्भर करेगा। फिलहाल वे स्क्वॉड में शामिल हैं। बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ खेली जा रही वनडे सीरीज के लिए टीम में चुना गया था। हालांकि सीरीज शुरू होने से एक दिन पहले उनकी जगह वरुण चक्रवर्ती को शामिल किया गया है। बुमराह के फिट होने का अगर 1 परसेंट चांस भी है, तो बीसीसीआई इंतजार कर सकता है। बोर्ड ने हार्दिक पंड्या के साथ भी 2023 वनडे वर्ल्ड कप में ऐसा ही किया था, क्योंकि रिप्लेसमेंट के रूप में प्रसिद्ध कृष्णा को लेने से पहले उन्होंने करीब दो हफ्तों तक इंतजार किया था।बीसीसीआई ने 5 हफ्ते आराम की सलाह दी थी बुमराह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पांचवें टेस्ट में 3 जनवरी को चोटिल हुए थे।



### द. अफ्रीकी बल्लेबाज ब्रीत्जके ने वनडे डेब्यू में बनाया अनोखा रिकॉर्ड

**लाहौर।** दक्षिण अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज मैथ्यू ब्रीत्जके ने वनडे क्रिकेट में अपने डेब्यू मैच में इतिहास रच दिया। सोमवार को गद्दाफी स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए त्रिकोणीय सीरीज के दूसरे मैच में उन्होंने 150 रन बनाकर नया रिकॉर्ड कायम किया। वह अपने पहले ही वनडे मैच में 150 रन बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। ब्रीत्जके ने 148 गेंदों पर 150 रनों की शानदार पारी खेली, जिसमें 11 चौके और 5 छक्के शामिल थे। इससे पहले यह रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज डेसमंड हेन्स के नाम था, जिन्होंने 1978 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने पहले वनडे में 148 रन बनाए थे। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के लिए वनडे डेब्यू पर सबसे बड़ा स्कोर 124 रन था, जो 2010 में कॉलिन इंग्राम ने जिम्बाब्वे के खिलाफ बनाया था।

# एफआईएच प्रो लीग मैचों के लिए स्पेनिश टीमें भुवनेश्वर पहुंची



**भुवनेश्वर (आईएएनएस)**

● **पुरुष टीम 15 और 16 फरवरी को मेजबान भारत के खिलाफ खेलेगी, फिर 19 फरवरी को इंग्लैंड से मुकाबला होगा।**

स्पेन की पुरुष और महिला हॉकी टीमें एक साथ सोमवार को भुवनेश्वर के बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचीं। ये टीमें भारत में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 के मैच खेलने आई हैं। पुरुष टीम 15 और 16 फरवरी को मेजबान भारत के खिलाफ खेलेगी, फिर 19 फरवरी को इंग्लैंड से मुकाबला होगा। वहीं, महिला टीम 15 और 16 फरवरी को जर्मनी से भिड़ेगी और 19 फरवरी को भारत के खिलाफ खेलेगी। अभी तक, दोनों स्पेनिश टीमें अपनी अंक तालिका में कमजोर स्थिति में हैं और जीत हासिल कर प्रो लीग अभियान में अपनी स्थिति सुधारना चाहती हैं। पुरुष टीम चार मैचों में सिर्फ एक जीत और एक ड्रॉ के साथ छठे स्थान पर है। महिला टीम चार मैच खेल चुकी है, लेकिन अब तक एक भी मुकाबला नहीं जीत पाई है और आठवें स्थान पर है। भुवनेश्वर पहुंचने पर स्पेन की पुरुष टीम के कप्तान अल्वारो इग्लेसियस ने कहा, "हम भारत लौटकर बहुत उत्साहित हैं। हमने ऑस्ट्रेलिया में चार मैच खेले, लेकिन हमें अपने खेल में सुधार करने की जरूरत है। यहां हम अधिक मैच जीतने की कोशिश करेंगे।" उन्होंने यह भी कहा, "भारत में खेलना हमें हमेशा अच्छा लगता है क्योंकि यहां हॉकी बहुत लोकप्रिय है और स्टेडियम दर्शकों से भरा होता है। महिला टीम की कप्तान लूसिया जिमेनेज ने भी अपनी खुशी जताते हुए कहा, "भुवनेश्वर हॉकी के लिए बहुत महत्वपूर्ण शहर है और हम यहां के दर्शकों के सामने खेलने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। यह टूर्नामेंट हमारे लिए बहुत जरूरी है क्योंकि हम अगले साल एफआईएच प्रो लीग में बने रहना चाहते हैं। इसलिए हमें पता है कि यहां जीतना कितना अहम होगा।



# वैश्विक अस्थिरता से ऑलटाइम हाई पर गोल्ड पहली बार 85,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के पार

● **अंतरराष्ट्रीय बाजारों में गोल्ड की कीमतों में जनवरी की शुरुआत के बाद से 9 प्रतिशत तक की तेजी देखने को मिल चुकी है**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

वैश्विक अस्थिरता के चलते गोल्ड की कीमत सोमवार को 85,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गई है। यह गोल्ड का अब तक का सबसे उच्चतम स्तर है। इसमें तेजी की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा स्टील और एल्यूमीनियम उत्पादों पर 25 प्रतिशत टैरिफ के ऐलान के कारण वैश्विक स्तर पर अस्थिरता का बढ़ना है। इंडियन बुलियन एंड



ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 671 रुपये बढ़कर 85,370 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि शुक्रवार को 84,699 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। 22 कैरेट गोल्ड की कीमत बढ़कर 83,320 रुपये प्रति 10 ग्राम, 20 कैरेट गोल्ड की कीमत 75,980 रुपये प्रति 10 ग्राम और 18 कैरेट गोल्ड की कीमत 69,150 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर 4 अप्रैल के कॉन्ट्रैक्ट में गोल्ड फ्यूचर्स की कीमत ऑल-टाइम हाई 85,384 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। फिलहाल यह कॉन्ट्रैक्ट 0.51 प्रतिशत की तेजी के साथ 85,325 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था।

अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी गोल्ड की कीमत ऑल-टाइम हाई पर चल रही है। गोल्ड का भाव 2,923 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई है। आमतौर पर जब भी वैश्विक अस्थिरता बढ़ती है, तब सुरक्षित निवेश होने के कारण गोल्ड की कीमतों में तेज उछाल देखा जाता है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में गोल्ड की कीमतों में जनवरी की शुरुआत के बाद से 9 प्रतिशत तक की तेजी देखने को मिल चुकी है। कामा ज्वेलरी के एमडी कॉलिन शाह के मुताबिक, आने वाले समय में भी गोल्ड में तेजी रह सकती है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में गोल्ड की कीमत 3,000 डॉलर प्रति औंस और घरेलू बाजारों में 88,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकती है। रुपया ऑल-टाइम लो पर बना हुआ है। यह सोमवार को डॉलर के मुकाबले 49 पैसे गिरकर 87.92 पर पहुंच गया है।

# भारतीय शेयर बाजार धड़ाम सेंसेक्स 548 अंक फिसला

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखने को मिली।



सेंसेक्स 548.39 अंक या 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,311.80 और निफ्टी 178.35 अंक या 0.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,381 पर बंद हुआ। बाजार का रुझान नकारात्मक था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,076 शेयर हरे निशान, 3,029 शेयर लाल निशान और 120 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। गिरावट का सबसे अधिक असर मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों पर देखा गया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,138 अंक या 2.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52,471.05 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 358.15 अंक या 2.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,648.70 पर था। ऑटो, आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, मेटल, रियल्टी और एनर्जी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए हैं। बाजार में उतार-चढ़ाव दर्शाने वाला इंडिया विक्स 5.48 प्रतिशत की बढ़त के साथ 14.44 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स पैक में कोटक महिंद्रा बैंक, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, टीसीएस और एचयूएल गेनर्स थे। पावर ग्रिड, टाटा स्टील, जोमैटो, टाइटन, बजाज फाइनेंस, एनटीपीसी, एमएंडएम, टाटा मोटर्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, इन्फोसिस और एक्सिस बैंक लूजर्स थे। बाजार के गिरने की वजह खराब ग्लोबल संकेतों को माना जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा 25 प्रतिशत टैरिफ आयातित स्टील और एल्यूमीनियम उत्पादों पर लगाने का ऐलान किया गया है। वैश्विक अस्थिरता के चलते गोल्ड की कीमत सोमवार को 85,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के पार निकल गई है। इंडियन बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 671 रुपये बढ़कर 85,371 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है।

# स्टील और एल्युमीनियम आयात पर 25 फीसदी टैरिफ लगाएंगे ट्रंप, भारत पर होगा क्या असर?

**न्यूयॉर्क (आईएएनएस)**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को कहा कि वह सभी प्रकार के इस्पात और



एल्युमीनियम आयात पर 25 फीसदी शुल्क लगाएंगे। इस्पात और एल्युमीनियम का व्यापार भारत और अमेरिका के बीचकी लंबे समय से विवादास्पद रहा है। टैरिफ का मुद्दा ऐसे समय में सामने आया है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वाशिंगटन यात्रा पर जा रहे हैं। वह 12 से 14 फरवरी तक अमेरिका में रहेंगे। सुपरबोल के लिए न्यू ऑरलियन्स जाते समय ट्रंप ने कहा, "संयुक्त राज्य अमेरिका में आने वाले किसी भी स्टील पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगेगा, एल्युमीनियम पर भी।" उन्होंने कहा कि टैरिफ की घोषणा सोमवार को की जाएगी। राष्ट्रपति ने कहा कि सभी देशों के लिए पारस्परिक टैरिफ भी लगाए जाएंगे। पारस्परिक टैरिफ यानी जो देश अमेरिकी सामानों पर जितना टैरिफ लगाएगा, अमेरिका भी उस देश से आने वाले सामानों पर उतना ही टैरिफ लगाएगा। ट्रंप ने कहा, "बहुत सरल शब्दों में, अगर वे हमसे शुल्क लेते हैं, तो हम उनसे शुल्क लेंगे। भारत ने 2023 के दौरान 4 बिलियन डॉलर का इस्पात और 1.1 बिलियन डॉलर का एल्युमीनियम निर्यात किया था। इस्पात और एल्युमीनियम बिजनेस भारत और अमेरिका के लिए एक विवादास्पद और जटिल मुद्दा रहा है।

# सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च में बीते एक दशक में की 5 गुना से अधिक की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि हाइवे, रेलवे और पोर्ट्स जैसे इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में सरकारी निवेश 2024 में बढ़कर 11 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो कि 2014 में यूपीए के समय में 2 लाख करोड़ रुपये था। यह बीते एक दशक में 5 गुना से अधिक की बढ़ोतरी को दर्शाता है। बजट पर बातचीत करते हुए सिंधिया ने पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत में गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं को ही चार जातियां मानते हैं और 2025-26 का बजट इन चार वर्गों को सशक्त बनाने पर केंद्रित है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में बीते एक साल में 6,000 किलोमीटर के हाइवे और 2,031 किलोमीटर की रेलवे लाइन बिछाई गई है।



इसके अलावा 10,700 गांवों में कनेक्टिविटी सुधारने के लिए टावर लगाए गए हैं।

# पीएलआई स्कीम से इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में पैदा हुई 1.37 लाख से अधिक प्रत्यक्ष नौकरियां

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम के कारण दिसंबर 2024 तक इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 10,213 करोड़ रुपये का निवेश आया है और 1.37 लाख प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। यह जानकारी संसद में सरकार द्वारा दी गई। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने राज्यसभा को बताया कि पीएलआई स्कीम के तहत 662,247 करोड़ रुपये का संचयी उत्पादन हुआ है। साथ ही 137,189 अतिरिक्त रोजगार (प्रत्यक्ष नौकरियां) के अवसर सृजित किए गए हैं। लिखित जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग पर सरकार का जोर होने के कारण भारत एक मोबाइल फोन आयातक से निर्यातक देश बन गया है।

## 'परीक्षा पे चर्चा' का हिस्सा बनकर खुशी हुई

# एआई और मेंटल हेल्थ जैसे मुद्दों पर छात्रों से बातचीत की : राधिका गुप्ता

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

एडलवाइज एसेट मैनेजमेंट की एमडी और सीईओ, राधिका गुप्ता ने सोमवार को कहा



कि 'परीक्षा पे चर्चा' एक अच्छा और जरूरी इनिशिएटिव है। इसमें मौजूदा समय के मुद्दे जैसे एआई और मेंटल हेल्थ पर छात्रों से बातचीत की गई। गुप्ता ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा कि आज के दौर में छात्रों को काफी स्ट्रेस और प्रेशर से गुजरना पड़ता है। ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से छात्र मेंटल हेल्थ, टाइम मैनेजमेंट और टेक्नोलॉजी पर बातचीत कर सकते हैं। इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर मुझे बहुत खुशी हुई। जब मुझे इसके लिए आमंत्रित किया गया, तो मैं काफी सरप्राइज थी। उन्होंने आगे कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक बहुत अच्छी बात है कि वह एथलीट या अन्य किसी भी व्यक्ति को एक दोस्त के रूप में मोटिवेट करते हैं। नागरिक या अचीवर के रूप में हमें यह मौका मिला है। यह बड़ी बात है। गुप्ता के मुताबिक, इस बार 'परीक्षा पे चर्चा' में मौजूदा समय के मुद्दों पर बातचीत की गई है।

### 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट-2025 का उद्घाटन

# पुलिस बल किसी भी राष्ट्र की कानून-व्यवस्था का मजबूत आधार स्तंभ : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को खेलगांव स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह स्टेडियम में आयोजित 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट-2025 का उद्घाटन किया। मौके पर राज्यपाल ने कहा कि ऐसे आयोजन न केबल पुलिस बल की कार्यकुशलता को प्रदर्शित करता है, बल्कि आपसी सहयोग, नवीन तकनीकों के आदान-प्रदान और पुलिसकर्मियों के मनोबल को बढ़ाने का अवसर भी प्रदान करता है। राज्यपाल ने कहा कि पुलिस बल किसी भी राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा, शांति एवं कानून-व्यवस्था का मजबूत आधार स्तंभ हैं। वे प्रतिकूल परिस्थितियों में भी जनहित एवं राज्यहित में समर्पित भाव से कार्य करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। समाज और राज्य की सुरक्षा के लिए अनेक पुलिसकर्मियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहारों, चुनाव कार्यों, प्राकृतिक आपदाओं या उग्रवाद से निपटने की चुनौती, हर परिस्थिति में पुलिसकर्मी पूरी निष्ठा, साहस और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। उनका यह बलिदान, त्याग एवं सेवा की भावना सभी को प्रेरित करता रहेगा। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध, वित्तीय धोखाधड़ी, मानव तस्करी और संगठित अपराध जैसी चुनौतियां बढ़ रही हैं। इनसे प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पुलिस बल को अत्याधुनिक तकनीकों और विशिष्ट कौशल से सुसज्जित होना आवश्यक है।

## पेज एक के शेष

**पलामू जिले में मैट्रिक और इंटर...**
गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। झारखंड परीक्षा संचालन अधिनियम, 2001 के तहत कदाचार में लिप्त पाए जाने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। परीक्षा से जुड़ी किसी भी जानकारी या सहायता के लिए परीक्षार्थी और अभिभावक नियंत्रण कक्ष से संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को परीक्षा में ईमानदारी और आत्मविश्वास के साथ शामिल होने के लिए प्रेरित करें।

**मुकेश सोनी गोलीकांड का...**
में छापेमारी टीम का गठन किया गया। मामले में एक नामजद आरोपी था, इसलिए यह पता लगाना मुश्किल था कि वास्तव में घटना को किसने अंजाम दिया। घटना में शामिल अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने करने का प्रयास किया जा रहा था। इस क्रम में 9 फरवरी को सूचना मिली कि मुकेश सोनी पर गोली चलाने वाला अपराधी प्रिंस दीभा मोहल्ला के आसपास घूम रहा है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सदर के नेतृत्व में छापेमारी दल के साथ दीभा मोहल्ला में छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक काले रंग का मोटरसाइकिल, एक स्क्रीन टच मोबाइल फोन, एक देसी पिस्टल बरामद किया गया। इस घटना में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रिंस यादव का पूर्व में आपराधिक इतिहास रहा है। वह सदर थाना चतरा के कई कांडों में फरार चल रहा था। छापेमारी दल में सदर थाना प्रभारी के साथ एसआई राहुल सिंह, मनीष कुमार व अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

**अंबिकापुर से आरा जा रही बस...**
मच गई। कंस्ट्रक्शन कंपनी के कर्मी और स्थानीय लोगों ने जख्मी यात्रियों को बस से बाहर निकाला और फिर 108 और कंस्ट्रक्शन कंपनी की एंबुलेंस से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरिहरगंज में भेजा। वहां इलाज के क्रम में लगभग 12 यात्री गंभीर रूप से जख्मी पाए गए। इनमें से छह की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें रेफर कर दिया गया। इस मामले में पीपरा थाना में मामला दर्ज कराया गया है। जानकारी के अनुसार घायल यात्रियों में गंभीर घायलों में आरा के सिकरहोरा गांव की रमावती देवी पति धनंजय साव, रसरपुर के पंकज कुमार सिंह पिता केशो सिंह, परबतपुर की कंचन देवी पति अमन साव, बरतीखाप की सुमित्रा देवी पति विजय साहू, हसनबाजार के प्रेम कुमार पिता भारत कुमार गुप्ता, भरत कुमार गुप्ता पिता सोनू लाल साव, बिसैनीकला रोहतास की तैमून निशा, बचरी पीरो के गणेश कुमार पिता इंद्रमणि राम और सहार बिक्रमगंज भोजपुर की कमलावती देवी पति गणेश साव शामिल है। इनमें से रमावती, कंचन,सुमित्रा, तैमून, प्रेम, भरत को रेफर कर दिया गया है। इसके अलावा अन्य घायल यात्रियों को सीएचसी में इलाज किया गया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर हरिहरगंज के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर चंदन कुमार दलबल के साथ दुर्घटना की छानबीन शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि घायल यात्रियों का इलाज कराया जा रहा है। यात्री बस को जब्त कर लिया जाएगा। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

**स्वयं को दें चुनौती और तय...**
प्रौद्योगिकी को समझने और उसका अधिकतम उपयोग करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों के साथ अनौपचारिक बातचीत में कई विषयों पर चर्चा की। उन्होंने तिल से बनी मिठाइयां बांटीं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विद्यार्थियों को हर समय अच्छी तरह से तैयार रहना चाहिए और स्वयं को चुनौती देते रहना चाहिए। उदाहरण के लिए यदि आप पिछली बार किसी परीक्षा में 30 अंक लाए थे, तो अगली बार 35 अंक लाने हैं। उन्होंने कहा कि अधिसंख्य लोग खुद से खुद की लड़ाई लड़ते ही नहीं हैं। प्रधानमंत्री ने इसके लिए मन को स्थिर कर स्वयं की क्षमताओं और लक्ष्य को पहचाने की सलाह दी। उन्होंने लोगों से बार-बार खुद से पूछने का आग्रह किया कि वे क्या बन सकते हैं, क्या हासिल कर सकते हैं और कौन से काम उन्हें संतुष्टि देंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी का ध्यान अखबार या टीवी जैसे दैनिक बाहरी प्रभावों से प्रभावित नहीं होना चाहिए, बल्कि समय के साथ लगातार विकसित होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि बहुत से लोग अक्सर अपने दिमाग को बिना दिशा के भटकने देते हैं। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे अपने निर्णयों में लापरवाही न बरतें और किसी ऐसी चीज पर शांति पाने के लिए अपना मन लगाएं, जो उन्हें चुनौतियों से निपटने में मदद करेगी। पीएम मोदी ने कहा कि ज्यादातर लोग खुद से नहीं, बल्कि दूसरों से प्रतिस्पर्धा करते हैं। अक्सर अपनी तुलना उन लोगों से करते हैं, जो शायद कम सक्षम हों। उन्होंने कहा कि खुद से प्रतिस्पर्धा करने से अटूट आत्मविश्वास पैदा होता है, जबकि दूसरों से खुद की तुलना करने से निराशा होती है। असफलता से उबरने के सवाल पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अगर 30-40 प्रतिशत छात्र 10वीं या 12वीं कक्षा में फेल भी हो जाएं, तो भी जीवन खत्म नहीं हो जाता। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जीवन में सफल होना है, या सिर्फ पढ़ाई में। उन्होंने असफलताओं को अपना शिक्षक बनाने की सलाह दी। क्रिकेट का उदाहरण देते हुए कहा कि खिलाड़ी अपनी गलतियों की समीक्षा करते हैं और सुधार के लिए प्रयास करते हैं। प्रधानमंत्री ने जीवन को सिर्फ परीक्षा के नजरिए से नहीं, बल्कि समग्र रूप से देखने का आग्रह किया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि दिव्यांग व्यक्तियों में अक्सर असाधारण ताकत होती है और हर किसी की क्षमताएं अद्वितीय होती हैं। उन्होंने सिर्फ पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय इन ताकतों पर काम करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लंबे समय में, सफलता के लिए सिर्फ पढ़ाई के अंक ही नहीं, बल्कि जीवन की और योग्यताएं भी जिम्मेदार होती हैं। पढ़ाई और शौक (हॉबी) के बीच तालमेल के प्रश्न पर प्रधानमंत्री ने कहा कि छात्र रोबोट नहीं हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल अगली कक्षा में आगे बढ़ने के लिए नहीं, बल्कि समग्र व्यक्तिगत विकास के लिए है। उन्होंने कहा कि बागवानी जैसे शुरुआती स्कूली शिक्षा के पाठ अप्रासंगिक लग सकते हैं, लेकिन वे समग्र विकास में योगदान करते हैं। प्रधानमंत्री ने माता-पिता और शिक्षकों से बच्चों को कठोर शैक्षणिक माहौल में सीमित न रखने का आग्रह करते हुए कहा कि ऐसा करने से उनका विकास रुक जाता है। उन्होंने कहा कि बच्चों को एक खुला वातावरण और ऐसी गतिविधियां चाहिए, जो उन्हें पसंद हों। उन्होंने कहा कि परीक्षाएं सब कुछ नहीं हैं और ज्ञान और परीक्षाएं दो अलग-अलग चीजें हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारे समाज में दुर्भाग्य से ये घुस गया है कि अगर हम स्कूल में इतने नंबर नहीं लाए, दसवीं-बारहवीं में इतने नंबर नहीं आए, तो जिंदगी तबाह हो जाएगी। इसलिए पूरे घर में तनाव हो जाता है, ऐसे में आपको खुद को तैयार करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे में इस तनाव को मन में न लें और तय करें कि आपको आज कितना पढ़ना है। ये अगर आप कर लेते हैं, तो आप इस तनाव से खुद को निकाल सकते हैं। परीक्षा के दौरान अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के विषय पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि प्राथमिक मुद्दा छात्रों के साथ कम और उनके परिवारों के साथ अधिक है। उन्होंने कहा कि कई माता-पिता अपने बच्चों पर इंजीनियरिंग या चिकित्सा जैसे विशिष्ट करियर को आगे बढ़ाने के लिए दबाव डालते हैं, जबकि बच्चे की रुचि कला जैसे क्षेत्रों में होती है। यह निरंतर दबाव बच्चे के जीवन को तनावपूर्ण बना देता है। उन्होंने माता-पिता से अपने बच्चों की क्षमताओं और रुचियों को समझने और पहचानने, उनकी प्रगति की निगरानी करने और सहायता प्रदान करने का आग्रह किया। उन्होंने छात्रों की तुलना न करने और प्रत्येक बच्चे की अनूठी क्षमताओं को प्रोत्साहित करने के महत्व पर जोर दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों को मोटा अनाज (मिलेट्स) और स जियों का महत्व भी बताया। फिटनेस के लिए नींद को जरूरी बताते हुए उन्होंने कहा कि बीमार न होने का मतलब यह नहीं है कि हम स्वस्थ हैं। नींद भी पोषण पर निर्भर करती है। चिकित्सा विज्ञान भी नींद पर ध्यान केंद्रित करता है। सभी को सुबह की धूप में समय बिताना चाहिए। प्रधानमंत्री ने बच्चों के साथ बातचीत में जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण और पोषण के महत्व पर भी बातचीत की। उन्होंने सुंदर नर्सरी में ह्यएक पेड़ मां के नामह्ण अभियान के तहत बच्चों के साथ मिलकर पौधे भी लगाए।

**उद्योग लगाने के लिए दें...**
आधारित उद्योगों पर फोकस करने का निर्देश दिया। मुख्य सचिव ने उदाहरण देते हुए कहा कि देश के 80 प्रतिशत तसर का उत्पादन करने वाला झारखंड आज भी ज्यादातर ककून बेच रहा है, जबकि राज्य में ही ककून का वैल्यू एडिशन कर तैयार माल का वितरण और विपणन किया जा सकता है। उन्होंने विजन के साथ इस क्षेत्र में आगे बढ़ने पर जोर दिया। ज्ञात हो कि झारखंड को मिले इन प्रस्तावों से राज्य में परोक्ष और अपरोक्ष रूप से 17 हजार 823 लोगों को रोजगार मिलेगा।

**रांची में लगाए गए 50...**
आवाज आएगी, ताकि आप अपनी समस्या बता सकें। समस्या बताते ही स्मार्ट सिटी और पुलिस की टीम आपकी मदद के लिए संबंधित एजेंसी से संपर्क कर आपको राहत दिलाएगी। इसके लिए ना तो मोबाइल फोन की जरूरत है, और ना ही किसी नंबर को याद रखने की जरूरत। बस आपात स्थिति में फंसे व्यक्ति के आसपास पीले रंग का बॉक्स होना चाहिए।

**किस-किस प्रकार की मदद मिल सकती है :** सड़क दुर्घटना, चेन स्नैचिंग, गोलीबारी, मारपीट, छेड़खानी या कोई अन्य आपराधिक वारदात में मदद के लिए तुरंत इस बॉक्स का उपयोग किया जा सकता है। यह जरूरी नहीं है कि पीड़ित व्यक्ति ही फोन करे। प्रत्यक्षदर्शी भी मदद पहुंचाने के लिए कॉल कर सूचना दे सकता है। यदि आसपास के इलाके में आग लग जाए, तो भी या तो पीड़ित या आसपास के लोग फायरब्रिगेड से संपर्क साधने के लिए इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

**एंबुलेंस तथा नगरीय सेवा प्रदान करने के लिए :** अगर सड़क पर कोई दुर्घटना होती है, तो एंबुलेंस सेवा के लिए भी इस बॉक्स का इस्तेमाल हो सकता है। पीड़ित या वहां मौजूद कोई भी व्यक्ति इसकी सूचना कमांड सेंटर को दे सकता है। आंधी-तूफान में तार, बिजली के खंभे गिरने और सड़क पर मृत मवेशियों के पड़े होने की भी सूचना कमांड सेंटर को दी जा सकती है। वर्तमान में शहर के 50 जगहों पर यह सुविधा प्रदान की गई है। लेकिन, फ्लाईओवर निर्माण और सड़कों की चौड़ीकरण के कारण कुछ बॉक्स अभी हटाए गए हैं। काम संपन्न होते ही बॉक्स को पुन: वहां लगा दिया जाएगा।

अभी यहां लगे हैं कॉल बॉक्स : फिलहाल कांके रिंग रोड, मेन रोड ओवरब्रिज, सहजानंद चौक, शनि मंदिर चौक, हरमू चौक, अरगोड़ा चौक, सैटेलाइट चौक, कांके रोड, बिरसा चौक, मेकन चौक, सुजाता चौक, कोकर चौक आदि स्थानों पर बॉक्स लगाए गए हैं।

प्रपत्र VI 'क' **समाहरणालय, गढ़वा**
**(जिला भू-अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

### प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)
अधिसूचना संख्या 176/भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 07.02.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि ग्राम–जरगढ़, थाना नं0–369, थाना–गढ़वा, अंचल–गढ़वा, जिला–गढ़वा में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना NH-75 डेन्टल मोड़ से नावादोहरी पथ भाया हूर चार मुहान पथ चौडीकरण एवं मजबुतीकरण/पुर्ननिर्माण कार्य योजना हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि ग्राम–जरगढ़, थाना नं0–369, थाना–गढ़वा, अंचल–गढ़वा, जिला–गढ़वा में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश–2.58800 एकड़ मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0,द0,पू0,प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 63 | 04 | रैयती | – | 0.00800 | मुसलीम अंसारी पिता–स्व0 कमरूदीन अंसारी | उ0 रास्ता द0 अलमुदीन अंसारी पू0 नीज प0 रास्ता |
| 2 | 63 | 04 | रैयती | – | 0.00900 | अलमुदीन अंसारी पिता–स्व0 पहलु मियां | उ0 मुसलीम अंसारी पू0 नीज द0 कुतबुदीन अंसारी प0 रास्ता |
| 3 | 63 | 04 | रैयती | – | 0.00700 | कुतबुदीन अंसारी पिता–स्व0 सुखाड़ी अंसारी | उ0 अलमुदीन अंसारी पू0 नीज द0 रेयाजुदीन अंसारी प0 रास्ता |
| 4 | 63 | 04 | रैयती | – | 0.00700 | रेयाजुदीन अंसारी पिता–स्व0 सुखाड़ी अंसारी | उ0 कुतबुदीन अंसारी पू0 रास्ता द0 वाजुदीन अंसारी प0 नीज |
| 5 | 63 | 04 | रैयती | – | 0.01600 | वाजुदीन अंसारी पिता–स्व0 पहलु अंसारी | उ0 रेयाजुदीन अंसारी द0 श्रवन ठाकुर पू0 रास्ता प0 नीज |
| 6 | 38 | 45 | रैयती | – | 0.01920 | श्रवन ठाकुर पिता–स्व0 गोपाल ठाकुर | उ0 वाजुदीन अंसारी द0 नन्दु ठाकुर पू0 रास्ता प0 नीज |
| 7 | 38 | 45 | रैयती | – | 0.01700 | नन्दु ठाकुर पिता–स्व0 रघु ठाकुर | उ0 श्रवण ठाकुर द0 लक्ष्मी ठाकुर पू0 रास्ता प0 नीज |
| 8 | 38 | 45 | रैयती | – | 0.01480 | लक्ष्मी ठाकुर पिता–स्व0 रघु ठाकुर | उ0 नन्दु ठाकुर द0 अली हुसैन अंसारी पू0 रास्ता प0 नीज |
| 9 | 53 | 44 | रैयती | – | 0.00800 | अली हुसैन अंसारी पिता–स्व0 ताहीर अंसारी | उ0 लक्ष्मी ठाकुर द0 समीम अंसारी पू0 रास्ता प0 नीज |
| 10 | 23 | 42 | रैयती | – | 0.00480 | समीम अंसारी व मंजुर अंसारी पिता–स्व0 इसराईल अंसारी | उ0 अली हुसैन अंसारी द0 मो0 हुसैन अंसारी पू0 रास्ता प0 नीज |
| 11 | 23 | 42 | रैयती | – | 0.00480 | मो0 हुसैन अंसारी पिता–स्व0 सलामत अंसारी | उ0 समीम अंसारी द0 समीम अंसारी पू0 रास्ता प0 नीज |
| 12 | 23 | 42 | रैयती | – | 0.00600 | समीम अंसारी व मंजुर अंसारी पिता–स्व0 इसराईल अंसारी | उ0 मो0 हुसैन अंसारी द0 नेजाबुदीन अंसारी पू0 रास्ता प0 नीज |
| 13 | 23 | 42 | रैयती | – | 0.00920 | नेजाबुदीन अंसारी पिता–स्व0 रहिमन अंसारी | उ0 समीम अंसारी पू0 रास्ता द0 सेराजुदीन अंसारी प0 नीज |
| 14 | 23 | 42 | रैयती | – | 0.00520 | सेराजुदीन अंसारी पिता–स्व0 रहिमन अंसारी | उ0 नेजाबुदीन अंसारी पू0 रास्ता द0 ऐलुन अंसारी प0 नीज |
| 15 | 10 | 40 | रैयती | – | 0.02200 | ऐलुन अंसारी पिता–स्व0 समसुदीन अंसारी | उ0 नीज द0 अलिमुदीन अंसारी पू0 रास्ता प0 नीज |
| 16 | 10 | 40 | रैयती | – | 0.00500 | अलिमुदीन अंसारी पिता–स्व0 कबीर अंसारी | उ0 ऐलुन अंसारी द0 लेयाकत अंसारी पू0 रास्ता प0 नीज |
| 17 | 10 | 40 | रैयती | – | 0.00500 | लेयाकत अंसारी पिता–स्व0 आम मोहम्मद अंसारी | उ0 अलिमुदीन अंसारी द0 अलिमुदीन अंसारी पू0 रास्ता प0 नीज |
| 18 | 10 | 39 | रैयती | – | 0.01500 | अलिमुदीन अंसारी पिता–स्व0 कबीर अंसारी | उ0 लेयाकत अंसार द0 नीज पू0 रास्ता प0 नीज |
| 19 | 10 | 38 | रैयती | – | 0.00900 | अलिमुदीन अंसारी पिता–स्व0 कबीर अंसारी | उ0 नीज द0 नीज पू0 रास्ता प0 नीज |
| 20 | 10 | 64 | रैयती | – | 0.00150 | अलिमुदीन अंसारी पिता–स्व0 कबीर अंसारी | उ0 नीज द0 लेयाकत अंसारी पू0 रास्ता प0 नीज |
| 21 | 10 | 64 | रैयती | – | 0.02650 | लेयाकत अंसारी पिता–स्व0 आम मोहम्मद अंसारी | उ0 अलिमुदीन अंसारी द0 नीज पू0 रास्ता प0 नीज |
| 22 | 23 | 68 | रैयती | – | 0.01600 | सहमुदीन अंसारी पिता–रहीमत अंसारी | उ0 रास्ता द0 सेराजुदीन अंसारी पू0 रास्ता प0 नीज |
| 23 | 23 | 68 | रैयती | – | 0.01400 | सेराजुदीन अंसारी व नेजाबुदीन अंसारी पिता–स्व0 रहीमन अंसारी | उ0 सहमुदीन अंसारी द0 मो0 हुसैन अंसारी पू0 रास्ता प0 नीज |
| 24 | 23 | 68 | रैयती | – | 0.00670 | मो0 हुसैन अंसारी पिता–स्व0 सलामत अंसारी | उ0 सेराजुदीन अंसारी द0 सजबुन बीबी पू0 रास्ता प0 नीज |
| 25 | 23 | 68 | रैयती | – | 0.00830 | सजबुन बीबी पति–सेराजुदीन अंसारी | उ0 मो0 हुसैन अंसारी द0 मंजूर अंसारी पू0 रास्ता प0 नीज |
| 26 | 23 | 69 | रैयती | – | 0.00100 | मंजूर अंसारी वगैरह पिता–स्व0 इसराईल अंसारी | उ0 सेराजुदीन अंसारी द0 सेराजुदीन अंसारी पू0 नीज प0 नीज |
| 27 | 03 | 73 | रैयती | – | 0.02200 | मो0 जान अंसारी पिता–स्व0 कुर्बान अंसारी | उ0 सलामत अंसारी द0 रास्ता पू0 रास्ता प0 नीज |
| 28 | 18 | 108 | रैयती | – | 0.01700 | रतनी कुंवर पति–स्व0 बंधु सिंह | उ0 रास्ता द0 करिमण साव पू0 रास्ता प0 नीज |
| 29 | 18 | 108 | रैयती | – | 0.02220 | विन्देश्वरी साव पिता–स्व0 मुदुर साव | उ0 रामदेव सिंह द0 करीमण साव पू0 रास्ता प0 नीज |
| 30 | 18 | 108 | रैयती | – | 0.01000 | करीमण साव पिता–स्व0 बली साव | उ0 विन्देश्वरी साव द0 हरिहर साव पू0 रास्ता प0 नीज |
| 31 | 18 | 108 | रैयती | – | 0.01420 | हरिहर साव पिता–स्व0 बली साव | उ0 करीमण साव द0 दशरथ साव पू0 रास्ता प0 नीज |
| 32 | 18 | 108 | रैयती | – | 0.02340 | दशरथ साव पिता–स्व0 जगदीश साव | उ0 हरिहर साव द0 राजकुमार सिंह पू0 रास्ता प0 नीज |
| 33 | 18 | 108 | रैयती | – | 0.01650 | राजकुमार सिंह पिता–स्व0 मोधन सिंह | उ0 दशरथ साव द0 मुरारी सिंह पू0 रास्ता प0 नीज |
| 34 | 18 | 108 | रैयती | – | 0.01650 | मुरारी सिंह पिता–स्व0 मोधन सिंह | उ0 राज सिंह वगैं0 द0 राजदेव सिंह पू0 रास्ता प0 नीज |
| 35 | 18 | 108 | रैयती | – | 0.02560 | राजदेव सिंह पिता–स्व0 कपिल सिंह | उ0 मुरारी सिंह द0 रामचन्द्र सिंह पू0 रास्ता प0 नीज |
| 36 | 18 | 108 | रैयती | – | 0.01400 | रामचन्द्र सिंह पिता–स्व0 नान्हु सिंह | उ0 रास्ता द0 सुरेन्द्र सिंह पू0 रास्ता प0 नीज |
| 37 | 18 | 108 | रैयती | – | 0.00660 | सुरेन्द्र सिंह पिता–स्व0 नान्हु सिंह | उ0 रास्ता द0 राजेदव सिंह पू0 रास्ता प0 नीज |
| 38 | 18 | 108 | रैयती | – | 0.03000 | राजदेव सिंह पिता–स्व0 कपिल सिंह | उ0 सुरेन्द्र सिंह द0 पचु शेख पू0 रास्ता प0 नीज |
| 39 | 66 | 621 | रैयती | – | 0.01580 | पचु सेख वगैरह पिता–स्व0 जई सेख | उ0 अलिजान सेख द0 अली हुसैन अंसारी पू0 रास्ता प0 नीज |
| 40 | 66 | 621 | रैयती | – | 0.00650 | अली हुसैन अंसारी पिता–स्व0 नवीजान अंसारी | उ0 पच्चु सेख द0 विन्देश्वरी साव पू0 रास्ता प0 नीज |
| 41 | 66 | 621 | रैयती | – | 0.01780 | विन्देश्वरी साव पिता–स्व0 मुदुर साव | उ0 अली हुसैन अंसारी द0 पच्चु सेख पू0 रास्ता प0 नीज |
| 42 | 66 | 621 | रैयती | – | 0.00510 | नवीजान अंसारी पिता–जुमन सेख | उ0 विन्देश्वरी साव द0 पच्चु सेख वगैं0 पू0 रास्ता प0 नीज |
| 43 | 66 | 621 | रैयती | – | 0.01280 | पच्चु शेख वगैरह पिता–स्व0 जई सेख | उ0 नवीजान सेख द0 रामवृक्ष विश्वकर्मा पू0 रास्ता प0 नीज |
| 44 | 16 | 636 | रैयती | – | 0.04000 | केदार महतो वगैं0 पिता–स्व0 बेलास महतो | उ0 करीमन साव द0 नीज पू0 रास्ता प0 नीज |
| 45 | 56 | 653 | रैयती | – | 0.19100 | रामचन्द्र महतो वगैं0 पिता–स्व0 मथुरा महतो उर्फ मुनारिक महतो | उ0 जलिल अंसारी द0 नाला पू0 नीज प0 रास्ता |
| 46 | 44 | 676 | रैयती | – | 0.17400 | ललन सिंह पिता–स्व0 बबन सिंह | उ0 नाला द0 सीवाना नवाडीह पू0 नीज प0 रास्ता |
| 47 | 16 | 655 | रैयती | – | 0.03600 | जलील अंसारी पिता–स्व0 नाजीर अंसारी | उ0 केदार महतो द0 रामचन्द्र महतो वगैं0 पू0 नीज प0 रास्ता |
| 48 | 16 | 655 | रैयती | – | 0.03600 | केदार महतो पिता–स्व0 बेलास महतो | उ0 बैजनाथ सिंह द0 जलील अंसारी पू0 नीज प0 रास्ता |
| 49 | 20 | 657 | रैयती | – | 0.05300 | बैजनाथ सिंह पिता–स्व0 लगन सिंह | उ0 रास्ता द0 केदार महतो पू0 नीज प0 रास्ता |
| 50 | 66 | 593 | रैयती | – | 0.02300 | पच्चु सेख वगैरह पिता–स्व0 जई सेख | उ0 प्लॉट 592 द0 रास्ता पू0 नीज प0 रास्ता |
| 51 | 66 | 592 | रैयती | – | 0.00800 | फजिल अंसारी वगै0 पिता–स्व0 नाजीर अंसारी | उ0 विन्देश्वरी साव द0 नीज पू0 नीज प0 रास्ता |
| 52 | 66 | 590 | रैयती | – | 0.01360 | विन्देश्वरी साव पिता–स्व0 मुदुर साव | उ0 अली हुसैन अंसारी द0 फजिल अंसारी पू0 नीज प0 रास्ता |
| 53 | 66 | 590 | रैयती | – | 0.00750 | अली हुसैन अंसारी पिता–स्व0 नवीजान अंसारी | उ0 फजील अंसारी द0 विदेश्वरी साव पू0 नीज प0 रास्ता |
| 54 | 66 | 590 | रैयती | – | 0.01090 | पच्चु सेख वगैरह पिता–स्व0 जई सेख | उ0 नीज द0 अली हुसैन अंसारी पू0 नीज प0 रास्ता |
| 55 | 66 | 588 | रैयती | – | 0.01600 | अजमुदीन अंसारी पिता–हफीज सेख | उ0 पच्चु सेख व0 द0 फजील अंसारी पू0 नीज प0 रास्ता |
| 56 | 66 | 588 | रैयती | – | 0.01890 | इम्तेयाज अंसारी पिता–फजील अंसारी | उ0 खलील अंसारी पू0 नीज द0 अजमुदीन अंसारी प0 रास्ता |
| 57 | 66 | 588 | रैयती | – | 0.01700 | खलील अंसारी पिता–स्व0 नाजीर सेख | उ0 अजबुदीन अंसारी पू0 नीज द0 इम्तेयाज अंसारी प0 रास्ता |
| 58 | 66 | 588 | रैयती | – | 0.00810 | अजबुदीन अंसारी पिता–स्व0 नाजीर सेख | उ0 हफीज अंसारी पू0 नीज द0 खलील अंसारी प0 रास्ता |
| 59 | 66 | 585 | रैयती | – | 0.00310 | हफीज अंसारी पिता–स्व0 जई शेख | उ0 अदरूदीन अंसारी पू0 नीज द0 अजमुदीन अंसारी प0 रास्ता |
| 60 | 66 | 585 | रैयती | – | 0.00750 | अदरूदीन अंसारी पिता–हफीज सेख | उ0 रूसतम अंसारी द0 हफीज सेख पू0 नीज प0 रास्ता |
| 61 | 66 | 585 | रैयती | – | 0.00860 | रूसतम अंसारी पिता–हफीज सेख | उ0 शेरमोहम्मद अंसारी पू0 नीज द0 अदरूदीन अंसारी प0 रास्ता |
| 62 | 66 | 585 | रैयती | – | 0.01280 | शेर मोहम्मद अंसारी पिता–स्व0 नाजीर सेख | उ0 रास्ता द0 रूसतम अंसारी पू0 नीज प0 रास्ता |
| 63 | 66 | 115 | रैयती | – | 0.03900 | अमीरूदीन अंसारी पिता–हफीज अंसारी | उ0 नीज द0 रास्ता पू0 नीज प0 रास्ता |
| 64 | 66 | 116 | रैयती | – | 0.00560 | फजिल अंसारी वगै0 पिता–स्व0 नाजीर अंसारी | उ0 अली हुसैन अंसारी पू0 नीज द0 अमिरूदीन अंसारी प0 रास्ता |
| 65 | 66 | 116 | रैयती | – | 0.00540 | अली हुसैन अंसारी पिता–नवीजान अंसारी | उ0 विदेवश्वरी साव पू0 नीज द0 फजील अंसारी प0 रास्ता |
| 66 | 66 | 116 | रैयती | – | 0.01000 | विन्देश्वरी साव पिता–स्व0 मुदुर साव | उ0 फजील अंसारी पू0 नीज द0 अली हुसैन अंसारी प0 रास्ता |
| 67 | 66 | 116 | रैयती | – | 0.01000 | फजिल अंसारी वगै0 पिता–स्व0 नाजीर अंसारी | उ0 रास्ता द0 अली हुसैन अंसारी पू0 नीज प0 रास्ता |
| 68 | 66 | 118 | रैयती | – | 0.01300 | फजिल अंसारी वगै0 पिता–स्व0 नाजीर अंसारी | उ0 हरिह साव द0 रास्ता पू0 नीज प0 नाला |
| 69 | 66 | 118 | रैयती | – | 0.00480 | हरिहर साव पिता–स्व0 बली साव | उ0 विन्देश्वरी साव पू0 नीज द0 फजील अंसारी वगै0 प0 रास्ता |
| 70 | 66 | 118 | रैयती | – | 0.01120 | विन्देश्वरी साव पिता–स्व0 मुदुर साव | उ0 राजेदव सिंह द0 हरिहर साव पू0 नीज प0 रास्ता |
| 71 | 18 | 123 | रैयती | – | 0.02700 | राजदेव सिंह पिता–स्व0 कपिल सिंह | उ0 मुरारी सिंह द0 विंदेश्वरी साव पू0 नीज प0 रास्ता |
| 72 | 18 | 123 | रैयती | – | 0.05000 | मुरारी सिह पिता–स्व0 नाथुन सिंह | उ0 नीज द0 विंदेश्वरी साव पू0 नीज प0 रास्ता |
| 73 | 03 | 133 | रैयती | – | 0.00100 | अमिरूदीन अंसारी पिता–स्व0 कुर्बान अंसारी | उ0 नीज द0 नूरजहां बीबी पू0 नीज प0 रास्ता |
| 74 | 03 | 133 | रैयती | – | 0.00250 | ईमामुल अंसारी पिता–स्व0 सकुर अंसारी | उ0 नूरजहां बीबी पू0 नीज द0 अमिरूदीन अंसारी प0 रास्ता |
| 75 | 03 | 133 | रैयती | – | 0.00250 | नूरजहां बीबी पति–नेजाम अंसारी | उ0 नीज द0 इमामुल अंसारी पू0 नीज प0 रास्ता |
| 76 | 03 | 143 | रैयती | – | 0.03400 | नूरजहां बीबी पति–नेजाम अंसारी | उ0 नीज द0 नीज पू0 नीज प0 रास्ता |
| 77 | 03 | 144 | रैयती | – | 0.02300 | नूरजहां बीबी पति–नेजाम अंसारी | उ0 नीज द0 नीज पू0 नीज प0 रास्ता |
| 78 | 23 | 28 | रैयती | – | 0.00300 | मो0 हुसैन अंसारी पिता–स्व0 सलामत अंसारी | उ0 नीज द0 नीज पू0 नीज प0 रास्ता |
| 79 | 63 | 26 | रैयती | – | 0.00800 | मो0 हुसैन अंसारी पिता–स्व0 सलामत अंसारी | उ0 अली हुसैन अंसारी द0 नीज पू0 नीज प0 रास्ता |
| 80 | 63 | 26 | रैयती | – | 0.00800 | अली हुसैन अंसारी पिता–स्व0 ताहिर अंसारी | उ0 नीज द0 मो0 हुसैन अंसारी पू0 नीज प0 रास्ता |
| 81 | 73 | 25 | रैयती | – | 0.00700 | सरस्वती कुंवर पति–स्व0 दुखन ठाकुर | उ0 रास्ता द0 अली हुसैन अंसारी पू0 नीज प0 रास्ता |
| 82 | 10 | 13 | रैयती | – | 0.04400 | यासीन अंसारी व याकुब अंसारी पिता–स्व0 फजील अंसारी | उ0 ताजुदीन अंसारी द0 रास्ता पू0 नीज प0 रास्ता |
| 83 | 03 | 12 | रैयती | – | 0.01400 | ताजुदीन अंसारी पिता–स्व0 रहीमत अंसारी | उ0 मनोज प्रजापति द0 यासीन अंसारी पू0 नीज प0 रास्ता |
| 84 | 03 | 11 | रैयती | – | 0.01200 | मनोज प्रजापति पिता–स्व0 सीताराम प्रजापति | उ0 भोला प्रजापति पू0 नीज द0 ताजुदीन अंसारी प0 रास्ता |
| 85 | 58 | 9 | रैयती | – | 0.00600 | भोला प्रजापति पिता–स्व0 बहुरन प्रजापति | उ0 रामचन्द्र प्रजापति पू0 नीज द0 मनोज प्रजापति प0 रास्ता |
| 86 | 58 | 9 | रैयती | – | 0.00600 | रामचन्द्र प्रजापति पिता–स्व0 बहुरन प्रजापति | उ0 विश्वनाथ प्रजापति पू0 नीज द0 भोला प्रजापति प0 रास्ता |
| 87 | 58 | 9 | रैयती | – | 0.00600 | विश्वनाथ प्रजापति पिता–स्व0 बहुरन प्रजापति | उ0 दशरथ प्रजापति पू0 नीज द0 रामचन्द्र प्रजापति प0 रास्ता |
| 88 | 58 | 9 | रैयती | – | 0.00600 | दशरथ प्रजापति पिता–स्व0 बहुरन प्रजापति | उ0 राजेन्द्र विश्वकर्मा पू0 नीज द0 विश्वनाथ प्रजापति प0 रास्ता |
| 89 | 53 | 7 | रैयती | – | 0.00550 | युसुफ अंसारी व ऐनुल अंसारी पिता–स्व0 फुजील मियां | उ0 रास्ता द0 नीज पू0 सरफुदीन अंसारी प0 नीज |
| 90 | 53 | 7 | रैयती | – | 0.00650 | सरफुदीन अंसारी पिता–स्व0 गफुर अंसारी | उ0 रास्ता द0 नीज पू0 नीज प0 युसुफ अंसारी |
| 91 | 50 | 328 | रैयती | – | 0.01600 | हरिहर विश्वकर्मा पिता–स्व0 वृक्ष विश्वकर्मा | उ0 रास्ता द0 नीज पू0 संजय विश्वकर्मा प0 प्लॉट 07 |
| 92 | 50 | 328 | रैयती | – | 0.00600 | संजय विश्वकर्मा पिता–स्व0 रामदेव विश्वकर्मा | उ0 रास्ता पू0 शम्भु विश्वकर्मा प0 हरिहर विश्वकर्मा द0 नीज |
| 93 | 03 | 329 | रैयती | – | 0.00200 | रसीद अंसारी पिता–हफिज अंसारी | उ0 रास्ता द0 नीज पू0 दीपक मेहता प0 शम्भु विश्वकर्मा |
| 94 | 03 | 329 | रैयती | – | 0.00100 | दीपक मेहता व अनुज मेहता पिता–स्व0 सुरेश मेहता | उ0 रास्ता द0 नीज पू0 रसीद अंसारी प0 नीज |
| 95 | 58 | 331 | रैयती | – | 0.01200 | डोमन साव पिता–स्व0 सुखी साव | उ0 रास्ता द0 नीज पू0 रसीद अंसारी प0 दीपक मेहता वगैं0 |
| 96 | 58 | 331 | रैयती | – | 0.00300 | सेरा बानो बीबी पति–रसीद अंसारी | उ0 रास्ता पू0 अलि मोहम्मद अंसारी प0 डोमन साव द0 नीज |
| 97 | 37 | 333 | रैयती | – | 0.01000 | अलि मोहम्मद अंसारी व नूर मोहम्मद अंसारी व हदिश अंसारी पिता–स्व0 सेखावत अली | उ0 रास्ता द0 नीज पू0 नीज प0 शेरा बानो बीबी |
| 98 | 37 | 340 | रैयती | – | 0.03700 | मोजाबर अली पिता–स्व0 रहमान अंसारी | उ0 रास्ता द0 नीज पू0 असरफ अंसारी प0 ऐनुल अंसारी |
| 99 | 37 | 340 | रैयती | – | 0.02300 | असरफ अंसारी पिता–स्व0 समसुदीन अंसारी | उ0 रास्ता द0 नीज पू0 मंसूर अंसारी प0 मोजावर अंसारी |
| 100 | 50 | 341 | रैयती | – | 0.03350 | मंसुर अंसारी पिता–हफीज मियां | उ0 रास्ता द0 नीज पू0 कलाम अंसारी प0 असरफ अंसारी |
| 101 | 50 | 341 | रैयती | – | 0.03150 | कलाम अंसारी पिता–हफिज मियां | उ0 रास्ता द0 नीज पू0 इसहाक अंसारी प0 मंसुर अंसारी |
| 102 | 37 | 344 | रैयती | – | 0.02900 | मोजावर अली पिता–स्व0 रहमान शेख | उ0 रास्ता द0 नीज पू0 गणेश महतो प0 नवीजान अंसारी |
| 103 | 37 | 344 | रैयती | – | 0.00850 | गणेश महतो पिता–स्व0 शिव महतो | उ0 रास्ता द0 नीज पू0 सरयु महतो प0 मोजावर अली |
| 104 | 37 | 344 | रैयती | – | 0.01700 | सरयू महतो पिता–स्व0 शिव महतो | उ0 रास्ता द0 नीज पू0 मंसूर अंसारी प0 गणेश महतो |
| 105 | 37 | 344 | रैयती | – | 0.00650 | मंसुर अंसारी पिता–हफीज मियां | उ0 रास्ता द0 नीज पू0 कलाम अंसारी प0 सरयू महतो |
| 106 | 56 | 349 | रैयती | – | 0.00600 | रसीद अंसारी पिता–हफिज अंसारी | उ0 रास्ता द0 नीज पू0 सुदामा ठाकुर प0 मंसुर अंसारी |
| 107 | 56 | 349 | रैयती | – | 0.01500 | रामचन्द्र महतो पिता–स्व0 मुन्द्रिका महतो उर्फ मथुरा महतो | उ0 रास्ता द0 नीज पू0 जितेन्द्र महतो प0 नीज |
| 108 | 56 | 349 | रैयती | – | 0.01500 | जितेन्द्र महतो पिता–स्व0 मुन्द्रिका महतो उर्फ मथुरा महतो | उ0 रास्ता द0 नीज पू0 बैजनाथ सिंह प0 रामचन्द्र महतो |
| 109 | 38 | 346 | रैयती | – | 0.06400 | गिरवर ठाकुर पिता–स्व0 रघुनन्दन ठाकुर | उ0 रास्ता द0 नीज पू0 रामचन्द्र महतो प0 रसीद अंसारी |
| 110 | 34 | 350 | रैयती | – | 0.01900 | बैजनाथ सिंह पिता–स्व0 लगन सिंह | उ0 रास्ता द0 नीज पू0 रास्ता प0 रामचन्द्र महतो |
| 111 | 63 | 926 | रैयती | – | 0.01000 | अलमुदीन अंसारी व वाजुदीन अंसारी पिता–स्व0 पहलु मियां | उ0 नीज द0 नीज पू0 नीज प0 रास्ता |
| 112 | 23 | 917 | रैयती | – | 0.06200 | मो0 हुसैन अंसारी पिता–स्व0 सलामत अंसारी | उ0 नीज द0 रास्ता पू0 नीज प0 महमुदीन अंसारी |
| 113 | 23 | 917 | रैयती | – | 0.03300 | महमुदीन अंसारी पिता–स्व0 सेलट अंसारी | उ0 नीज द0 रास्ता पू0 समीम अंसारी प0 मो0 हुसैन अंसारी |
| 114 | 23 | 917 | रैयती | – | 0.01500 | समीम अंसारी पिता–स्व0 इसराईल अंसारी | उ0 नीज द0 रास्ता पू0 रास्ता प0 महमुदीन अंसारी |
| 115 | 23 | 917 | रैयती | – | 0.00700 | समीम अंसारी पिता–स्व0 इसराईल अंसारी | उ0 नीज द0 रास्ता पू0 रास्ता प0 महमुदीन अंसारी |
| 116 | 23 | 917 | रैयती | – | 0.01600 | महमदीन अंसारी व खुशबुदीन अंसारी व वाजुदीन अंसारी पिता–स्व0 सेलट अंसारी | उ0 खुशबुदन अंसारी पू0 रास्ता द0 समीम अंसारी प0 सलामत मियां |
| 117 | 23 | 916 | रैयती | – | 0.14400 | समीम अंसारी पिता–स्व0 इसराईल अंसारी | उ0 नीज द0 रास्ता पू0 नीज प0 रास्ता |
| 118 | 05 | 907 | रैयती | – | 0.01200 | ऐनुल अंसारी पिता–स्व0 हबिब अंसारी | उ0 रास्ता द0 नीज पू0 नीज प0 पिण्ड |
| 119 | 05 | 910 | रैयती | – | 0.08100 | ऐनुल अंसारी पिता–स्व0 हबिब अंसारी | उ0 रास्ता द0 नीज पू0 नीज प0 नीज |
| 120 | 06 | 945 | रैयती | – | 0.00700 | हाफिज अंसारी व हासिन अंसारी व रहीस अंसारी पिता–स्व0 मोस्तकिम अंसारी व नजबुदीन अंसारी व ताजुदीन अंसारी व असलम अंसारी पिता–स्व0 कदम रसूल अंसारी व मैनुदीन अंसारी व मुस्लीम अंसारी व मुबारक अंसारी पिता–स्व0 जुमराती अंसारी व हदिस अंसारी व अलिमोहम्मद अंसारी व नूर मोहम्मद अंसारी पिता–स्व0 शेखावत अंसारी | उ0 प्लॉट 944 द0 प्लॉट 962 पू0 नीज प0 रास्ता |
| 121 | 03 | 921 | रैयती | – | 0.04700 | मोहम्मद जान अंसारी वगैं0 पिता–स्व0 कुर्बान अंसारी | उ0 चन्दन मेहता द0 वाजुदीन अंसारी पू0 रास्ता प0 नीज |
| 122 | 03 | 921 | रैयती | – | 0.02600 | चन्दन मेहता पिता–नन्दलाल प्रसाद मेहता | उ0 इमामुदीन अंसारी द0 मोहम्मद जान अंसारी पू0 रास्ता प0 नीज |
| 123 | 03 | 921 | रैयती | – | 0.02000 | इमामुलहक अंसारी व इमामुदीन अंसारी पिता–स्व0 सकुर अंसारी | उ0 जैनुल अंसारी द0 चन्दन मेहता पू0 रास्ता प0 नीज |
| 124 | 03 | 944 | रैयती | – | 0.01250 | ईमामुदीन अंसारी पिता–सकुर मियां | उ0 नीज द0 इमामुदीन अंसारी पू0 नीजए प0 रास्ता |
| 125 | 03 | 944 | रैयती | – | 0.03000 | ईमामुदीन अंसारी पिता–सकुर मियां | उ0 ईमामुदीन अंसारी पू0 नीज द0 अखिलेश साव प0 रास्ता |
| 126 | 03 | 944 | रैयती | – | 0.02400 | अखिलेश साव पिता–झरी साव | उ0 ईमामुदीन अंसारी पू0 नीज द0 महमजान अंसारी प0 रास्ता |
| 127 | 03 | 944 | रैयती | – | 0.02750 | महमजान अंसारी पिता–स्व0 कुर्बान अंसारी | उ0 अखिलेश साव द0 कृष्णा साव पू0 नीज प0 रास्ता |
| 128 | 03 | 944 | रैयती | – | 0.01800 | कृष्णा साव पिता–स्व0 पच्चु साव | उ0 महमजान अंसारी द0 संजय साव पू0 नीज प0 रास्ता |
| 129 | 03 | 944 | रैयती | – | 0.01900 | संजय साव वगैं0 पिता–मथुरा साव | उ0 कृष्णा साव पू0 नीज द0 मदरसा का जमीन प0 रास्ता |
| 130 | 03 | 944 | रैयती | – | 0.02000 | मदरसा का भूमि अमिरूदीन अंसारी पिता–स्व0 कुर्बान असांरी | उ0 संजय साव द0 प्लॉट 944 पू0 नीज रास्ता |
| 131 | 71 | 01 | रैयती | – | 0.00300 | अज्ञात | उ0 रास्ता द0 रास्ता पू0 रास्ता प0 कर्बलाह की भूमि |
| 132 | 09 | 410 | रैयती | – | 0.00100 | अज्ञात | उ0 रास्ता पू0 रामनाथ चन्द्रवंशी प0 प्लॉट 404 द0 नीज |
| | | | | कुल :– | 2.58800 | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम,2013 (अधिनियम संख्या 30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा और उनके अमीन श्री फैजुल्लाह अंसारी को प्राधिकृत करता हूँ।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

उपायुक्त,
गढ़वा

PR 346149 Land Reforms (24-25)_D




# पीएम मोदी फ्रांस और अमेरिका दौरा के लिए रवाना, मैक्रों और ट्रंप से करेंगे मुलाकात



## अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे

पीएम मोदी 12 से 14 फरवरी तक दो दिवसीय कार्य यात्रा पर अमेरिका जाएंगे। इस यात्रा के दौरान वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। वह व्यापारिक नेताओं और भारतीय समुदाय के सदस्यों से बातचीत करेंगे। पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा अमेरिका से 100 से अधिक भारतीयों को 'अमानवीय' तरीके से वापस भेजे जाने के मामले पर राजनीतिक विवाद के बीच हो रही है। पिछले सप्ताह एक विशेष ब्रीफिंग में विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा इस 'महत्वपूर्ण साझेदारी' को और दिशा व गति प्रदान करेगी। विदेश सचिव ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के शपथ ग्रहण के कुछ सप्ताह बाद उनके निमंत्रण पर पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा 'भारत-अमेरिका साझेदारी के महत्व और अमेरिका में इस साझेदारी को मिल रहे द्विदलीय समर्थन को भी दर्शाती है।

**12 फरवरी को दोनों नेता मार्सिले शहर का दौरा करेंगे और वहां भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करेंगे**

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को फ्रांस और अमेरिका दौरे के लिए रवाना हो गए। वह पेरिस में एआई एक्शन समिट में हिस्सा लेंगे। पीएम मोदी फ्रांस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और अमेरिका में प्रेसिडेंट डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए एक्स पर लिखा, "अगले कुछ दिनों में मैं विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने के लिए फ्रांस और अमेरिका में रहूंगा। फ्रांस में मैं एआई एक्शन समिट में हिस्सा लूंगा, जहां भारत सह-अध्यक्ष है। मैं भारत-फ्रांस संबंधों को मजबूत करने के लिए राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ बातचीत करूंगा। हम वहां वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करने के लिए मार्सिले भी जाएंगे। पीएम मोदी ने कहा, "वाशिंगटन डीसी में, मैं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मिलने के लिए उत्सुक हूं। यह यात्रा भारत-अमेरिका की दोस्ती को मजबूत करेगी और विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ावा देगी। मुझे प्रेसिडेंट ट्रंप के साथ उनके पहले कार्यकाल के दौरान काम करना अच्छी तरह याद है। मुझे यकीन है कि हमारी बातचीत उस समय की गई चर्चाओं पर आधारित होगी। यात्रा के पहले चरण में पीएम मोदी 10 फरवरी (सोमवार) से 12 फरवरी तक फ्रांस में रहेंगे। वह 10 फरवरी को पेरिस पहुंचेंगे। शाम को राष्ट्रपति मैक्रों की ओर से एलिसी पैलेस में सरकार और राष्ट्राध्यक्षों के सम्मान में आयोजित डिनर में शामिल होंगे।

डिनर में तकनीकी क्षेत्र के कई सीईओ और शिखर सम्मेलन में आमंत्रित अन्य कई गणमान्य व्यक्तियों के भी शामिल होने की संभावना है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अगले दिन 11 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति मैक्रों के साथ एआई एक्शन शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे। 12 फरवरी को दोनों नेता मार्सिले शहर का दौरा करेंगे और वहां भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करेंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी के पेरिस पहुंचने से पहले राष्ट्रपति मैक्रों ने बांधे भारत की तारीफों के पुल




**पेरिस (आईएएनएस)।**

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि वह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'तकनीकी संप्रभुता' के लिए प्रयास करेंगे। उनका यह बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फ्रांस दौरे से पहले आया। पीएम मोदी पेरिस में एआई शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। एक वेबसाइट को दिए इंटरव्यू में मैक्रों ने कहा, "मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ हमारा भी दृढ़ विश्वास है कि भारत और फ्रांस दो महान शक्तियां हैं और हमारे बीच विशेष संबंध हैं। हम अमेरिका का सम्मान करते हैं और उसके साथ काम करना चाहते हैं, हम चीन के साथ भी काम करना चाहते हैं, लेकिन किसी पर निर्भर नहीं रहना चाहते हैं। फ्रेंच राष्ट्रपति ने कहा, "भारत और फ्रांस अग्रणी हैं लेकिन अमेरिका और चीन हमसे बहुत आगे हैं। हम एआई पर एक साथ काम करना चाहते हैं। पीएम मोदी भी नई टेक्नोलॉजी का फायदा उठाना चाहते हैं। लेकिन वह चाहते हैं कि यह भारत में भी हो। मैक्रों ने भारत की तारीफ करते हुए कहा कि भारत अकेला हर साल 10 लाख इंजीनियर तैयार करता है जो यूरोप और अमेरिका से ज्यादा हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को फ्रांस और अमेरिका दौरे के लिए रवाना हो गए। यात्रा के पहले चरण में पीएम मोदी 10 फरवरी (सोमवार) से 12 फरवरी तक फ्रांस में रहेंगे। वह 10 फरवरी को पेरिस पहुंचेंगे। शाम को राष्ट्रपति मैक्रों की ओर से एलिसी पैलेस में सरकार और राष्ट्राध्यक्षों के सम्मान में आयोजित डिनर में शामिल होंगे। डिनर में तकनीकी क्षेत्र के कई सीईओ और शिखर सम्मेलन में आमंत्रित अन्य कई गणमान्य व्यक्तियों के भी शामिल होने की संभावना है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अगले दिन 11 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति मैक्रों के साथ एआई एक्शन शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे। 12 फरवरी को दोनों नेता मार्सिले शहर का दौरा करेंगे और वहां भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करेंगे।

## विजयलक्ष्मी नगर में अवैध इमारतों पर चला बुलडोजर, बेघर हुए लोगों ने उठाए सवाल

**मुंबई (आईएएनएस)।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के नालासोपारा पूर्व में स्थित विजयलक्ष्मी नगर में कोर्ट के आदेश के बाद अवैध इमारतों पर बुलडोजर की कार्रवाई जारी है। 41 अवैध इमारतों में से 20 इमारतों को तोड़ा जा चुका है, जबकि 21 इमारतों पर कार्रवाई होना बाकी है। इस कार्रवाई के बाद इन बिल्डिंगों में रहने वाले लोगों में काफी नाराजगी है। उन्होंने बुलडोजर कार्रवाई को लेकर प्रशासन से सवाल पूछा है। स्थानीय महिला ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, "मेरे घर को तोड़ दिया गया है और अब मैं बेघर हो गई हूं। मैं बीमार हूं और ऐसी हालत में कहा जाऊंगी। प्रशासन को इस बात का जवाब देना चाहिए।" बता दें कि डंपिंग ग्राउंड और एसटीपी प्लांट के लिए आरक्षित जमीन पर बनी 41 अवैध इमारतों पर वसई विरार शहर महानगरपालिका द्वारा बुलडोजर कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के आदेश पर हो रही है।

## फिलिस्तीनियों को उनकी जमीन से हटाने की ताकत किसी के पास नहीं : तुर्की राष्ट्रपति

**इस्तांबुल (आईएएनएस)।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने कहा कि कोई भी ताकत फिलिस्तीनियों



को उनकी मातृभूमि से बेदखल करने की ताकत नहीं रखती। एर्दोगन ने एशिया के तीन देशों के दौरे पर जाने से पहले रविवार को अतातुर्क एयर पोर्ट पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, "कोई भी ताकत गाजावासियों को उनकी प्राचीन मातृभूमि से बाहर नहीं कर सकती। गाजा, पश्चिमी तट और पूर्वी यरुशलम सभी फिलिस्तीनियों के हैं। एर्दोगन ने कहा, "इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम समझौते के बावजूद हम देख रहे हैं कि इजरायली सरकार के पास और भी खतरनाक योजनाएं हैं।" उन्होंने कहा, "जायोनी लॉबी के दबाव में गाजा के मुद्दे पर नए अमेरिकी प्रशासन के सुझाव हमारे लिए कोई महत्व नहीं रखते।

### रक्षा मंत्री ने बेंगलुरु में किया एशिया के सबसे बड़े एयरो इंडिया शो का शुभारंभ

# पीएम के नेतृत्व में रक्षा क्षेत्र में दुनिया में मजबूत हुआ भारत : संजय सेठ

**90 देश के साथ 900 से ज्यादा प्रदर्शक हो रहे शामिल**

- **सवा लाख करोड़ के रिकॉर्ड पर पहुंचा घरेलू रक्षा उत्पाद**

**एजेंसी । रांची/बेंगलुरु**

आज बेंगलुरु में एरो इंडिया शो का भव्य उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया। एशिया के सबसे बड़े इस एयर शो में दुनिया भर के 90 देश शामिल हो रहे हैं। इसके साथ ही रक्षा क्षेत्र से जुड़े दुनिया के 900 से ज्यादा प्रदर्शक इसमें अपनी भागीदारी निभाएंगे। इस शो में भारतीय सेना के द्वारा भी कई प्रदर्शनी की जाएगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, सीडीएस अनिल चौहान, वायु सेना प्रमुख अमरप्रीत सिंह, नौसेना प्रमुख श्री दिनेश कुमार त्रिपाठी, सेना प्रमुख उपेंद्र द्विवेदी सहित कई देशों के प्रतिनिधि, रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी और सैन्य क्षेत्र से जुड़ी गणमान्य हस्तियां मौजूद रही। इस आयोजन को लेकर रक्षा राज्यमंत्री श्री संजय सेठ ने कहा कि यह मेरे लिए भी गौरव की बात है कि रक्षा क्षेत्र से जुड़े इतने बड़े आयोजन में शामिल हो रहा हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में भारत ने रक्षा क्षेत्र को



आगे बढ़ाने और मजबूती प्रदान करने का जो संकल्प किया है, उसका सकारात्मक और शानदार परिणाम अब दुनिया भर में दिख रहा है। संजय सेठ ने कहा कि रक्षा मंत्रालय के द्वारा वर्ष 2025 को इयर्स ऑफ रिफॉर्म घोषित किया गया है।

यह सिर्फ घोषणा नहीं है, बल्कि यह रिफॉर्म के प्रति रक्षा मंत्रालय की प्रतिज्ञा और कर्मशीलता को भी दिखाता है। इसके लिए सिर्फ मंत्रालय के स्तर पर ही निर्णय नहीं लिए जा रहे हैं, बल्कि इसमें सैन्यबलों और रक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों सहित अन्य समूहों की समुचित भागीदारी है। इसे तेज़ी से आगे बढ़ाने के लिए रक्षा क्षेत्र से जुड़े सभी हितधारकों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। सबके सुझाव लिए जा रहे हैं। सेठ ने कहा कि रक्षा क्षेत्र को



आगे बढ़ाने और मजबूती प्रदान करने की मोदी सरकार की प्रतिबद्धता का परिणाम है कि भारत अब रक्षा क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ने वाला देश बन चुका है। घरेलू रक्षा उत्पादन में सवा लाख करोड़ से भी ज्यादा के रिकॉर्ड स्तर पर भारत पहुंच चुका है। भारत का रक्षा निर्यात 21000 करोड़ के रिकॉर्ड को पार कर चुका है। श्री सेठ ने कहा कि पिछले एयरो इंडिया से लेकर अब तक, यानि सिर्फ 2 सालों में, हमने अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं। कई हाइ टेक्नोलॉजी के उत्पाद, जैसे एस्ट्रा मिसाइल, नई पीढ़ी की आकाश मिसाइल, स्वायत्त पानी के नीचे वाहन, मानव रहित सतह पोत, पिनाका गाइडेड रॉकेट, जैसे कई उपकरण भारत में बनाए जा रहे हैं।

## इराकी राष्ट्रपति रशीद ने प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री पर दायर किया केस

- **कुर्दिस्तान के सरकारी कर्मियों को वेतन नहीं दिए जाने को लेकर किया गया है केस**

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** क्या किसी देश का राष्ट्रपति अपने ही देश के प्रधानमंत्री व वित्त मंत्री के विरुद्ध मुकदमा करेगा? यह हुआ है इराक में। इराकी राष्ट्रपति अब्दुल लतीफ रशीद ने प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी और वित्त मंत्री तैफ सामी पर कुर्दिस्तान के सरकारी कर्मचारियों को वेतन ना दिए जाने को लेकर केस किया है। रशीद खुद भी कुर्द हैं, उनका कहना है कि कुर्दिस्तान के कर्मचारियों को वेतन ना देकर परेशान किया जा रहा है। रशीद ने बीते माह सुदानी और सामी के खिलाफ मुकदमा किया है।

कुर्दिस्तान के सरकारी कर्मचारियों का कई महीने का वेतन बकाया है। जनवरी का वेतन प्रदर्शन के बाद सरकारी कर्मचारियों को मिला है, लेकिन दिसंबर का वेतन अभी भी रुका है। राष्ट्रपति की ओर से मुकदमा दायर किए जाने के बाद यह केस फिलहाल इराक के सुप्रीम कोर्ट में है। राष्ट्रपति ने अपनी अर्जी में मांग की है कि कुर्दिस्तान के कर्मियों का वेतन बिना रुकावट सुनिश्चित किया जाए। इसे बगदाद और अर्बिल के वित्तीय विवादों में ना उलझाया जाए। ये मामला इराक के राजनीतिक संकट को भी दिखाता है। विश्लेषकों का कहना है कि सुदानी और रशीद के बीच लंबे समय से मतभेद हैं, जो अब ज्यादा उभर गए हैं। कुर्दिस्तान के कर्मचारियों को वेतन ना मिलने का मुद्दा इराक में चर्चा में है। कर्मचारी अपने वेतन के लिए विरोध प्रदर्शन भी कर रहे हैं। हॉरी तौफीक ने बताया कि सुलेमानिया में बकाया वेतन को लेकर हो रहे विरोध प्रदर्शनों के कारण राष्ट्रपति की ओर से इस मुकदमे का खुलासा किया गया है। सुलेमानिया कुर्दिस्तान का दूसरा बड़ा शहर और राष्ट्रपति का घर है। सुलेमानिया में दो हफ्ते से धरना चल रहा है और 13 शिक्षक भूख हड़ताल पर हैं।

इराक की शीर्ष अदालत ने बीते साल संघीय सरकार को आदेश दिया था कि वह कुर्दिस्तान में क्षेत्रीय प्रशासन के बजाय सीधे सरकारी कर्मचारियों के वेतन का भुगतान करे। सुलेमानिया के कर्मचारी लंबे समय से यह मांग करते रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी समस्याओं के कारण भुगतान अनियमित रहा है। इसने कर्मचारियों के बीच नाराजगी को बढ़ाया है। राजनीतिक विश्लेषक अहसान अल शेमरी का कहना है कि यह मुकदमा रशीद और सुदानी के बीच तनाव को दिखाता है। इसी साल जनवरी में सुदानी ने रशीद के बेटे की कंपनी की जांच का आदेश दिया था। उनकी कंपनी पर भ्रष्टाचार का आरोप है। दूसरी ओर अब राष्ट्रपति ने भी पीएम और वित्त मंत्री पर केस कर दिया है।

# भारतीय संस्कृति में कोई अनेकता नहीं, संपूर्ण भारतवर्ष एक है : सोमदत्त शर्मा

- **भारतीय भाषाएं, परंपरा व लोक संस्कृति हमारे देश की संस्कृति का संगम : डॉ. गणेश चंद्र बास्की**
- **दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी चिति संवाद, साहित्य और कलाओं में चिति विमर्श का हुआ समापन**

**नवीन मेल संवाददाता**

## दूसरे दिन के प्रथम सत्र का संचालन सुनील बादल ने किया





**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ के राहुल सांकृत्यायन सुभारती स्कूल ऑफ लिंग्विस्टिक्स एंड फॉरेन लैंग्वेजिज (भाषा विभाग) तथा कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय एवं अखिल भारतीय राष्ट्रवादी लेखक संघ, दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में चल रही दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में दूसरे दिन देशभर से आए शिक्षाविदों व विद्वानों तथा लेखकों ने चिति संवाद, साहित्य और कलाओं में चिति विमर्श विषय पर अपने विचार रखें।

अखिल भारतीय राष्ट्रवादी लेखक संघ की ओर से दूसरे दिन के प्रथम सत्र का संचालन सुनील बादल ने किया। सत्र की अध्यक्षता कर रहे जंतु विज्ञान विभाग रांची विश्वविद्यालय झारखंड के अध्यक्ष डॉ. गणेश चंद्र बास्की ने कहा कि लोक संस्कृति गांवों, कस्बों और शहरों के रूप में होती है। सब की अपनी भाषा, रहन सहन, खान पान और परम्पराएं एक दूसरे से विभिन्न होने के साथ सब की एकता ही भारतीयता की पहचान है। उन्होंने कहा कि भाषाएं परम्परा व लोक संस्कृति हमारे देश की संस्कृति का संगम है। जनजाति साहित्य और संस्कृति के विशेषज्ञ डॉ. लक्ष्मीकांत चंदेला ने लोक समाज और लोक परंपराओं पर विस्तारपूर्वक अपना प्रकाश डाला। दिल्ली से प्रसिद्ध लेखिका और रंगकर्मी सविता शर्मा नागर ने भारत एक समाज लोक समाज और लोक परम्पराएं जैसे विषय को अपनाकर आज के समय से जोड़ते हुए नवीन विचारधाराए दी।

दूसरे सत्र में शोधार्थी भाषा विभाग प्रज्ञा शर्मा ने अतिथि परिचय एवं स्वागत भाषण दिया। इस सत्र का संचालन शिक्षाविद्, संस्कृति अध्येता एवं पूर्व प्रकाशन सलाहकार, केंद्रीय हिन्दी संस्थान, शिक्षा मंत्रालय,भारत सरकार के डॉ. स्वर्ण अनिल ने विभिन्न कथाओं के माध्यम से देश को एक सूत्र में जोड़ने वाले चिति तत्त्व का बोध कराया। डॉ प्रेम चंद्र न्यासी अखिल भारतीय राष्ट्रवादी लेखक संघ ने साहित्य में चित्रित तत्व स्वरूप और संवेदना का किस प्रकार समावेश होता है इस पर विस्तारपूर्वक अपने विचारों को संबोधित कर सभागार में उपस्थित सभी श्रोता को अपने विचारधारा से जोड़ दिया। अध्यक्ष, हिंदी विभाग, शाहिद मंगल पांडे राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मेरठ प्रो. सुधा रानी सिंह ने साहित्य में चिति का समावेश कैसे आया और किस प्रकार वह आज संपूर्ण साहित्य को अपने अंतर्गत समाहित किए है उस पर विस्तार सहित प्रकाश डाला।

सत्र की अध्यक्ष सुपरिचित लेखक, हैदराबाद तेलंगाना की डॉ. सुमन चौरे ने कहा कि जीवन के अनुभव, अगणित अनुसंधान और अनुकूलन की प्रक्रिया से संचरण के उपरांत ही किसी समाज या मानव समुदाय की 'चिति' का विकास होता है। तीसरे सत्र का आयोजन कला में चिति का स्वरूप के विषय पर हुआ। इस सत्र का संचालन प्रसिद्ध निर्माता निर्देशक अभिजीत कुमार द्वारा किया गया। प्रसिद्ध लोक चित्रकला कलाकार सुषमा सिटोके ने कलाओं में चिति का स्वरूप होता क्या है, इस पर विरोध विवेचन करते हुए कुशलता पूर्वक अपने विचारों को उद्बोधित कर सभागार में उपस्थित सभी श्रोतागणों के साथ तादात्म्य में स्थापित किया। रंगकर्मी और निर्माता निर्देशक राजेश अमरोही ने चिति का स्वरूप कलाओं में किस प्रकार अपने आप को समाहित किए हुए हैं इस पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रो. रचना विमल ने संपूर्ण सत्र की अध्यक्षता की।

## लोक साहित्य और लोक संस्कृति भारतीय समाज की संपदा : डॉ स्तुति

समापन सत्र में अतिथि परिचय एवं स्वागत शोधार्थी भाषा विभाग प्रज्ञा द्वारा किया गया। प्रतिवेदन प्रस्तुति भाषा विभाग से डॉ. आशीष कुमार द्वारा की गई। विशिष्ट उद्बोधन पद्म श्री डॉ. माधुरी बड़थ्वाल द्वारा दिया गया। इसके उपरांत विशिष्ट उद्बोधन अखिल भारतीय राष्ट्रवादी लेखक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सोमनाथ शर्मा द्वारा दिया गया। सह अध्यक्षता पद्मश्री विष्णु पांडे की रही। सुभारती विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ स्तुति नारायण कक्कड़ ने कहा कि लोक साहित्य और लोक संस्कृति भारतीय समाज की संपदा हैं। भारतीय संस्कृति में साहित्य एक महत्वपूर्ण अंग है, जो समाज की सामाजिक, धार्मिक और नैतिक विचारधाराओं को प्रकट करता है। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक एवं अध्यक्ष भाषा विभाग डॉ. सीमा शर्मा द्वारा किया गया। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में में लगभग 21 राज्यों के अतिथि गण उपस्थित रहे और 350 से अधिक प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रतिभाग किया। कला और सामाजिक विज्ञान संकाय के अध्यक्ष प्रो. सुधीर त्यागी, डॉ. सीमा शर्मा, प्रो राजेश्वर पाल डॉ. रफत खानम, डॉ. मनीषा लूथरा, डॉ. स्वाति, डॉ. यशपाल, डॉ. आशीष कुमार ह्यदीपांकरह्ण, डॉ. निशि राघव, डॉ. रणवीर सिंह, अंकित, सान्या अग्रवाल तथा इसी क्रम में भाषा विभाग के शोधार्थी, परास्नातक एवं स्नातक के समस्त छात्र-छात्राओं का कार्यक्रम सहयोग में विशेष योगदान रहा।